सूर्योदय : 5:14
सूर्यास्त : 6:52
अधिकतम तापमान : 40.7
न्यूनतम : 26.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-336 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 28 मई 2026
10 जिलहिज्जा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

सीमावर्ती जिलों में बनेगा सुरक्षा ग्रिड

■ बॉर्डर से 15 किमी तक अवैध निर्माण ध्वस्त करने के शाह ने दिए निर्देश

नई दिल्ली। गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सीमा से सटे 15 किलोमीटर के दायरे में सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। बीकानेर में उच्च स्तरीय बैठक में शाह ने भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे जिलों से जुड़े सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों और पांच जिलों बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर व फलौदी के डीएम और एसपी के साथ-साथ केंद्र के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के पहले अमित शाह ने सीमा पर स्थित चौकी का दौरा कर जमीनी स्थिति का आंकलन किया था।

बैठक में अमित शाह ने सीमा से सटे इलाकों में अवैध निर्माणों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को कड़ाई से पालन करने को कहा। बैठक में सभी सीमावर्ती जिलों में 360 डिग्री सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए स्थानीय नागरिकों, राज्य सरकार की मशीनरी और सभी सुरक्षा एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सीमा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए एकीकृत प्रयास किया जाएगा।

शाह ने कहा कि सीमा पर घुसपैठ, ड्रग्स की तस्करी, अतिक्रमण, आतंकी फंडिंग और सीमा पार से होने होने वाले अन्य अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए बीएसएफ, सीबीडीटी, एनसीबी और राज्य सरकार की मशीनरी को समन्वित तरीके से सीमा प्रबंधन की रणनीति अपनानी होगी।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों के त्वरित निवारण के लिए '1930' कॉल सेंटर के प्रभावी उपयोग किया जाए और तीनों नए आपराधिक कानूनों को पूरी तरह से लागू कर कानून प्रवर्तन व्यवस्था व न्यायिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करना जरूरी है।

राजस्थान के बाद अमित शाह शुक्रवार को गुजरात में सीमा का दौरा कर ताजा स्थिति की समीक्षा करेंगे और स्तानीय परिस्थितियों के अनुरूप सीमा को अभेद्य बनाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। उसके बाद पांच जून को अमित शाह का त्रिपुरा की सीमा और 15 जून के आसपास पश्चिम बंगाल की सीमा का दौरा करने का कार्यक्रम है।

सीमाओं को सुरक्षित बनाने में डीएम और एसपी की अहम भूमिका : गृह मंत्री

अमित शाह ने साफ किया कि सीमाओं को सुरक्षित बनाने में डीएम और एसपी की अहम भूमिका है। उन्होंने पांचों जिलों के डीएम सभी बैंकों में पूर्ण कानूनी और वित्तीय अनुपालन सुनिश्चित करने, प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का सत्यापन करने, उनके फंडिंग के स्रोतों की जांच करने और म्यूल खातों व शेल कंपनियों को ट्रेक करने, फर्जी आधार कार्डों की पहचान करने और तस्करी पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण करने को कहा।

निवेश सम्बन्धी परियोजनाओं में विलम्ब स्वीकार्य नहीं

■ परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए : मुख्यमंत्री

लखनऊ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट तक आवागमन के लिए प्राथमिक चरण में 110 इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 15 जून से प्रस्तावित उड़ान संचालन से पहले सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ किया जाए। ज्ञातव्य है कि जेवर अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के साथ ही, यात्रियों को आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारियां तेज हो गई है।

मुख्यमंत्री आज यहां 'स्टेट ट्रान्सफॉर्मेशन कमीशन' की चौथी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने 'सीएम समीक्षा' में शामिल परियोजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सेल गठित कर इन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के तेजी से विस्तार पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग 15.5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं तथा वर्ष 2030 तक 10 हजार चार्जिंग स्टेशन विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक लगभग 2,500 चार्जिंग स्टेशन संचालित हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगी। उन्होंने भूमि अधिग्रहण और विनिमय सम्बन्धी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए लगभग 55 प्रतिशत भूमि अर्जित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे, जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे और झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण जून माह के अन्त तक पूरा कर लिया जाए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेस-वे का एलाइनमेण्ट स्वीकृत हो चुका है तथा भूमि अधिग्रहण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश सम्बन्धी परियोजनाओं में अनावश्यक विलम्ब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने लम्बित मामलों के शीघ्र निस्तारण और निवेशकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।

सीएम ने ईद-उल-अज़हा पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-अज़हा के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जारी बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि ईद-उल-अज़हा का त्यौहार सभी को मिल-जुल कर रहने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान करता है।

सीबीएसई मार्किंग विवाद पर कांग्रेस का जोरदार हमला

■ मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पद से चिपके रहना शर्मनाक

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली में खामियों से शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसको लेकर विपक्ष लगातार पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साध रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने एक बार फिर सरकार पर तीखा हमला बोला है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मीडिया में आयी एक रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि इस रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सीबीएसई ने इस साल 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए नई ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली शुरू करने से पहले क्षेत्रीय कार्यालयों में महत्वाकांक्षी परियोजनाएं चलाने संबंधी अपने ही शासी निकाय के सदस्यों की राय को नजरअंदाज कर दिया था। राज्यसभा सांसद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अगर उनकी बात मानी गयी होती, तो लाखों छात्रों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकता था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शिक्षा मंत्री प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि दरअसल, शिक्षा मंत्रालय का अहंकार और समझदारी भरी सलाह को अनसुना करना कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह ऊपर से-खुद 'मंत्री प्रधान' की कार्यशैली से तय होने वाली नीति है।

पीएम से मिले तमिलनाडु के सीएम विजय

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद इस महीने की शुरुआत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद विजय की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, मुख्यमंत्री विजय गुरुवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात करेंगे।

राहुल के बाद अमेठी में स्मृति ईरानी की दस्तक, गरमाई सियासत

■ कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुईं

अमेठी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हालिया दौरे के बाद अब पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अमेठी पहुंचने से जिले की सियासत फिर चर्चा में आ गई है। बुधवार को जिले की सीमा पर पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए।

स्मृति ईरानी मुसाफिरखाना में आयोजित कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं से लगातार जनसंपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। उनके आगमन से भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

दौरे के दौरान वह सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे मत्तेपुर गांव भी पहुंचीं। यहां वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश तिवारी के भाई बृजेश तिवारी के निधन पर उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने परिवार को ढांढस बंधाया और कुछ समय तक परिजनों के बीच रहीं। राजनीतिक गलियारों में स्मृति ईरानी के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने अमेठी पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था।

ऊर्जा संकट के बीच राहत की खबर

■ सरकार बोली- पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात को लेकर मंत्रियों के अनौपचारिक सशक्त समूह (आईजीओएम) की हाई लेवल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में क्षेत्रीय तनाव, भारत की सुरक्षा चिंताओं और वहां मौजूद भारतीय नागरिकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र सरकार पश्चिम एशिया की स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है और हालात से निपटने के लिए मंत्रालयों के बीच समन्वय को मजबूत किया जा रहा है।

राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच हुई आईजीओएम की छठी बैठक के बाद कहा कि सरकार ने देश में जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता और सप्लाई चेन की मजबूती की समीक्षा की है। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद से लगातार प्रभावी काम कर रही है। मंत्रियों के समूह ने कठिन समय में दूरदर्शी नेतृत्व देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया। बैठक में रक्षा, विदेश और सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। पश्चिम एशिया में जारी अस्थिरता का असर वैश्विक सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति और सामरिक संतुलन पर पड़ सकता है, जिसे देखते हुए भारत सरकार सतर्क रुख अपनाए हुए है।

देश में सप्लाई सामान्य, घबराकर खरीदारी से बचें

राजनाथ सिंह ने कहा कि फिलहाल देश में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और नागरिकों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी करने से बचना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार सभी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। सरकार का यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक बाजारों पर असर की आशंकाएं बढ़ रही हैं।



अवकाश सूचना

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं को ईद-उल-अजहा पर्व की हार्दिक बधाई। इस अवसर पर 28 मई दिन गुरुवार को अवधनामा कार्यालय और प्रेस में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 30 मई 2026 दिन शनिवार को उपलब्ध होगा।

प्रबंधक

सीएम की समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री आते नहीं या बुलाए नहीं जाते

■ बिजली संकट पर अखिलेश का व्यंग्य

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। उन्होंने तंज कसा कि शुक्र है उत्तर प्रदेश के 'असफल मुख्यमंत्री' ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्ली वालों के भेजे हुए दूत की साजिश है।

अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं तो उनके 'कंधे पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ़ चिट्ठी लिखकर, जनता के आक्रोश से बचने का काम करते हैं।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस साल में बिजली विभाग को बर्बाद कर दिया है। बिजली का एक भी नया कारखाना नहीं लगाया और न एक यूनिट बिजली का उत्पादन बढ़ाया। भाजपा सरकार केवल मीटरों को बदल-बदल कर जनता से उगाही करती रही। भाजपा ने जनता को ठगने और लूटने का काम किया। सरकार बिजली उत्पादन बढ़ाने और बिजली देने के बजाय कुतर्क कर जनता को गुमराह करने का पाप कर रही है।

अगले चुनाव में जनता धो-पटककर सुखा देगी

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अगले चुनाव में जनता उसे अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। सपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, 'अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी।' इसी पोस्ट में उन्होंने राज्य में बिजली संकट को लेकर मुख्यमंत्री को असफल बताते हुए उन पर तंज कसा।

मुंद्रा तट से 1,150 करोड़ रुपए की 115 किलो कोकीन जब्त की गई

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद-विरोधी दस्ते ने समुद्री नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को करारा झटका देते हुए गुजरात के मुंद्रा तट से संयुक्त तस्करी-विरोधी अभियान के दौरान लगभग 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य 1,150 करोड़ रुपये है। गत 25 और 26 मई के बीच चलाए गए इस खुफिया-आधारित अभियान को एटीएस गुजरात द्वारा समुद्री मार्ग से संदिग्ध मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में दी गई विशिष्ट और कार्रवाई योग्य सूचनाओं के बाद शुरू किया गया था।

कर्नाटक में सियासी उथल-पुथल, इस्तीफे की अटकलों पर सिद्दारमैया ने साधी चुप्पी

बेंगलुरु। कर्नाटक में नेतृत्व में संभावित बदलाव को लेकर राजनीतिक अनिश्चितता बुधवार को भी देखने को मिली और इसी घटनाक्रम में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने विधान सौध में एक कार्यक्रम में शामिल होते हुए अपने इस्तीफे से जुड़े सवालों पर चुप्पी साधे रखी।

सत्ताधारी कांग्रेस के भीतर बढ़ती अटकलों के बीच सिद्दारमैया ने नेतृत्व के मुद्दे पर सीधे जवाब देने से परहेज किया। इसके बजाय उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि पर उनका ज़िक्र किया, राष्ट्र निर्माण में पंडित नेहरू के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राजनीतिक हलचल तब और तेज़ हो गई जब सिद्दारमैया के कानूनी सलाहकार ए.एस. पोनन्ना, मंत्री के. वेंकटेश भी उनके आवास पर पहुंचे, जिससे नेतृत्व और कैबिनेट फेरबदल पर तत्काल विचार-विमर्श की अटकलें और बढ़ गयीं। बढ़ती सरगर्मी के तौर पर दिन भर कांग्रेस नेता बारी-बारी से मुख्यमंत्री के आवास पर आते रहे।

होर्मुज जलडमरूमध्य से हटेगी पाबंदी, अमेरिकी सेना भी लौटेगी

अमेरिका-ईरान में शांति समझौते का ड्राफ्ट तैयार

■ ईरान ओमान के सहयोग से जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन करेगा

तेहरान। ईरान के सरकारी टीवी ने कहा कि तेहरान को अमेरिका के साथ उनके संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के शुरुआती, अनौपचारिक ढांचे का मसौदा मिल गया है। इस ढांचे के तहत, ईरान एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते वाणिज्यिक शिपिंग को युद्ध-पूर्व के स्तर पर बहाल कर देगा, जबकि अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य टुकड़ियों को हटा लेगा और नौसैनिक नाकेबंदी हटा लेगा।

सरकारी टीवी ने कहा कि यह ढांचा, जिसमें सैन्य जहाजों को शामिल नहीं किया गया है और जिसमें ईरान ओमान के सहयोग से जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन करेगा, अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है और तेहरान 'ठोस सत्यापन' के बिना कोई कदम नहीं उठाएगा। इसमें आगे कहा गया कि अगर 60 दिनों के भीतर कोई अंतिम समझौता हो जाता है, तो उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक बाध्यकारी प्रस्ताव के रूप में अनुमोदित किया जा सकता है।

अमेरीकी सीनेटर ने ट्रंप पर साधा निशाना, वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का लगाया आरोप

वॉशिंगटन। अमेरीकी सीनेटर मार्क वॉर्नर ने 'एक और अंतहीन युद्ध शुरू करने' के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना की है और दावा किया है कि ईरान के खिलाफ अमेरीकी सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे सीनेटर वॉर्नर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में ट्रंप पर वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, डोनाल्ड ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच यह है कि अमेरीका अब भी ईरान पर हमले कर रहा है। वह अपना हर वादा तोड़ रहे हैं। नए अंतहीन युद्ध शुरू कर रहे हैं और हर चीज की कीमतें बढ़ा रहे हैं।

अमेरिका-ईरान के बीच उभरता यह समझौता ज्ञापन फरवरी में शुरू हुए युद्ध के बाद शुरू हुई अप्रत्यक्ष वार्ता का परिणाम है, जिसमें पाकिस्तान ने तेहरान और वाशिंगटन के बीच मध्यस्थ की केंद्रीय भूमिका निभाई है। इस साल की शुरुआत में ईरान और इजरायल के बीच तनाव चरम पर पहुंचने के बाद युद्ध छिड़ गया था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिससे खाड़ी क्षेत्र में शिपिंग बाधित हुई और अमेरिकी सेना भी इसमें शामिल हो गई, जिससे एक बड़े क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका बढ़ गई थी। हालांकि, बाद में संघर्ष विराम का ऐलान हो गया और तब से हालात सामान्य बनाने की कोशिशें जारी हैं।

अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर समझौते को लेकर तमाम तरह की अटकलों के बीच ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स यानी आईआरजीसी का दावा है कि यूएस के साथ दोबारा संघर्ष शुरू होने की संभावना कम है। आईआरजीसी नेवी के उप राजनीतिक प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने समाचार एजेंसी तस्नीम के हवाले से कहा, ' दुश्मन की कमजोरी को देखते हुए जंग की संभावना कम है।

निष्पक्ष चुनावों के लिए एसआईआर जरूरी

■ सुप्रीम कोर्ट ने वैधता रखी बरकरार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता को बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा उसके तहत बनाए गये नियमों के अनुसार आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले वर्ष जून में बिहार में एसआईआर कराने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि जब कानून स्वयं चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण कराने का अधिकार देता है, तो केवल इस आधार पर इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है।

कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई द्वितीय जिलास्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। खीरी में बाढ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने और उनके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से मंगलवार की देर शाम डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अफसरों संग सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में द्वितीय जिलास्तरीय बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप बैठक ली, अफसरों को सम्भावित बाढ़ को देखते हुए कारगर और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया बैठक में शासन की प्राथमिकताओं और चेकलिस्ट की समीक्षा करते हुए डीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि सभी संवेदनशील विभागों को आपसी तालमेल के साथ एक अभेद्य और प्रभावी कार्ययोजना समय से तैयार करनी होगी डीएम ने अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) तथा लखीमपुर, निघासन, धौरहरा, गोला व पलिया के एसडीएम को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका वाले गांवों, तहसीलों और ब्लॉकों की अचूक पहचान करें। उन्होंने समानताओं के आधार पर गांवों को सेक्टर और जोन (क्लस्टर) में समूहीकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पूरी कार्ययोजना का एक विस्तृत मैप तैयार करने को कहा गया ताकि जरूरत पड़ने पर त्वरित रेस्क्यू किया जा सके बाढ़ के दौरान संपर्क टूटने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने हर गांव के लिए वैकल्पिक मार्गों का पहले से खाका तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नेटवर्क फेल होने की स्थिति से निपटने के लिए हाईटेक कम्युनिकेशन प्लान बनाया जा रहा है। बैठक में यह भी तय हुआ कि प्रत्येक राहत शिविर का संचालन बहु-विभागीय टीम करेगी। शिविरों में दवाओं, एंटी-स्नेक वेनम और टीकाकरण व्यवस्था की जिम्मेदारी सीएमओ को सौंपी गई है, ताकि आपदा के समय राहत कार्यों में किसी तरह की बाधा न आए राहत कार्यों को गति देने के लिए स्वद्यश्शस्त्र ब्बह्म, स्ष्ठक्रस्स और ह्लष्ठक्रस्स बलों के उपयोग की प्राथमिकता तय कर ली गई है। डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि इन बलों के रहने (कैपिंग) के लिए जो भी स्थल चुने जाएं, वहां शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली, शौचालय, बेहतर मोबाइल-वायरलेस नेटवर्क और वाहनों के सुगम आवागमन की मुकम्मल व्यवस्था हो डीएम ने सिंचाई विभाग को चेतावनी दी गई है कि मानसून की पहली बारिश से पूर्व सभी बांधों और तटबंधों का सुदृढ़ीकरण व अनुरक्षण कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो जाना चाहिए। अत्यधिक जल दबाव की स्थिति में तटबंधों को टूटने से बचाने की रणनीति और आपातकालीन सामग्री की उपलब्धता पहले से तय हो। वहीं, नगरीय निकायों के ईओ को निर्देश दिए कि वे शहरों के बड़े नालों की सफाई समय से कराएं।जलभराव की स्थिति में पंपों का इंतजाम रखें सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम्युनिकेशन प्लान को इस तरह लागू किया जाए कि अंतिम व्यक्ति तक बाढ़ की पूर्व चेतावनी समय से पहुंच सके। साथ ही, जलमग्न क्षेत्रों से पशुओं के सुरक्षित संचरण, मवेशियों के लिए चारे की उपलब्धता, और सीवीओ के माध्यम से पशु शिविर व टीकाकरण की व्यवस्था को भी ग्रामीण विकास ढांचे के सहयोग से सुदृढ़ किया जा रहा है। निर्देश दिए कि सभी बीडीओ को संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र की गौशालाओ को चिन्हित करते हुए बाढ़ के दौरान गोवंशो की शिफ्टिंग की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र के लिए मोबाइल टीम का गठन करते हुए बाढ़ चौकिया पर ड्यूटी लगाई है।

चिकित्सा कैंपों में ओआरएस, क्लोरीन की गोली, सेनेटरी नैपकिन सहित अन्य जरूरी औषधीय की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।बैठक की शुरुआत में ईई (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने पीपीटी के जरिए विगत वर्षों में नदियों का जलस्तर एवं डिस्चार्ज, तटबंधों की मरम्मत एवं कटावनिरोधक कार्य सहित गतवर्ष निर्मित परियोजनाओं से होने वाले लाभों को रेखांकित किया बैठक के अंत में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष में टोल-फ्री नंबर 1077 को पूरी तरह सक्रिय रखने, मल्लाहों व गोताखोरों की सूची मोबाइल नंबर सहित अपडेट करने और बाढ़ प्रभावित मवेशियों के लिए चारे व टीकाकरण की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश जारी किए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा किया गया नव निर्मित पुलिस चौकी गढ़ी का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र में स्थित नव निर्मित पुलिस चौकी गढ़ी का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, एएसपी/क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा, 'नवनिर्मित पुलिस चौकी गढ़ी जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, आम जनता को त्वरित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह चौकी स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा, शांति-व्यवस्था तथा उनके किसी भी प्रकार के संकट में तुरंत सहायता सुनिश्चित करेगी।

ईसीएलजीएस 5.0 से एमएसएमई को मिलेगा वित्तीय सहारा, 29 मई को कानपुर में होगा विशेष जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को आर्थिक चुनौतियों से उबारने और औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस 5.0) को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, बढ़ती लागत और परिचालन संबंधी चुनौतियों से प्रभावित इकाइयों को वित्तीय राहत उपलब्ध कराना है।

योजना के अंतर्गत एमएसएमई इकाइयों को 100 प्रतिशत तक तथा गैर-एमएसएमई एवं एयरलाइन क्षेत्र को 90 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवर राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य ऋणदाता संस्थानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

ईसीएलजीएस 5.0 के तहत पात्र एमएसएमई इकाइयों को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में उपयोग की गई अधिकतम कार्यशील पूंजी के 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त ऋण, अधिकतम 100 करोड़ रुपये तक उपलब्ध कराया जा सकेगा। योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों पर गारंटी कवर ऋण अवधि तक प्रभावी रहेगा। यह व्यवस्था एनसीजीटीसी द्वारा दिशा-निर्देश जारी होने की तिथि से 31 मार्च 2027 तक अथवा कुल 2.55 लाख करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने तक लागू रहेगी।

योजना की विशेषता यह है कि पात्र एमएसएमई इकाइयों को बिना अतिरिक्त गारंटी शुल्क के त्वरित ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इससे कार्यशील पूंजी की उपलब्धता बढ़ेगी और उद्योगों को बाजार की अनिश्चितताओं एवं बढ़ती लागत से उबरने में सहायता मिलेगी। साथ ही उत्पादन, रोजगार सृजन और व्यावसायिक गतिविधियों की निरंतरता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। जनपद के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अदित्य चंद्रा ने बताया कि योजना के संबंध में 29 मई 2026 को उद्योग निदेशालय सभागार, जीटी रोड, सर्वोदय नगर, कानपुर नगर में एक विशेष जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में डीएफएस, एनसीजीटीसी, एसएलबीसी, लीड बैंक तथा जनसमर्थ/पीएसबी एलायंस से जुड़े अधिकारी एवं हितधारक शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बैंकों, एमएसएमई इकाइयों तथा अन्य संबंधित हितधारकों को ईसीएलजीएस 5.0 की पात्रता, लाभ, संचालन प्रक्रिया एवं दावा तंत्र की जानकारी उपलब्ध कराना है, जिससे अधिकाधिक पात्र इकाइयां योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि इच्छुक पात्र इकाइयां जनसमर्थ पोर्टल पर आवेदन कर आवश्यक विवरण एवं स्व-घोषणा उपलब्ध कराएं।

डीएम द्वारा प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा जनगणना-2027 का कार्य उत्कृष्ट ढंग से संपादित करने वाले प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में डीएम अवनीश राय द्वारा तहसील सदर क्षेत्र के प्रगणक जगत सिंह जो कि प्राथमिक विद्यालय सैजनी में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है के साथ साथ,प्राथमिक विद्यालय सकरी जंगल के शिक्षा मित्र दिनेश कुमार सक्सेना व उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंआ डांडा के सहायक अध्यापक शैलेन्द्र सागर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।इन तीनों प्रगणकों द्वारा अपने आवंटित क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं आंकड़ों के संकलन का कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-2027 देश की भावी विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार है।

सटीक आंकड़ों के माध्यम से शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में लगे सभी कार्मिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सीडीओ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रेम-प्रसंग के चलते एक युवक ने की खुदकुशी

लखीमपुर खीरी। प्रेम-प्रसंग के चलते एक युवक ने खुदकुशी कर ली। प्रेमी ने प्रेमिका का नाम लेकर एक वीडियो बनाया और इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। इसके बाद फांसी लगाकर अपनी जिंदगी ही खत्म कर ली। 22 साल के युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों में कोहराम मचा था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया चर्चा है कि सिंगाही कस्बे के गुड़ मंडी वार्ड के निवासी इरफान (22) किसी महिला से मोहब्बत करता था, लेकिन महिला उससे बातचीत नहीं कर रही थी। इस बात को लेकर दोनों में कई बार झगड़े भी हुए हैं। बेवफाई के चलते इरफान कई दिनों से आहत था। मंगलवार की रात इरफान अपने घर में था। आत्महत्या का कदम उठाने से ठीक पहले इरफान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में उसने अपनी प्रेमिका का नाम लेते हुए कहा, हम तुम्हारे बिना जी नहीं सकते। तुमसे बहुत प्यार करते हैं। आशंका जताई जा रही है कि इस इमोशनल वीडियो को पोस्ट करने के तुरंत बाद ही युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया।बुधवार सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई, तो घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इंस्टाग्राम वीडियो की जांच कर रही है और मामले के हर पहलू को खंगालने में जुटी है युवक ने थारू समुदाय की एक महिला का नाम वीडियो में लिया है। यह वीडियो उसने कब बनाया, इसकी जांच की जा रही है।

झोलाछाप के इलाज से एक महिला की मौत,पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता) थाना बिल्सी क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा किए गए इलाज से एक महिला की मौत का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस ने मृतक महिला के पति की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बिल्सी क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर निवासी छोटेलाल पुत्र जौहरी द्वारा घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस को दी गई तहरीर में छोटेलाल ने बताया है कि विगत 26 मई को सुबह के समय उनकी पत्नी ललिता के पेट में दर्द की शिकायत थी। पत्नी के पेट दर्द होने पर छोटे लाल ने गांव के ही एक झोलाछाप डॉक्टर को अपने घर बुला लिया। आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच किए ललिता को इंजेक्शन तथा ग्लूकोस चढ़ा दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिवार के लोग ललिता को इलाज के वास्ते बिसौली ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।मृतक्का के पति छोटे लाल की तहरीर पर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

खेत तालाब में अब चमकेगा मीठे पानी का मोती, किसानों की होगी मोटी कमाई

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। अगर आपके पास खेत में छोटा सा तालाब है या आप नया तालाब बनवाने की सोच रहे हैं, तो योगी सरकार आपके लिए कमाई का एक शानदार मौका लेकर आई है। सरकार की नीति के तहत अब कानपुर के किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ मोतियों की कमर्शियल खेती यानी पर्ल फार्मिंग से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए कानपुर जिले में पहले चरण के लिए 15 खेत तालाबों का एक विशेष लक्ष्य तय किया गया है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि किसानों को सीप पालने के तकनीकी झंझटों से परेशान नहीं होना पड़ेगा। सीप कहाँ से आएंगे, उनकी सर्जरी कैसे होगी और उनके अंदर मोती का दाना यानी न्यूक्लियस कैसे डाला जाएगा, यह सारा तकनीकी काम सरकारी एक्सपर्ट खुद अपनी देखरेख में कराएंगे।

सरकार ने इस योजना के खर्च और मुनाफे का पूरा हिसाब-किताब भी साफ कर दिया है। अगर आपके पास 440 वर्ग मीटर का एक छोटा खेत तालाब है, जिसमें साल भर कम से कम डेढ़ मीटर पानी रुकता हो, तो आप इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस छोटे तालाब में कुल 2,000 सीप डाले जाएंगे। सीप खरीदने, उनकी सर्जरी कराने, फीड यानी चारा और ऑक्सीजन सेट आदि को मिलाकर कुल डेढ़ लाख रुपए का खर्च आएगा। इस कुल लागत पर सरकार की तरफ से 40 प्रतिशत का सीधा अनुदान यानी सब्सिडी दी जाएगी, जबकि प्राथमिकता वाले कुछ विशेष लाभार्थियों को 90 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी मिल सकता है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर तालाब में 60 प्रतिशत सीप भी सही-सलामत बच जाते हैं, तो आराम से 2,400 मोती तैयार हो जाएंगे। बाजार में एक मोती कम से कम 100 रुपए का बिकता है, जिससे कुल दो लाख चालीस हजार रुपए की बिक्री होगी। इस तरह सारा खर्च निकालने के बाद किसान को एक फसल में करीब नब्बे हजार रुपए का सीधा शुद्ध मुनाफा होगा।

सरकार केवल मोती पालन पर ही नहीं, बल्कि तालाब तैयार करने और सिंचाई की मशीनरी पर भी दिल खोलकर मदद दे रही है। जो किसान अपने खेत में नया तालाब खुदवाना चाहते हैं, उन्हें तालाब खुदाई के काम पर लागत का 50 प्रतिशत यानी अधिकतम 52,500 रुपए की सरकारी मदद मिलेगी। इसके साथ ही, तालाब में पानी भरने और सिंचाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यदि किसान पंपिंगसेट खरीदता है, तो उसे मशीन की कीमत पर 50 प्रतिशत की छूट यानी अधिकतम 15,000 रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

मोती की अच्छी क्वालिटी के लिए तालाब में महुआ की खली, चूना या किसी भी तरह के घातक केमिकल और कीटनाशकों का इस्तेमाल पूरी तरह बंद रहेगा। इसका एक बड़ा फायदा यह होगा कि किसान इस शुद्ध पानी में मोती के साथ-साथ बिना किसी केमिकल के मछली पालन भी कर सकेंगे और डबल कमाई कर पाएंगे।

इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों को किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसानों को आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल

चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा,दो गिरफ़्तार

बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता) थाना सहसवान पुलिस द्वारा चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए,घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत सहसवान पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है।पुलिस के अनुसार थाना सहसवान पर दर्ज़ चोरी के एक मुकदमे में थाना सहसवान पुलिस द्वारा बुधवार को इस घटना के आरोपी मुनेन्द्र पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम गवरा फिरोजपुर थाना इस्लामनगर तथा मुन्ना पुत्र मकशूद नि0 ग्राम चदोई थाना इस्लामनगर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी किये हुये तीन जोडी पायल सफेद धातु ,छह सिक्के सफेद धातु के तथा हथफूल सफेद धातु सहित दो हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल किया है। इन्होंने पुलिस को अपना हाथ अन्य चोरियों में भी होना बताया है।

कार सवारों ने शहर में मचाया उत्पात,कई घायल

बदायूँ। बीच शहर में एक कार में सवार लोगों द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया,कार सवार लोगों द्वारा कई लोगों को टक्कर मार दी गई।गुस्साए लोगों द्वारा कार का पीछा कर गांधी मैदान के पास कार को पकड़ लिया गया हालांकि लोगों के गुस्से को देखते हुए कार सवार मौका देखकर वहां से फरार हो गए। बताया जाता है कि मंगलवार रात्रि में कार सवार लोगों का वाटर वर्क्स रोड पर एक मैकेनिक से विवाद हो गया था। जिसके बाद कार सवार लोग वहां से कार सहित भागे थे। बताते हैं कि इसी दौरान शहर निवासी एक व्यक्ति स्कूटी पर सवार होकर अपने बच्चों सहित कहीं जा रहा था तभी इन कार सवारों ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घटना में स्कूटी पर बैठे बच्चे बाल बाल बच गए।इन कार सवारों द्वारा एक अन्य लोगों को भी टक्कर मारी दी गई,जिससे लोगों में अफरातफरी मच गई। गुस्साए लोगों ने कार का पीछा कर गांधी ग्राउंड के पास कार को घेर लिया।अपने आप को घिरता देख कार सवार मौका पाकर वहां से फरार हो गए। गनीमत यह रही कि कार की टक्कर से कोई बड़ा हादसा होते-होते बच गया। इस हादसे में लोग केवल हल्के-फुल्के रूप से घायल हुए हैं। बीच शहर में हुई इस घटना की सूचना पर शहर के दोनों थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने बहन को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गर्मी की छुट्टियां बनीं 'साइंस लैब', आईआईटी कानपुर के सहयोग से सरकारी स्कूल के बच्चे सीख रहे डेटा माइनिंग और रोबोटिक्स

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। किसी के सामने पहली बार कंप्यूटर स्क्रीन पर कोड की लाइनें खुलीं, तो कोई वायरलेस चार्जर बनाने की प्रक्रिया समझने में जुटा दिखा। कोई सोलर कुकर तैयार कर रहा है, तो कोई पानी से बिजली पैदा करने के मॉडल पर काम कर रहा है। गर्मी की छुट्टियों में माध्यमिक शिक्षा परिषद के 30 मेधावी छात्र इन दिनों आईआईटी कानपुर के सहयोग से आयोजित ग्रीष्मकालीन विज्ञान शिविर-2026 में विज्ञान को किताबों से निकालकर सीधे प्रयोगों और तकनीकी गतिविधियों के जरिए समझ रहे हैं। 26 मई से शुरू हुआ यह शिविर 24 जून तक चलेगा। बुधवार को डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह भी विज्ञान शिविर पहुंचे और बच्चों से उनके प्रोजेक्ट्स तथा सीखने के अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूलों की छुट्टियों के दौरान आयोजित किए जा रहे इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को रचनात्मक और व्यवहारिक शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस पहल में उत्तर प्रदेश सरकार तथा आईआईटी का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस विशेष शिविर तक पहुंचने का रास्ता भी आसान नहीं था। विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिताओं और शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों को पहले शॉर्टलिस्ट किया गया। इसके बाद इंटरव्यू के माध्यम से उनकी वैज्ञानिक समझ, तार्किक क्षमता और विषय के प्रति रुचि को परखा गया। चयन प्रक्रिया के बाद कक्षा 9 से 11 तक के 30 विद्यार्थियों को इस शिविर के लिए चुना गया है। इनमें अधिकांश छात्र ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं। रंजीत सिंह रोजी शिक्षा केंद्र में चल रहे इस कैंप का माहौल पारंपरिक क्लासरूम से अलग नजर आता है। यहां बच्चे केवल नोट्स नहीं बना रहे, बल्कि छोटे-छोटे मॉडल तैयार कर रहे हैं, सवाल पूछ रहे हैं और प्रयोगों के जरिए विज्ञान की बुनियादी अवधारणाओं को समझ रहे हैं। कोई स्केलेबल वेटिंग बैलेंस तैयार कर रहा है तो कोई डेटा माइनिंग की प्रक्रिया को समझने में जुटा है। आईआईटी कानपुर के प्रो. संदीप संगल इस समर साइंस कैंप और आरएसके-आईआईटीके पहल का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ प्रो. आदित्य केलकर, प्रो. जे. रामकुमार, प्रभाकर और प्रो. सुधांशु सिंह विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक की व्यवहारिक समझ विकसित करा रहे हैं।

हिण्डाल्को रेणुकूट के रवि सिंह ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता रजत पदक, देश का बढ़ाया

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। सोनभद्र जनपद के हिण्डाल्को रेणुकूट निवासी रवि सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का नाम रोशन किया है। हिण्डालस्नको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट के बॉयलर को-जनरेशन विभाग में कार्यरत रवि सिंह ने यूरोप के देश रोमानिया की राजधानी बुकारेस्ट में आयोजित 8वीं वर्ल्ड क्वान की डो चैंपियनशिप 2026 में रजत पदक जीतकर देश, प्रदेश और जिले को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 20 से 24 मई 2026 तक आयोजित हुई, जिसमें दुनिया के 37 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

रवि सिंह, स्वर्गीय महामाया प्रसाद सिंह के पुत्र हैं अपनी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के दम पर उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। विशेष बात यह है कि रवि सिंह उत्तर प्रदेश के पहले खिलाड़ी हैं जिन्हें इस प्रतिष्ठित विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। विश्व चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से पूर्व हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक, क्लस्टर एच आर हेड-जसबीर सिंह, एचआर हेड- अजय सिन्हा, ब्वॉयलर को-जेन के हेड-कैलाश प्रधान व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रवि सिंह को शुभकामनाएं देकर सम्मानपूर्वक विदा किया था।

अधिकारियों ने उनकी उपलब्धि को हिण्डाल्को परिवार के लिए गर्व का विषय बताया और विश्व मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की थी। रवि सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, सहयोगियों तथा हिण्डाल्को रेणुकूट प्रबंधन को दिया। रवि सिंह ने कहा, 'देश के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा गर्व है। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने हर कदम पर मेरा समर्थन किया।

ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी और बौद्धिक दिव्यांगजनों को मिलेगा कानूनी सहारा, परिजन बन सकेंगे विधिक संरक्षक

अवधनामा संवाददाता

कानपुर नगर। ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक दिव्यांगता और बहुदिव्यांगता से जूझ रहे लोगों को सुरक्षित, सम्मानजनक और व्यवस्थित जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ऐसे दिव्यांगजनों के लिए विधिक संरक्षक नियुक्त किए जाने संबंधी 16 प्रस्तावों पर सुनवाई एवं चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि कई मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांगजन अपने दैनिक जीवन, बैंकिंग, इलाज, शिक्षा, संपत्ति अथवा सरकारी योजनाओं से जुड़े निर्णय स्वयं लेने में सक्षम नहीं होते। ऐसे मामलों में माता-पिता अथवा निकट संबंधी विधिक संरक्षक बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। संरक्षक नियुक्त होने के बाद दिव्यांगजन के हितों की कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित होती है और उनके जीवन को अधिक गरिमापूर्ण एवं सुरक्षित बनाने में मदद मिलती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र परिवार इस व्यवस्था का लाभ अवश्य लें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जाए, जिससे कोई भी जरूरतमंद परिवार जानकारी के अभाव में वंचित न रह जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि संरक्षक नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय न्यास की वेबसाइट पर उपलब्ध 'समर्थ' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन के बाद जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रकरण की जांच एवं सुनवाई कर निर्णय लिया जाता है। बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय कुमार उत्तम, संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

व्यापारियों की समस्याओं पर डीएम सख्त समय सीमा में निस्तारण के निर्देश

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग व्यापार बंधु की बैठक हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारजद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को गंभरीता पूर्वक सुना और संबन्धि अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक दौरान उद्यमियों बिजली, एनएचएआई रोड कार्य, अवैध खनिज परिवहन आदि प्रकरण प्रस्तुत किए गए ।

बैठक में उद्यमियों नेविद्युत की समस्या, महोबा से कबरई के बीच एनएचएआई के रोड का कार्य व अवैध खनिज परिवहन से संबंधित कार्य और कबरई क्षेत्र में क्रेशर एरिया में आवासीय भवन बनाए जाने के प्रकरण प्रस्तुत किए गए। उक्त प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों विद्युत, एनएचएआई छतरपुर, वरिष्ठ खान अधिकारी और उपजिलाधिकारी सदर को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर व्यापारियों ने कबरई कस्बे में बुंदेलखंड विकास निगम की अधिग्रहित बांदा तिराहे की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण और क्रेशर के भंडारण के लिए लाइसेंस प्राप्त करने में चरित्र प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करने के संबन्ध में प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों से स्थिति की जानकारी के लिए पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए, जिससे उक्त प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवई कराई जा सके।

बैठक में उद्यमियों और व्यापारियों ने तमाम मद्दों पर डीएम का ध्यान आकर्षित कराया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात से पहले शहर के वार्डवार नाला व नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित की जाए साथ ही सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। बैठक दौरान मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त व्यापार कर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा देवेंद्र मिश्रा, रघुराज सिंह, रामजी गुप्ता, मनु गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

चेकिंग अभियान : नियमों का उल्लंघन करने वाले 112 चालकों पर गिरी गाज

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

अवधनामा संवाददाता

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश पर जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुचारु और सुरक्षित बनाए रखने के लिए निरंतर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह ने मय यातायात पुलिस टीम के साथ जिले के विभिन्न प्रमुख चैराहों, मार्गों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की गई।

यातायात प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के तहत टीम ने वाहनों को रोककर सड़क किनारे करने के बाद वाहनों के प्रपत्र, चालान व बिना हेलमेट बाइक चलाने, बाइक में तीन सवारी बैठाकर सड़क पर चलने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने और मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त वाहन दौडाए जाने जैसे उल्लंघनों पर विशेष ध्यान देते हुए 112 चालान किए गए, जिन पर कुल 98 हजार रुपये समन शुल्क वसूला। जिले के प्रमुख स्थानों पर चल रही वाहन चेकिंग के चलते वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

यातायात प्रभारी ने बताया कि यायाताय नियमों का उल्लघंन कर वाहन चलाने वाले 112 चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की गई।

उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें साथ ही वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा व अन्य आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें और यातायात नियमों के तहत वाहनों को चलाकर स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित रखे।

गंगा दशहरा पर काशी के घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, मां गंगा का किया पूजन

- मां गंगा के अवतरण दिवस पर स्नान कर मनाया गंगा अवतरण

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। मोक्ष दाहिनी मां गंगा के अवतार दिवस के अवसर पर काशीवासियों ने पूजन-अर्चन कर पवित पावनी का आभार जताया। स्नान कर दस तरह के पापों से मुक्ति की कामना की। इसके लिए घाटों पर खूब भीड़ रही। ब्रह्ममुर्टू एकम् विश्व महासंध न्यास काशी व अकुलि पौठ की ओर से पंचगगेश्वर डा. सचिन्द्रनाद महाराज के नेतृत्व में 12 राज्यों से आई 5100 चुनरी मां गंगा को अर्पि की गई। वही 501 लीटर दूध से अभिषेक किया गया ।

श्रद्धा के साथ 56 परिवारों द्वारा 56 भोग अर्पित किए गए, 501 लीटर दूध से अभिषेक, गंगा आरती, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की गई. डा. सचिन्द्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी की 'गंगा मस्त्रेश्थ विश्यपुरु काशी सम्मान' प्रदान करने का निर्णय लिया गया। राम दल, काशी महानगर द्वारा पंचगंगा घाट पर गंगा पूजन, दुग्धाभिषेक व जनजागरण का आयोजन किया गया। मुख्य गंगोत्री सेवा निधि ने दशाश्वमेध घाट पर श्रद्धालु पर्यटकों को स्वच्छ गंगा, निर्मल गंगा व अविरल गंगा का संकल्प दिलाकर गंगा दशहरा उत्सव का शुभारंभ किया गया।

पृपख अतिथि आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विशिष्ट अतिथि महापौर अशोक तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष 39 जौटीली कमडिंट ब्रिगेडिवर जयवीम चंदा समेत अतिथियों ने प्रशभारंभ किया। इस अवसर पर 11,000 दीपों से घाट सजाया इस अवसर पर 25 फिवेटल फूल-मालाओं व 11,000 दीपों से घाट सजाया।

सीस्कृनिक फस्तुतिर्श की हुई,स्थापना अध्यक्ष यूशांत मिश्रा ने किया। गंगोजी सेवा समिति की ओर से संस्थापक अध्यक्ष पं. किशोरी रमण दुबे 'बाबू महाराज' के सानिध्य में मां गंगा की अखघातु प्रतिमा का श्रृंगार किया गया। मां को पियरी चढ़ाई और 501 लीटर दूध, पुष्प, फल-मिष्ठान से मां गंगा का विशेष अभिषेक कर षोडशोपचार पूजन किया गया। बाबु महाराज के साथ दिलीप मद्धेशिया ने अपने परिवार संग पूजन किया।

अवैध खनन एवं ओवरलोड परिवहन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी के सख्त निर्देश

- एसडीएम, एआरटीओ, पुलिस एवं खनन विभाग को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। अवैध खनन एवं ओवरलोड परिवहन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारियों, एआरटीओ, पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं जिला खनन अधिकारी को संयुक्त रूप से प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी दशा में अवैध खनन एवं ओवरलोड परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संवेदनशील एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, सघन चेकिंग एवं रात्रिकालीन प्रवर्तन अभियान संचालित किए जाएं। पुलिस विभाग को अवैध परिवहन एवं संदिग्ध वाहनों पर सतत निगरानी रखने और आवश्यकतानुसार प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं एआरटीओ को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाकर वाहनों की जांच, चालान एवं सीज की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स, जिसमें पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण, वन अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला खनन अधिकारी शामिल हैं, समन्वित रूप से कार्य करते हुए अवैध खनन एवं ओवरलोड परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करें। संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर संवेदनशील स्थलों की निगरानी रखें एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्रवाई करें।

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जिला खनन अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिट्टी खनन कार्य केवल शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं स्वीकृत मानकों के अनुरूप ही कराया जाए। ईंट भट्टा संचालकों एवं संबंधित व्यक्तियों को निर्देश दिए गए हैं कि खनन कार्य प्रारंभ करने से पूर्व निर्धारित विनियमन शुल्क अथवा रॉयल्टी अनिवार्य रूप से जमा करें और स्वीकृत क्षेत्र में ही खनन कार्य करें। बिना रॉयल्टी जमा किए अथवा स्वीकृत सीमा से बाहर किया गया खनन अवैध माना जाएगा।

मुख्यमंत्री औधनिक विकास योजना के तहत बागवानी योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

फर्रुखाबाद। उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु नवीन गाइडलाइन के अनुसार मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद फर्रुखाबाद के कृषकों के लिए विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। योजनाओं का उद्देश्य कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों तथा कृषि यंत्रीकरण से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है। आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी श्री राघवेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संकर शाकभाजी कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य वर्ग हेतु 30 हेक्टेयर तथा अनुसूचित जाति वर्ग हेतु 10 हेक्टेयर, कुल 40 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त परियोजना आधारित बागवानी मशीनीकरण योजनान्तर्गत कृषकों को कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ प्रदान किया जायेगा।

आदिनाथ संप्रदाय, महाराष्ट्र के पीठाधीश्वर कल्किराम महाराज जी को काशी में जगतगुरु की उपाधि

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। संपूर्ण विश्व में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में संलग्न, सनातन धर्म और संस्कृति के प्रति संपूर्ण भारतवर्ष में हिंदुओं को संगठित कर रहे महाराष्ट्र के आदिनाथ संप्रदाय के पीठाधीश्वर, हिंदू जोड़ो यात्रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आदिनाथ यूनिवर्सल पीस ,थाईलैंड के संस्थापक डॉ कल्किराम महाराज जी को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर काशी के अस्सी घाट पर आयोजित मां गंगा प्राकट्य महोत्सव के भव्य समारोह में श्रीकुल पीठाधीश्वर श्री श्री डॉ सचिंद्रनाथ जी महाराज के द्वारा जगतगुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया। विदित हो कि पिछले कई वर्षों से लगातार डॉ कल्किराम महाराज देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार हिंदुओं को संगठित करने के उद्देश्य से हिंदू जोड़ो यात्रा का आयोजन कर रहे हैं ।

जगदुरू कल्किराम महाराज जी पहली बार थाईलैंड में भव्य महाकुंभ का आयोजन करने जा रहे हैं जिसमें संपूर्ण विश्व के हिंदू धर्मावलंबियों के भाग लेने की सम्भावना है।आगामी 31 अक्टूबर 2026 से 24 जुलाई 2018 तक चलने वाले इस भव्य महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म संस्कृति का प्रचार प्रसार करना है। मंगलवार को काशी के अस्सी घाट पर आयोजित भव्य समारोह में श्रीकुल पीठ के पीठाधीश्वर डॉ सचिंद्रनाथ महाराज जी ने कल्किराम महाराज जी को अंगवस्त्रम एवं सम्मान पत्र देकर जगतगुरु की उपाधि से सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ कल्किराम महाराज जी ने श्री कुल पीठाधीश्वर डॉ सचिंद्रनाथ जी महाराज को थाईलैंड में आयोजित होने वाले भव्य महाकुंभ महोत्सव के लिए अंतरराष्ट्रीय समन्वयक बनाए जाने की घोषणा की।इसके साथ ही काशी के सुप्रसिद्ध कथा वाचक ज्योतिष एवं वास्तुविद पं प्रकाश मिश्र एवं सेंटर फॉर सनातन रिसर्च के प्रदेश अध्यक्ष पं अभिषेक द्विवेदी को समन्वयक बनाए जाने की भी घोषणा की गई ।कार्यक्रम में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के स्वामी मुक्तानंद पुरी जी महाराज, चिंतामणि गणेश मंदिर के महंत चेल्ला सुब्बाराव, श्रृंगेरी शंकराचार्य मठ के प्रबंधक चेल्ला अन्नपूर्णा प्रसाद, हिंदू युवा वाहिनी के अंबरीश सिंह भोला, कर्नाटक बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र नाथ मिश्रा,उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के महामंत्री शैलेश वर्मा ,विशालाक्षी मंदिर के महंत पं राजनाथ तिवारी, काल भैरव मंदिर के महंत पं वीरेंद्र कुमार मिश्रा ,वाराणसी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा,शीतला मन्दिर के उप महंत अवशेष पांडेय कल्लू महाराज, सुप्रसिद्ध भजन गायक पं राकेश तिवारी, सुषमा शुक्ला, रंजना पाठक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कलम की ताकत के गुंडों द्वारा पत्रकारों पर किए गए हमले का प्रकरण हाई कोर्ट पहुंचा

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। विगत महा 9 अप्रैल को कलम की ताकत संगठन के तथाकथित पत्रकार गुंडों द्वारा पत्रकार वकील अहमद संपादक हितेषी की जंग, रुप किशोर राजपूत पत्रकार क्रांतिकारी खबर के उपर एसएसपी कार्यालय के बाहर 10- 15 लोगों ने हमला बोल दिया। अपने को बचाते हुए दोनों पत्रकार एसएसपी ऑफिस की तरफ जान बचाते हुए भागे । वहां मौजूद दरोगा जसवंत राणा, राजकुमार ने दोनों पत्रकार को बाहर धक्का मार कर निकाल दिया। फिर क्या था गुंडों द्वारा पत्रकारों को घेर कर जमकर पीटा जिससे दोनों पत्रकार के कपड़े तक फट गए। इस हमले में मुख्य रूप से आरिफ अली, शबनम, गुलाम नबी, रविन्द्र, कामिनी, वीरेंद्र अरोरा, अकील अहमद, पवन गांधी सहित दर्जन लोगों ने जमकर मारपीट की। इस घटना को तथाकथित कलम की ताकत संगठन के 2 दर्जन लोगों ने एक हमला किया। जानकारी अनुसार रूप किशोर व वकील अहमद ने बताया कि 28 दिन बाद एसएसपी के आदेश पर थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज किया गया। यह सारी घटना एसएसपी कार्यालय के सामने हुई परंतु किसी भी सुरक्षा कर्मी ने गुंडों से पत्रकारों को बचाने का प्रयास नहीं किया। अब इस घटना में दोनों पत्रकार ने हाई कोर्ट की शरण ली। हाई कोर्ट ने प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन और एसएसपी अलीगढ़ को नोटिस जारी किए हैं।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई

- उत्कृष्ट कार्य के लिए पत्रकारों को मिला सम्मान, ग्रापए संस्थापक को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

महोबा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि पर स्थानीय टूरिस्ट बंगला सभागार में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों, ब्यूरो चीफ, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। पनवाड़ी, जैतपुर, कबरई, महोबकंठ, चरखारी, कुलपहाड़ सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित पत्रकारिता दिवस समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार संतोष पटेरिया ने कहा कि पत्रकार समाज, शासन और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है तथा उसे ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार राकेश पटेरिया ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के संघर्षपूर्ण जीवन एवं पत्रकारिता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विशेष आमंत्रित अतिथि महंत देवी चरण दास ने पत्रकारों को समाज का सजग प्रहरी बताते हुए उन्हें देश का सच्चा मार्गदर्शक कहा। महिला पत्रकार नम्रता सोनी एवं कहकसा जलाल ने पत्रकारों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष यूनुस खान ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि संगठन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा और उन्हें निर्भीक होकर पत्रकारिता करनी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार भगवानदीन यादव, कैलाश तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, विराग पचौरी, वहीद अहमद, सुशील साहू, बलवीर सेन सहित अन्य वक्ताओं ने ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समाचार संकलन में ग्रामीण पत्रकार अग्रणी भूमिका निभाते हैं और वे बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के दौरान महंत देवी चरण शुक्ला, डॉ अभिषेक सक्सेना, भगवानदीन यादव, कैलाश तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, विराग पचौरी,जयप्रकाश द्विवेदी, जमाल अहमद कादरी,संतोष पटेरिया,वहीद अहमद ,पंकज गुप्ता,सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों को जिला अध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया द्वारा मां चंडिका देवी का चित्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार राजू पटेरिया, कृष्णकांत उर्फ मोनू तिवारी, राकेश पटेरिया, इफ्तखार अली, सलमान खान एवं इकलाख अहमद को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

शिवपुर स्थित होटल रोसिसा में गैस आपूर्ति शुरू

वाराणसी। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शिवपुर क्षेत्र स्थित होटल रोसिसा में पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है, जो वाणिज्यिक एवं आतिथ्य क्षेत्र को हरित ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आपूर्ति परियोजना गेल की प्रोजेक्ट्स टीम द्वारा सफलतापूर्वक कार्यान्वित की गई है। इस अवसर पर बताया गया कि, इस परियोजना का नेतृत्व नवाज़िश अली अंसारी, उप महाप्रबंधक (डीजीएम-प्रोजेक्ट्स) द्वारा किया गया। वहीं, वाराणसी सीजीडी परियोजना का समग्र संचालन श्री सुशील कुमार, महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। 'होटल रोसिसा ', जो बड़ी संख्या में अतिथियों को सेवाएं प्रदान करता है, पहले अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए प्रति माह लगभग 30 एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर था। पीएनजी कनेक्शन के प्रारंभ होने के पश्चात अब गैस की निर्बाध, सुरक्षित एवं सतत आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है, जिससे होटल का संचालन अधिक सरल और दक्ष हो गया है। साथ ही, पूर्व में उपयोग किए जा रहे एलपीजी सिलेंडर अब अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किए जा सकते हैं, जिससे अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकेगा।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

फर्रुखाबाद। जनपद के समस्त शिक्षित एवं रोजगारोन्मुख युवाओं को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुख अनुभव प्रदान किये जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। योजना के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवा, जिन्होंने स्नातक, डिप्लोमा, आई0टी0आई0, इंटरमीडिएट अथवा हाईस्कूल उत्तीर्ण किया है, आवेदन करने के पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी योजना के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को देश के 19 विभिन्न सेक्टरों की लगभग 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जायेगा। योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को इंटर्नशिप अवधि के दौरान न्यूनतम रू0 9000/- प्रतिमाह की वित्तीय सहायता एक वर्ष तक प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर रू0 6000/- की एकमुश्त अनुदान राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से प्रदान की जायेगी।

शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया

फर्रुखाबाद। आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद डॉ अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फर्रुखाबाद श्री जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा द्वारा मय स्टाफ जनपद के विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट दुकानों में खीमसेपुर, मोहम्दाबाद तथा देशी मदिरा दुकानों में धीरपुर, खीमसेपुर , स्थित दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

डीएम ईशा प्रिया ने बैंकर्स को दिये निर्देश योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (मार्च 2026) की डीसीसी एवं डीएलआरसी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित बैंकों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का सफल, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एसएचजी सीसीएल, एमवाईएसवाई तथा पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार हेतु उदारतापूर्वक ऋण उपलब्ध कराया जाए।समीक्षा के दौरान जनपद का सीडी रेशियो 51.52 प्रतिशत पाया गया, जो मार्च 2025 की तुलना में दो प्रतिशत अधिक रहा। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के खाते खोलने एवं सीसीएल के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने हेतु लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने तथा लाभान्वित करने पर भी जोर दिया। इसके अलावा एनपीए खातों की वसूली के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर तहसीलों के माध्यम से वसूली प्रमाण पत्र भेजने के निर्देश दिए, ताकि वसूली कार्य में तेजी लाई जा सके। बैठक के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक कमलेश भास्कर ने विभिन्न बैंक शाखाओं में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर प्रगति विवरण समय से पोर्टल पर अपलोड करने का अनुरोध किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक से आए एलडीओ अमित गुप्ता, नाबार्ड के डीडीएम कमलेश यादव, उपायुक्त उद्योग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मलमास में मैली हुई आस्था : भौरीगंज सरयू घाट पर गंदगी से संत समाज में रोष

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। करनैलगंज तहसील अंतर्गत परसपुर ब्लॉक के भौरीगंज स्थित पवित्र सरयू नदी घाट की बदहाल स्थिति को लेकर संत समाज और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घाट पर फैली गंदगी, नदी में गिरते गंदे नाले और जल प्रवाह बाधित होने से श्रद्धालुओं की आस्था आहत हो रही है। मामले को लेकर संत-महात्माओं ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसिद्ध संत बाबा गोकर्ण दास फलाहारी बाबा ने आरोप लगाया है कि सरयू नदी पुल के नीचे बड़े-बड़े बोल्डर और मलबा डाले जाने से नदी का प्राकृतिक जल प्रवाह प्रभावित हो गया है। वहीं भौरीगंज बाजार का गंदा नाला सीधे पवित्र सरयू नदी में गिराया जा रहा है, जिससे नदी का जल लगातार प्रदूषित और जहरीला होता जा रहा है।

संत समाज का कहना है कि गंदगी और प्रदूषण के चलते नदी में मछलियां मर रही हैं तथा घाट पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घाट के आसपास दुर्गंध का माहौल बना हुआ है, जिससे धार्मिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। वर्तमान समय में मलमास का पावन पर्व चल रहा है। ऐसे में दूर-दराज के गांवों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरयू स्नान और पूजा-अर्चना के लिए घाट पर पहुंच रहे हैं। लेकिन घाट की बदहाल स्थिति देखकर श्रद्धालुओं में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी गंभीर समस्या को लेकर बाबा गोकर्ण दास फलाहारी बाबा के नेतृत्व में कई संत-महात्मा एवं स्थानीय नागरिक आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। आंदोलनकारियों ने साफ कहा है कि जब तक घाट की समुचित सफाई, गंदे नाले की व्यवस्था और नदी के जल प्रवाह को सुचारु नहीं किया जाएगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि घाट पर सफाई कर्मचारियों की कोई तैनाती नहीं है और जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे पर मौन बने हुए हैं। लोगों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर सरयू घाट को स्वच्छ, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के अनुकूल बनाने की मांग की है। संत समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

सीवर कार्यों की बदहाली पर विधायक का फूटा गुस्सा

कहा अधूरी और खराब सड़कों पर न किए जाए ठेकेदारों को भुगतान

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। शहर में बदहाल सीवर व्यवस्था, महीनों से खोदी गई सड़कों और अधूरे पड़े कार्यों को लेकर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। सर्किट हाउस सभागार में जल निगम अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक ने अधिकारियों और ठेकेदारों की कार्यशैली पर तीखी नाराजगी जताते हुए कहा कि 'जनता को परेशान करने वाली लापरवाही अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' बैठक के दौरान पार्षदों ने शहर के विभिन्न वार्डों में सीवर परियोजना की अव्यवस्था और सुस्त कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी। पार्षद अनुज दास ने बताया कि छह महीने पहले सड़क खोदने के बाद आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। पार्षद अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि कई स्थानों पर महीनों से काम लंबित पड़ा है और संबंधित ठेकेदार संसाधनों के अभाव में काम तक नहीं करा पा रहा। पार्षद दीप कुमार गुप्ता ने आदर्श पुरम कॉलोनी के सड़कों की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सीवर लाइन डालने के बाद सड़कें चलने लायक नहीं बची हैं। घोसियाना क्षेत्र में पाइप डालने के बाद ठेकेदार महीनों से गायब है। वहीं पार्षद अंकित त्रिपाठी ने लोगों के घरों में सीवर का पानी भरने की गंभीर शिकायत रखी। पार्षद ज्ञान केसरवानी ने मकबरा फतेहगंज रोड में चल रहे सीवर कार्य में जलनिगम की कार्यशैली पर सवाल उठाए। पार्षद विनय जायसवाल ने रामपथ पर खुले पड़े मैनहोल, ढक्कन गायब होने, सीवर ओवरफ्लो और कंट्रोल रूम द्वारा शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता के मुद्दे भी जोरशोर से उठे। इन शिकायतों पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि जब तक पुराने और अधूरे कार्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक किसी भी नए स्थान पर सीवर लाइन का कार्य शुरू न किया जाए। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिए कि सभी खोदी गई सडकों के गुणवत्ता पूर्ण निमार्ण से पहले ठेकेदारों का भुगतान रोक दिया जाए।विधायक ने कहा कि बरसात से पहले हर हाल में खोदी गई सड़कों का निर्माण पूरा होना चाहिए। उन्होंने जल निगम की कार्यशैली को अव्यवस्थित बताते हुए कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी और कार्यशैली में सुधार न आने पर शासन को कार्रवाई की संस्तुति भेजी जाएगी।बैठक जल निगम के अधीशाषी अभियन्ता नगरीय रोहित चौरसिया, सहायक अभियन्ता विवेक पाण्डेय, संतोष कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र, वरूण चौधरी, मौजूद रहे।

जेष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर शिव शक्ति ट्रस्ट ने कराया भंडारा

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) जेष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर श्री शिव शक्ति ट्रस्ट की ओर से लक्ष्मी पुलिस वर्दी स्टोर रिकाबगंज चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया।भंडारे का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह एवं भाजपा नेता आलोक सिंह रोहित ने हनुमान जी के चित्र पर पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।आयोजक पत्रकार क्षितिज साधवानी ने बताया कि बड़े मंगल के पावन अवसर पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह, आदित्य विजय सिंह सहित ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

एनटीपीसी टांडा में बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। एनटीपीसी लिमिटेड टांडा की नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत आयोजित 'सपनों की उड़ान' बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला-2026 का भव्य शुभारंभ सरगम सभागार में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों की बालिकाओं को शिक्षा, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और जीवन कौशल के माध्यम से सशक्त बनाना है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एवं एनएसपीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिवाकर कौशिक रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तरा क्लब की अध्यक्षा सीमा कौशिक उपस्थित रहीं। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान एनटीपीसी गीत एवं गरिमा महिला मंडल द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।समारोह में कार्यशाला पर आधारित प्रेरणादायी चलचित्र का प्रदर्शन किया गया। वहीं बाल भवन एवं गरिमा महिला मंडल विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जेम बालिकाओं द्वारा योग प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।दिवाकर कौशिक ने कहा कि बालिका सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी की गर्ल एम्पावरमेंट मिशन योजना देशभर में हजारों बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। सीमा कौशिक ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया।कार्यशाला में बालिकाओं को शिक्षा, संगणक ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, योग, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा एवं नेतृत्व कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सामग्री किट वितरित की गई। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा, संघमित्रा परिदा समेत अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

समाज सेवा पहली प्राथमिकता : राजन पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। वरिष्ठ समाजसेवी राजबहादुर पाण्डेय उर्फ राजन पाण्डेय ने कहा कि समाज के हर वर्ग की सेवा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। प्रेस क्लब सिविल लाइन्स में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वह करीब 30 वर्षों से गरीबों, जरूरतमंदों और पीड़ित परिवारों की सहायता करते आ रहे हैं।उन्होंने बताया कि गरीब परिवारों की बेटियों की शादी, अनाथ बच्चों की मदद, गरीबों को शिक्षा सहायता और जाड़े में कंबल वितरण जैसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने प्रेस क्लब में पत्रकारों के लिए फ्रिज उपलब्ध कराया, ताकि आने वालों को ठंडा पेयजल मिल सके। साथ ही जल्द ही साउंड सिस्टम उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने राजन पाण्डेय का अंगवस्त्र और प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में इन्द्रभूषण पाण्डेय, सूर्यनारायण सिंह, नाथबक्श सिंह, उग्रसेन मिश्र, प्रमोद श्रीवास्तव, के.के. मिश्र, राजेंद्र दूबे राजू समीर साही ,आकाश सोनी, कुशल मिश्रा ,अजय श्रीवास्तव अज्जू,राकेश श्रीवास्तव , रूपेश श्रीवास्तव सुबोध श्रीवास्तव, गुलजार खान समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

पुलिस ने डकैती का किया खुलासा, मुठभेड़ में 5 शातिर गिरफ्तार लूट के ज़ेवरात व नगदी बरामद

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। देवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ग्वारी में बीती 22 मई को एक किराना व्यापारी के घर पर हुई डकैती का खुलासा करते हुवे बीती रात्रि लगभग दो बजे पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान 5 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया जिसमे दो शातिर को गोली लगने से घायल हो गया और एक अभियुक्त अँधेरे का फायदा उठाकर मौक़े से फरार हो गया। पुलिस ने उनकी निशादेही से लूटे गये जेवरात, चार अदद अवैध तमंचा व 04 लाख 64 हजार रु0 नगद व घटना में प्रयुक्त एक अदद वैगेनार कार, एक अदद मोटरसाइकिल बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक 22.05.2026 को पीड़ित आलोक कुमार पुत्र स्व0 रमेशचन्द्र जायसवाल निवासी ग्राम ग्वारी चौराहा मजरे शाहपुर थाना देवा जनपद बाराबंकी द्वारा तहरीर दी गयी कि रात्रि को घर में पीछे के दरवाजे से 3-4 अज्ञात लोग आये परिजनों के साथ मार-पीट कर घर से जेवरात व नगदी लूट लिया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उक्त डकैती की घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीमों का गठन कर किया गया था। इसी क्रम में आज 27 मई 2026 को स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा, सीसीटीवी कैमरा की मदद से घटना का अनावरण करते हुए प्रकाश में आए अभियुक्तगण जसीम अहमद पुत्र सिराज अहमद निवासी ग्राम अलहइयापुर थाना कैसरगंज जनपद बहराइच, सैफ पुत्र याकूब निवासी ग्राम सोढ़ीपुर थाना घुंघटेर को पुलिस मुठभेड में व मो0 इस्माइल पुत्र मुजफ्फरअली निवासी चांदपुर रुधौली थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर, मो0 अबरार पुत्र कमरूद्दीन निवासी ददरा नोखेपुरवा थाना बड़ूपुर बलवन्त सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी देवगांव पश्चिम थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को गोवर्धन कालोनी गेट के पास से एक बैगनार कार के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशादेही पर लूट से सम्बन्धित 04 लाख 64 हजार रूपये, 2. सोने व चांदी के जेवरात, 3. 04 अदद अवैध तमंचा .315 बोर के अलावा लूट के 4 अदद पायजेब सफेद धातु, 4 अदद कान की झुमकी पीली धातु, दो अदद माला गुरिया बाजारु मय दो पैडल, एक अदद अंगूठी पीली धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु, एक अदद कड़ा सफेद धातु, 3 अदद पीली धातु कनछड़ी, एक अदद चांदी का सिक्का (जिस पर विक्टोरिया की फोटो 10 ग्राम का है) एक अदद गले का हार पीली धातु, एक अदद मांग टीका पीली धातु, नथुनी पीली धातु तीन फूल की मय लड़ी, एक अदद कान के टप्स पीली धातु, 2 अदद झूमर पीली धातु, एक अदद हाथ फूल सफेद धातु, 4 अदद बाल गजरा सफेद धातु, एक अदद 13 गुच्छे वाली, 4 अदद बिछुआ सफेद धातु, पीली धातु के कटे हुए जेवर, गुरिया आदि कुल अनुमानित वजन लगभग 72 ग्राम व एक अदद वैगनआर कार एवं एक अदद मोटरसाइकिल बरामद किया है। पूछतांछ एवं जांच में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि उसका एक गैंग है, जिसका लीडर बुलन्दशहर का रहने वाला रोहित जाट है। अभियुक्तगण द्वारा घूम कर उन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं घरों को चिन्हित किया जाता है, जहां पर व्यक्तियों की संख्या कम हो तथा धन अधिक हो।

विधि छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम, 29 मई तक आवेदन

अयोध्या। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद के लॉ कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सचिव प्रिया सक्सेना ने बताया कि एलएलबी एवं एलएलएम में अध्ययनरत इच्छुक छात्र-छात्राएं 29 मई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जनपद न्यायालय की वेबसाइट अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेखों सहित 29 मई शाम पांच बजे तक जमा करना होगा।

30 मई को रोजगार मेला, निजी कंपनियों में मिलेगा नौकरी का अवसर

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से 30 मई को राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, डिप्लोमा एवं आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को rojgaarsangam.up.gov.in, ncs.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

बकरीद को लेकर एसडीएम व सीओ ने किया रूट मार्च

मवई-अयोध्या। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी रुदौली संतोष कुमार एवं क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम ने पटरंगा थाना क्षेत्र में रूट मार्च किया। प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि सीवन, वाजिदपुर, गैरोंढा, पचलो, मखदूमपुर और रानीमऊ समेत संवेदनशील गांवों में पुलिस बल के साथ मार्च निकालकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। सीओ आशीष निगम ने कहा कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हरे चारे के बिना स्वस्थ नहीं रह सकता पशुः मंत्री

कुमारगंज/अयोध्या। भारत कृषि प्रधान देश है और हमारे देश का हृदय उत्तर प्रदेश में निवास करता है। प्रदेश के अंदर 45 प्रतिशत हरा चारा और 20 प्रतिशत सूखे चारे की कमी है। हरा चारा मवेशियों के लिए बहुत जरूरी है। इसके बिना पशु स्वस्थ नहीं रह सकते हैं। किसान पुआल को खेतों में जला रहे हैं जिससे प्रकृति से खिलवाड़ व मिट्टी की गुणवत्ता घटती जा रही है। चारा उत्पादन के साथ किसान व्यवसायिक खेती कर सकते हैं।

एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाने की जरूरत है। अपनी प्रजाति को विस्तार देने की जरूरत है। ब्रीडर बीज बढ़ाने के साथ-साथ गुणवत्तायुक्त बीज किसानों तक पहुंचाना होगा जिससे कि किसानों की पैदवार में इजाफा हो। विवि ने कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक नई ऊंचाईयों को छूआ है। इसमें पूरे विवि परिवार ने मिलकर सहयोग किया है।

यह बातें कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में कही। वे दो दिवसीय राष्ट्रीय समूह बैठक खरीफ-2026 के शुभारंभ के अवसर पर 'चारा फसलें एवं उपोयगिता' विषय पर वैज्ञानिकों को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे।

विशिष्ट अतिथि आई.सी.ए.आर नई दिल्ली के उप महानिदेशक डा. डी. के. यादव ने कहा कि 11 वर्षों में चारा फसलों की 207 प्रजातियां विकसित हुई हैं। सीड की उपलब्धता में हम आज भी पीछे हैं जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उप महानिदेशक ने कहा कि उत्पादन तकनीक को बढ़ाने के साथ-साथ इसे किसानों तक पहुंचाना होगा। उत्पाद के साथ-साथ गुणवत्ता भी बढ़ेगी तभी शोध का उद्देश्य पूरा होगा।

नागरिकों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए नगर निगम ने लगवाया टेंट

अयोध्या। आवागमन के दौरान नागरिकों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए नगर निगम ने शहर में जगह-जगह टेंट लगवाया है। अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ ने बताया कि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में श्रीराम हास्पिटल, वशिष्ठ कुंड चौराहा, रिकाबगंज, नियावां में 864 वर्ग फीट के दो-दो पंडाल सभी स्थानों पर लगाए गए हैं, जिनकी ऊंचाई 16 फीट की गई है, ताकि वाहनों की आवागमन में कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व गर्मी के दौरान हनुमानगढ़ी पर 216 फीट लंबाई में टेंट लगाया गया है। ये टेंट 18 फीट की चौड़ाई में लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या नगर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्प्रिंकलर मशीन से पानी का छिड़काव लगातार कराया जा रहा है।

साइबर ठगी की रकम खातों में मंगाकर निकालने वाला गिरोह बेनकाब, दो गिरफ्तार

डॉलर एक्सचेंज के नाम पर साइबर फ्रॉड की रकम की करते थे निकासी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न खातों में मंगाकर उसकी निकासी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी साइबर क्राइम थाना के मार्गदर्शन में साइबर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी फरेंदा दीपशिखा के पर्यवेक्षण में साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त लोगों को डॉलर एक्सचेंज कर भारतीय मुद्रा खातों में भेजने का झांसा देते थे। इसके माध्यम से साइबर ठगी की रकम अपने और परिचितों के खातों में मंगाकर उसकी निकासी करते थे तथा बाद में रकम का बंटवारा कर लेते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अकिल पुत्र जैनुल्लाह एवं तौसिफ पुत्र अकिल निवासी वार्ड नंबर-11, जुगौली थाना सोनौली जनपद महराजगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन और एक नेपाली सिम कार्ड बरामद किया है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना महराजगंज में धारा 318(4), 61(2)(बी) बीएनएस एवं 66ष्ठ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

11000 दीयों से जगमगाया सरयू तट, गंगा दशहरा पर हुई भव्य आरती

अयोध्या। गंगा दशहरा के अवसर पर नित्य सरयू आरती घाट पर आंजनेय सेवा समिति द्वारा 11000 दीयों से भव्य सरयू आरती का आयोजन किया गया। दीपों की रोशनी से पूरा सरयू तट जगमगा उठा। वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और मां सरयू की आरती के दिव्य दृश्य ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराई। इस दौरान सरयू घाट पर आकर्षक फूल बंगला भी सजाया गया।कार्यक्रम में संत राजकुमार दास, महामंडलेश्वर गिरीश दास, ज्योतिषाचार्य राकेश दास एवं प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में संत-महंत और श्रद्धालु मौजूद रहे। आंजनेय सेवा समिति के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास ने बताया कि गंगा दशहरा पर मां सरयू की विशेष झांकी सजाकर हजारों श्रद्धालुओं के बीच भव्य आरती की गई। उन्होंने कहा कि सरयू तट पर यह परंपरा करीब 125 वर्षों से निभाई जा रही है।समारोह का संचालन पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास ने किया। उन्होंने बताया कि मां गंगा के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में फूल बंगला, सरयू आरती और गंगा आरती का आयोजन भव्य रूप से किया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, इसलिए इस पर्व का विशेष महत्व माना जाता है।

सादिक के प्रयास से लगा वाटर कूलर, शीला ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। भीषण गर्मी से रहागीरो को निजात दिलाने को लेकर दुर्गापुरी वार्ड स्थित आनंद भवन स्कूल के ठीक सामने वाटर कूलर लगाने से लोगो को सुकून मिला। दुर्गापुरी वार्ड के सभासद सादिक हुसैन के प्रयास से नगर पालिका प्रशासन द्वारा वाटर कूलर लगाया गया, जिसका आज बुधवार को नगर पालिका चेयरमैन शीला सिंह व प्रतिनिधि सुरेन्द्र वर्मा एवं सभासद सादिक हुसैन ने उद्घाटन कर लोगो को मिठाई खिलाकर पानी पिलाया। वहाँ मौजूद रहागीरो ने चेयरमैन शीला सिंह का धन्यवाद किया। इस अवसर पर चेयरमैन शीला सिंह ने बताया की इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ने से लोग ठंडा पानी ना मिलने से परेशान थे जिस पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख जगहों पर वाटर कूलर लगाया जा रहा है और लगभग लग भी चुके है। सभासद सादिक हुसैन ने कहा की हमारी तरफ से लगातार प्रयास रहा है की अपनी जानता की हर परेशानी को दूर करने की कोशिश करते है। उन्होंने आगे कहा की वाटर कूलर को लगावने के लिए चेयरमैन साहिबा से कहा इसपर उन्होंने हमारी मांग पर ध्यान देते हुवे तत्काल देवा रोड आनंद भवन के सामने वाटर कूलर लगवाया जिसका हम और हमारी वार्ड वासियो की तरफ से शुक्रिया अदा करते है। इस मौक़े पर नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा मोहम्मद अब्बास (अधिवक्ता) अमित कनोजिया, मंज़र अब्बास, मो आसिफ, चाँद, मनोज गुप्ता, नजमी फारुकी, शबाहत ज़ैदी, अशोक, गुलाम अब्बास ज़ैदी आदि लोग मौजूद रहे।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में आरओ वाटर कूलर का हुआ उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। बुधवार की शाम को जिला संयुक्त चिकित्सालय में स्थित इमरजेंसी वार्ड के सामने रोटरी क्लब द्वारा आरओ वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया जिला संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्साधीक्षक डॉक्टर एके द्विवेदी ने कहा कि जल ही जीवन है जीवन का आधार है, इसको चरितार्थ करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह और सचिव विनोद कुमार गुप्ता द्वारा रोटरी क्लब के सौजन्य से आरओ वाटर कूलर का स्थापना किया गया। रोटरी क्लब की चार्टर्ड प्रेसिडेंट विंध्यवासिनी सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाटर कूलर रोटरी क्लब द्वारा फरेंदा रोड स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में स्थापना की गई जिसका उद्घाटन सीएमएस द्वारा किया गया द्य इस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर एबी त्रिपाठी ने कहा कि धरती का 71% हिस्सा पानी से ढका है, लेकिन इसमें से केवल 2.5% ही पीने योग्य मीठा पानी है। आज के समय में तेज़ी से बढ़ती जनसंख्या, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के कारण जल स्तर घट रहा है । रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह और सचिव विनोद गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि ब्रश करते या दाढ़ी बनाते समय नल बंद रखें, और टपकते हुए नलों की मरम्मत तुरंत करवाएं।

पुनः उपयोग आरओ वॉटर प्यूरीफायर और सब्जियों को धोने में इस्तेमाल हुए पानी को पौधों में डालें या घर की सफाई में इस्तेमाल करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चार्टर प्रेसिडेंट विंध्यवासिनी सिंह, अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, सचिव विनोद कुमार गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एके द्विवेदी डॉक्टर रोटियन एबी त्रिपाठी, रोटेरीयन डॉक्टर अरुण गुप्ता,रोटेरियन जैनुल आबेदीन, डॉक्टर रोटेरियन साजिद अहरारी, रोटेरियन आत्मा राम गुप्ता, रोटेरियन प्रभव मिश्रा, रोटेरियन एमपी सिंह रोटेरियन डॉक्टर अमित हालदार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

विश्व माहवारी दिवस पर किशोरियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

सेनेटरी पैड वितरित कर माहवारी प्रबंधन की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

मिठौरा(महराजगंज)। विश्व माहवारी दिवस के अवसर पर बुधवार को पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति द्वारा ग्राम सभा बसवार में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत कराई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदौर की काउंसलर विजय लक्ष्मी ने विश्व माहवारी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की जानकारी दी। इस दौरान लगभग 40 बच्चियों को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति की इंचार्ज सिस्टर अलविना ने बच्चियों को नियमित साफ-सफाई, पोषण एवं माहवारी प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं समिति के सदस्य आनंद कुमार ने विश्व महिला स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए स्वच्छ पानी पीने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। पंचायत सहायक जोखन प्रसाद ने कहा कि प्रशिक्षण में मिली जानकारियों का पालन करते हुए इसे अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाना चाहिए, तभी स्वस्थ समाज और स्वस्थ गांव की कल्पना साकार हो सकेगी। कार्यक्रम के अंत में कृष्ण मोहन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिस्टर सोनिया, उर्मिला, आरती, प्रियंका, उषा, दया, प्रीति, राजकुमार, पूर्णिमा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

बकरीद पर टांडा कोतवाल का अल्टीमेटम गाइडलाइन तोड़ी तो होगी कार्यवाही

अम्बेडकरनगर। बकरीद पर्व को लेकर कोतवाली टांडा पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। टांडा कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी ने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि शासन और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का हर हाल में पालन कराया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।कोतवाल रघुवंशी ने कहा कि हाल ही में हुई प्रशासनिक बैठक में उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने गांव-देहात की भाषा में लोगों को समझाते हुए कहा कि त्योहार खुशी, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, लेकिन अगर किसी ने माहौल बिगाड़ने या कानून से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो पुलिस सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी, गंदगी फैलाने, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी अथवा शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

भीषण गर्मी को देखते हुए प्रधानों को तालाब से अवैध कब्ज़ा हटवाने का निर्देश

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर / जलालपुर। भीषण गर्मी, बढ़ते जल संकट और ग्रामीण संसाधनों के संरक्षण को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। विकास खंड जलालपुर स्थित डोकरा हॉल में आयोजित प्रधान संघ की महत्वपूर्ण बैठक में राहुल गुप्ता ने ग्राम प्रधानों को जनहित एवं ग्राम विकास से जुड़े कई अहम निर्देश दिए। बैठक में गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राहुल गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में राहत व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि गांवों के तालाबों में पर्याप्त पानी भरवाया जाए, ताकि पशु-पक्षियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी राहत मिल सके तथा जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके।

उन्होंने जर्जर एवं खस्ताहाल चक मार्गों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए, जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान ग्राम समाज की भूमि, तालाब, खलिहान, घूरगड्ढा और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जों को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी सार्वजनिक स्थलों को कब्जामुक्त कराकर इसकी सूचना संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में ग्राम प्रधानों के साथ गांवों की मूलभूत समस्याओं, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

धान की खेती को लेकर किसानों में खासा उत्साह

जलालपुर अम्बेडकरनगर। जलालपुर में धान की खेती को लेकर किसानों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खरीफ सीजन शुरू होते ही राजकीय कृषि बीज एवं कृषि रक्षा भंडार, जलालपुर पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। किसान उन्नत और प्रमाणित धान बीज खरीदने के लिए सुबह से ही केंद्र पहुंच रहे हैं।

केंद्र पर इस समय एमटीयू-7029, डीआरपी-53, आईआर-64, बीपीटी-5204, साभा, सीईओ-51 और एचयूआर-917 जैसी उन्नत धान प्रजातियां उपलब्ध हैं। बेहतर उत्पादन और अच्छी गुणवत्ता के कारण किसान इन किस्मों को काफी पसंद कर रहे हैं।

धान बीज लेने पहुंचे किसानों विनोद, रामप्रताप, मनीराम, बलिराम और मंसाराम ने बताया कि वे हर साल सरकारी बीज भंडार से ही प्रमाणित बीज खरीदते हैं। किसानों का कहना है कि यहां मिलने वाले बीज भरोसेमंद होते हैं और फसल की पैदावार भी अच्छी होती है। राजकीय कृषि बीज एवं कृषि रक्षा भंडार के सचिव विनीत कुमार वर्मा ने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

चौथे बड़े मंगलवार पर रुंगटा साड़ीज प्रतिष्ठान में गूंजे जयकारे, हुआ भंडारा

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार पर नगर पंचायत शोहरतगढ़ में स्थित भारत माता चौक के पास रुंगटा साड़ीज प्रतिष्ठान पर श्रद्धा और भक्ति का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान गोपी रुंगटा एवं श्याम रुंगटा ने अंजनी पुत्र बजरंगबली को लाल फूल, सिंदूर, फल, मेवा एवं चोला अर्पित कर सुख-समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की।

सुबह से ही प्रतिष्ठान पर भजन-कीर्तन, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होता रहा, जिससे पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया। 'जय श्रीराम' और 'बजरंगबली की जय' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। गोपी रुंगटा ने विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ कर समाज और देश के कल्याण की प्रार्थना की।

भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए पानी और शरबत की व्यवस्था भी की गई। शाम को आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं को छोला-चावल का प्रसाद वितरित किया गया।पुजारी अवधेश पाण्डेय ने बताया कि संकटमोचन हनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चारण करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है तथा आकस्मिक दुर्घटनाओं से रक्षा होती है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करना अत्यंत फलदायी माना जाता है।भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शारदा सुल्तानिया, गोपी रुंगटा, श्याम रुंगटा, राजेंद्र उर्फ नीलू रुंगटा, अमिरता रुंगटा, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, घनश्याम गुप्ता, अजय चौधरी, सोनू सिंह, बच्चा भइया, नरेंद्र कौशल, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, शिवप्रसाद वर्मा, उमाशंकर वर्मा, सतेन्द्र कसौधन, विपिन कुमार त्रिपाठी, ज्योति, गरिमा, अंकिता, महिमा, आशीष कौशल, अमित कसौधन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

ईद उल अजहा पर्व को मनाने को लेकर मस्जिदों व आस पास की सफाई के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



जलालपुर अंबेडकरनगर। ईदु-उल -अजहा का त्योहार 28 मई को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर सरकारी अमला पूरी तैयारी कर चुका है। नगर पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को ईदगाहों व मस्जिदों के आसपास साफ़ सफाई रखने का जहां निर्देश दिए हैं, वहीं पालिका परिक्षेत्र में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को बहाल रखने को कहा है।

त्योहार को सकुशल संपन्न के लिए पुलिस प्रशासन काफ़ी सतर्क है। उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने अवशेष को दफ़न किये जाने वाले गढ्ढों को बड़ा करने का पालिका प्रशासन को निर्देश दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह ने नगर व क्षेत्र के लोगों से आपसी भाईचारा के साथ ईद उल अजहा का त्योहार मनाने की अपील की है।इसी कड़ी में तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने बैठक कर लोगों को सरकारी गाइड लाइन के अनुसार त्योहार मनाने के निर्देश दिए हैं। कोतवाल अजय प्रताप यादव को धर्मगुरू मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने त्योहार को सरकारी गाइड लाइन के अनुसार मनाने का आश्वासन दिया। ईदु-उल - अजहा त्योहार को लेकर नगर व क्षेत्र की मस्जिदों एवं ईदगाहों में नमाज अदा करने का समय भी इमामों द्वारा निर्धारित कर दिया गया है। वाजिदपुर स्थित पुरानी ईदगाह पर ईदु उल अजहा की नमाज़ का समय प्रातः 7:30 बजे निर्धारित किया गया है।मगुराडिला स्थित नई ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज़ अदा की जायेगी। उर्दू बाजार स्थित जामा मस्जिद में प्रातःः6:30 बजे ,मदीना मस्जिद सराय चौक में 6:45 बजे, नूरी जामा मस्जिद 7:00 बजे ,सराय चौक स्थित रौजा हज़रत कासिम में 10:00बजे ,जाफराबाद स्थित बड़ी मस्जिद में 9:30 बजे एवं छोटी मस्जिद में 9:30 बजे ईदुल अजहा की नमाज अदा की जायेगी।

माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है : हितांशु जी महाराज

- श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिवस

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। यदि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है तो वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए।माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ।

उक्त बातें कथा व्यास हितांशु जी महाराज ने कहीं। वह शहर के विवेकानंद नगर में श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर के स्थापना दिवस को लेकर चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करा रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। कथा व्यास हितांशु जी महाराज ने भगवान के चौबीस अवतारों के अलावा भगवान शंकर, सुकदेव आदि के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। इस मौके पर संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा समापन के बाद कथा व्यास हितांशु जी महाराज ने उपस्थित बच्चों से तीसरे दिवस के प्रसंग से सम्बंधित प्रश्न किये जिसका सही उत्तर देने वाले बच्चों को व्यास पीठ पर बुलाकर उन्हें पुरस्कृत किया।

बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण पत्रकारिता को नई दिशा देकर समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज़ को मजबूती प्रदान की : अनिल दुबे

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक, ग्रामीण पत्रकारिता के पुरोधा एवं पत्रकारों के पथप्रदर्शक स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी की 39वीं पुण्यतिथि पर सिंचाई डाक बंगले के सभागार में शत-शत् नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

प्रदीप तिवारी जिलाध्यक्ष गोंडा तहसील अध्यक्ष करनैलगंज श्रीनाथ रस्तोगी ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की 39 पुण्यतिथि आज ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया गया। बाबू बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण पत्रकारिता को नई दिशा देकर समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज़ को मजबूती प्रदान की। पत्रकारिता जगत में उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत एवं स्मरणीय रहेगा। तरबगंज तहसील अध्यक्ष योगेश पांडे ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और एकता के लिए उनका संघर्ष, समर्पण और योगदान सदैव स्मरणीय एवं प्रेरणादायी रहेगा। गोंडा तहसील अध्यक्ष विष्णु प्रताप मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता को नई पहचान और सशक्त दिशा प्रदान करने वाले, पत्रकारों को संगठित कर उन्हें एक मजबूत मंच देने वाले ग्रामीण पत्रकार आज भले ही इस दुनिया मे न हो लेकिन उनके द्वारा किये गए कार्यो को याद किया जायेगा। मनकापुर तहसील अध्यक्ष राकेश दत्त राम पांडे ने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन करता हूं बाबूजी ने ग्रामीण पत्रकारिता को जो मार्गदर्शन दिया है इस मार्ग पर हम लोग चलकर संगठन को आगे बढ़ने का कार्य करके उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। मुन्ना लाल पांडे जिला कोषाध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण पत्रकारिता को नई दिशा और पहचान दिलाने का कार्य किया। उन्होंने गांव की आवाज को मुख्यधारा तक पहुंचाने के लिए संघर्ष किया। महामंत्री अशोक पाठक ने कहा आज ग्रामीण पत्रकार की जो हैसियत हैं वह बाबू बालेश्वर लाल जी की देन है और आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का झंडा कई प्रांतों में लहरा रहा है।

संस्कार भारती जिला इकाई का शपथ ग्रहण सम्पन्न

- पवन कुमार जायसवाल जिला अध्यक्ष व डॉ गोविंद ओझा बने महामंत्री

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। संस्कार भारती जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। पवन कुमार जायसवाल जिला अध्यक्ष व डॉ गोविंद ओझा महामंत्री बने तथा रामशरण कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम, अमित त्रिपाठी धीरज गुप्ता, राजकमल जायसवाल, प्रदीप वर्मा एवं आशीष सिंह जिला उपाध्यक्ष बनाये गये। जबकि धीरेंद्र वर्मा सह महामंत्री, मालती, सोनू श्रीवास्तव, अर्जुन पासवान व संदीप श्रीवास्तव ने मंत्री पद की शपथ ली।

मंचीय विद्या प्रमुख नितेश पांडेय, लोककला प्रमुख रुपेश मिश्रा, दृश्य कला विद्या प्रमुख संजू जायसवाल, साहित्य कला विद्या प्रमुख पंकज सिद्धार्थ, धरोहर कला प्रमुख डॉक्टर शरदेंदु त्रिपाठी जी एवं प्रचार प्रमुख के रूप में मनोज कुमार तथा गुंजन ने शपथ ली।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत महामंत्री अनिल सिंह, मानवेंद्र त्रिपाठी (सह मंत्री), विश्व मोहन त्रिपाठी (सदस्य प्रबंध कार्य कारिणी एवं कार्यक्रम संयोजक) तथा राणा प्रताप सिंह (प्रांत उपाध्यक्ष) मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष महामंत्री आदि के द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के विधिवत शुरुआत नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन जायसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि संस्कार भारती भारतीय लोक कला संस्कृति साहित्य संगीत नाट्य चित्रकला एवं भारतीय जीवन मूल्यों के संरक्षण पर कार्य करता है इसके साथ ही साथ उन्होंने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत कर किया कार्यक्रम का संचालन मंचीय कलाकला विद्या प्रमुख नितेश पांडे ने किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को मुख्य अतिथि अनिल सिंह ने शपथ दिलाई साथ ही उन्हें समाज में सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय भावना के प्रसार के लिए जागरूक किया।

सभा के समापन के घोषणा नवनिर्वाचित महामंत्री श्री गोविंद ओझा ने सबका आभार व्यक्त करते हुए किया।

टावर पर चढ़कर मांग मनवाना पड़ा युवती को भारी, हुआ मुकदमा दर्ज

बस्ती। मंगलवार को एक युवती द्वारा थाना वाल्टरगंज के कस्बा वाल्टरगंज में वोडाफोन के मोबाइल टावर पर चढ़कर अपनी मांगे मनवाना भारी पड़ गया पुलिस ने इस मामले में युवती पर पब्लिक न्यूसेन्स कारित करने तथा टावर कर्मियों द्वारा टावर के सुरक्षा हेतु कोई पुख्ता इन्तजाम न करने व कर्मचारी के उपस्थित न रहने पर थाना वाल्टरगंज पर मु0अ0सं0 - 116/2026 धारा 270,289 ब्नहस् बनाम 1. टावर पर चढ़ने वाली युवती व 2. वोडाफ़ोन टावर के कर्मचारी के विरुद्ध पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

क्षेत्राधिकार सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि मंगलवार को एक युति अपनी मांग मनवाने को लेकर वोडाफोन के टावर पर चढ़ गई। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ययुवती पर न्यूसेंस कारित करने का मुकदमा पंजीकृत किया है और वोडाफोन पर टावर की सुरक्षा न करने का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार की हुई पदोन्नति, बीएसए ने दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले के खुनियांव विकास क्षेत्र में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) महेंद्र कुमार की पदोन्नति बुधवार को बीएसए या इसके समकक्ष पद के लिए हुई है। उत्तर प्रदेश शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा समूह-ख उच्चतर के रिक्त पदों के सापेक्ष लोक सेवा आयोग में हुई विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक में इनकी पदोन्नति पर मुहर लगाई है। पदोन्नति प्राप्त बीईओ प्रदेश में रिक्त पदों के सापेक्ष बीएसए, राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य, यूपी बोर्ड में उप सचिव, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता के पदों पर नियुक्त होंगे। निरीक्षण शाखा के खंड शिक्षा अधिकारियों को शिक्षण शाखा के पदों पर पदोन्नति दिए जाने को लेकर राजकीय शिक्षकों से विवाद था। इस कारण 2008 के बाद से इनकी पदोन्नति अटकी थी। 18 वर्ष बाद समूह-ख के पद पर पदोन्नति होने से अन्य बीईओ को भविष्य में बीएसए बनने की उम्मीद जगी है। महेंद्र कुमार की पदोन्नति पर बीएसए शैलेश कुमार, बीईओ धर्मेंद्र पाल, अशोक कुमार सिंह, महेंद्र प्रसाद, डीसी सुरेंद्र श्रीवास्तव, धर्मप्रकाश श्रीवास्तव, अमित शुक्ला, आशीष मिश्र, आशीष सिंह, करुणापति त्रिपाठी, हरिशंकर सिंह, रूपेश सिंह, रवि गुप्ता, मुकुल मिश्रा, मिथिलेश सिंह ने खुशी जताई है।

साईबर अपराध के तहत महिलाओं को किया जागरूक

लोटन सिद्धार्थनगर। नेपाल सीमा के करीब साईबर जागरूकता अभियान के तहत ठोठरी बाजार में गांव के महिलाओं व युवतियों को वर्तमान मे हो रहे पैसो की धोखाधडी/साईबर फ्राड/ व सोशल मीडिया (व्हाट्स एप्प फेसबुक,ट्वीटर जैसे सोशल प्लोटफार्म) पर अनावश्यक रूप से अवैध कमेंट/आपत्तिजनक वीडियो और व्यक्तिगत जानकारि अपराधो और साईबर अपराध के प्रति ठोठरी बजार में बुधवार को जागरूक किया गया व लोटन कस्बे मे एटीरोमियो सामुहिक विवाह रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष के प्रति मौजूद लोगों को साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी तथा वर्तमान में हो रहे पैसो की धोखाधडी से बचने के लिए जागरूक किया गया।हो रहे फ्राड को रोकने के लिए शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और ह्यष्ट्रक्कपोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए अवगत कराया गया। साथ में तमाम बिन्दुओं के बारे में भी बताया गया।और कहा गया किसी भी संदिग्ध ईमेल व कॉल या संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक न करें या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। सीधे संगठन की आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क करें। इस दौरान एस आई रवींद्र यादव,म0का0 पूजा वर्मा आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में तीन गंभीर रूप से घायल

बस्ती। गोटवा बाजार के पास ह्ण 28 पर स्थित एचपी पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप के सामने हुए एक सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज हेतु चिकित्सालय भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि आज सुबह लखनऊ से गोरखपुर जा रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की जनरथ बस गोटवा बाजार से पहले हिंदुस्तान पैट्रोलियम के पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर जा रही ईट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इस टक्कर से ट्रॉली पलट गई और सड़क पर चारों तरफ ईंटे बिखर गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ गई जुट। बताया जा रहा है कि हादसे में बस के अगले हिस्से में बैठे 3 यात्रियों को गंभीर चोटे आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलो को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मरवटिया पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी।

हज़रत मुस्लिम के शहादत दिवस पर रखा ताज़िया तावूत

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। हज़रत इमाम हुसैन अस ने हजरत मुस्लिम बिन अकील को कूफे में अपना सफीर बना कर भेजा था। उक्त उदगार हल्लौर स्थित खुर्शीद आरके के आवास पर ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने मजलिस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हज़रत मुस्लिम बिन अकील इमाम हुसैन अस के चाचाजाद भाई थे। जिनके शहादत पर ताज़िया व शबीह ए ताबूत रखकर आज हम लोग यहाँ बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन अस ने हजरत मुस्लिम को कूफे में अपना सफीर बना कर भेजा था। कूफे वालों ने इमाम हुसैन को खत भेजकर बुलवाया था। इमाम हुसैन अस ने कूफे के माहौल का जायजा लेने के लिए हजरत मुस्लिम को वहां भेजा था लेकिन, कूफे में इब्ने जियाद ने पहुंच कर जुल्म करने शुरू किए। पहले तो लोगों ने हजरत मुस्लिम का खैर मकदम किया लेकिन बाद में मुंह मोड़ लिया। हजरत मुस्लिम अकेले इब्ने जियाद की फौजों से लड़ते हुए शहीद हुए। यह कर्बला की घटना की पहली शहादत थी। अपने वालिद से बिछड़कर हज़रत मुस्लिम के दो मासूम बच्चों मोहम्मद व इब्राहिम ने एक औरत के घर में पनाह ली।

ग्राम पंचायत घरुआर गांव में बैठक कर ग्रामीण पर्यटन समिति का किया गया गठन

अवधनामा संवाददाता

- सर्वसम्मति से ग्राम प्रधान शारदा देवी को अध्यक्ष, विक्रम उपाध्यक्ष, भानू प्रताप सिंह सचिव, अर्जुन यादव कोषाध्यक्ष के पद पर किया गया चयन

बढ़नी सिद्धार्थनगर। जनपद के विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत घरुआर गांव में 27 मई दिन बुधवार को ग्राम प्रधान शारदा देवी की अध्यक्षता में बैठक कर ग्रामीण पर्यटन समिति का गठन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान शारदा देवी को अध्यक्ष, विक्रम उपाध्यक्ष, भानू प्रताप सिंह सचिव, अर्जुन यादव कोषाध्यक्ष व कायावती, प्रदीप कुमार, नरेंद्र कुमार कन्नौजिया, अनीता,नंदनी, जयप्रकाश, मीना, रामविलास को सदस्य के रूप में सभी पदों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। उक्त परियोजना उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा संचालित परियोजना एग्री - रुरल एंड गंगे ग्राम रुरल टूरिज्म जो कि लक्ष्य संस्था के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। उक्त बैठक में लक्ष्य सोसायटी फॉर इन्वायर डेवलपमेंट लखनऊ से आये प्रतिनिधि संदीप उपाध्याय ने पर्यटन समिति के कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी। साथ ही सभी पदों का सर्वसम्मति से चुनाव भी करवाया। उक्त बैठक में ग्रामीण पर्यटन विशेषज्ञ रिषभ राय लखनऊ, जिला समन्वयक अविनाश मिश्रा ,ग्रामीण समन्वयक मिथलेश कुमार यादव, कृष्ण मोहन चौधरी, शिव कुमार यादव,जंग बहादुर, नीबर आदि लोग उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, सड़क सुरक्षा के प्रति बढ़ायी जाय जागरूकता

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टेउट सभागार में कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गयी। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने तथा आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभाग समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहॉ आवश्यक सुरक्षा उपाय, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। साथ ही विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

उन्होने यह भी कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालको द्वारा ई-रिक्शा वाहन का प्रयोग न किया जाय। इसके लिए सघन अभियान चलाया जाय। उन्होने एनएचआई से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना के समय गैस कटर, एंबुलेन्स, क्रेन सहित अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल उपलब्ध कराया जाय। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट, टूटी रेलिंग को तत्काल सही कराया जाय। उन्होने प्रवर्तन से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेलमेट, सीटबेल्ट प्रयोग न करने वाले, नशें की हालत में वाहन चलाने वाले, ओवर स्पीड, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी के विरूद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने कहा कि अवैध खनन पर कार्यवाही करें, जरूरत हो तो पुलिस बल की मदद भी ली जाय।

बैठक में उन्होने पाया कि बडेवन स्थित टैऊफिक वैरियर लगाने से दुर्घटनाओं में कमी आयी है। उन्होने अस्पताल चौराहा स्थित विद्युत पोल को रास्ते से दूर शिफ्ट किए जाने का निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिया है। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कहा कि लापरवाही से ही दुर्घटनाए होती है। उन्होने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होने कहा कि अवैध कटो को तत्काल बन्द किया जाय, जहॉ जरूरत हो वहॉ डिवाइडर लगाया जाय। प्रकाश की व्यवस्था की जाय। उन्होने कहा कि ई-रिक्शा वाले रात्रि के समय बैटीऊबचाने के लिए लाइट नही जलाते है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाए बढ जाती है, ऐसे लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव निगम, सम्भागीय परिवहन अधिकारी फरीउद्दीन, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुरेश कुमार मौर्या, यात्रीकर अधिकारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी संजीव कुमार, अवधेश कुमार, आबकारी अधिकारी राजेश कुमार, एनएचआई के प्रतिनिधिगण, सदस्य सड़क सुरक्षा समिति प्रमोद ओझा सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहें।

कहीं मुनाफा, तो कहीं घाटा

पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम 11 दिनों में चौथी बार बढ़ाए गए हैं। कुल वृद्धि करीब 7.50 रुपए प्रति लीटर हो गई है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह बढ़ोतरी 25 रुपए तक जा सकती है। फिर भी यह कोई नई, चौंका देने वाली खबर नहीं है, क्योंकि यूपीए सरकार में भी 150-166 फीसदी तक पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए थे और मौजूदा सरकार भी बढ़ा रही है। ये दाम ईरान युद्ध से उपजे संकट के कारण ही नहीं बढ़ाए गए, बल्कि सरकार की तेल कंपनियों की अपनी ही अर्थव्यवस्था है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और मंत्रालय की प्रवक्ता सुजाता शर्मा लगातार खुलासा करते रहे हैं कि तेल कंपनियां अब भी औसतन 600 करोड़ रुपए का घाटा झेल रही हैं। मंत्री जी ने तो यह घाटा 1 लाख करोड़ रुपए का बताया था और कई बार, कई मंचों पर ऐसे घाटे का रोना रोया था, लेकिन कुछ डाटा सामने आया है, जो मंत्रालय-मंत्री और तेल कंपनियों की 'झूठी अर्थव्यवस्था' को बेनकाब करता है। 2025-26 की आखिरी तिमाही (जनवरी-31 मार्च) के दौरान भारत सरकार की तीन विराट तेल कंपनियों ने 19,470 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया। ईरान युद्ध 28 फरवरी को शुरू हो चुका था, लेकिन युद्ध के बावजूद अकेली 'इंडियन ऑयल' कंपनी ने 11,378 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। 'भारत पेट्रोलियम' और 'हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड' के मुनाफे अलग हैं। वित्त वर्ष की आखिरी तारीख 31 मार्च, 2026 तक तीनों तेल कंपनियों ने कुल 77,280 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। मीडिया में कुछ आंकड़े भिन्न भी दिए गए हैं, जिनके अनुसार सरकारी तेल कंपनियों का मुनाफा 85,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा है। निष्कर्ष यह है कि तीनों तेल कंपनियों ने मोटा मुनाफा अर्जित किया है। आम भारतीय और उपभोक्ता सवाल कर सकते हैं कि 15-25 मई के दरमियान पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम क्यों बढ़ाए गए? तेल कंपनियां कुछ घाटा वहन नहीं कर सकतीं, तो क्या आम आदमी को ही बार-बार 'बलि का बकरा' बनाया जाता रहेगा? क्या तेल कंपनियों के मुनाफे आम करदाता, उपभोक्ता की जेब से ही वसूले नहीं जाते? तो फिर पेट्रोल-डीजल किस्तों में महंगे क्यों किए जा रहे हैं? सबसे संवेदनशील मुद्दा यह है कि मंत्री और मंत्रालय लगातार 'झूठ' क्यों परोसते रहे? यह संविधान और शपथ का भी उल्लंघन है। केंद्र सरकार पेट्रो उत्पादों पर उत्पाद-शुल्क वसूलती है, तो राज्य सरकारें उस पर 2.29 लाख करोड़ रुपए 'वैट' के जरिए कमाती हैं।

क्या लोकतंत्र में आम आदमी ही 'बकरा' बन कर रह गया है, जिसकी बार-बार बलि दी जाती है? 'वैट' कमाने में भी महाराष्ट्र, उप्र, गुजरात की सरकारें 'सर्वोच्च तीन' में शामिल हैं। तीनों राज्यों में ही भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। 'वैट' इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि केंद्र लंबे वक्त तक राज्य सरकारों को उनके हिस्से का पैसा नहीं देता, लिहाजा 'वैट' ही राज्य सरकारों का बुनियादी आर्थिक संसाधन है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हमारी राजनीति 'रेवड़ियों' और 'मुफ्तखोरी' की है, सबसिडी भी लाखों करोड़ों में देनी पड़ती है, आखिर पैसा कहां से आएगा? आम आदमी को ही चूसा जाएगा! दिलचस्प यह है कि अमरीका-ईरान के दरमियान समझौते की उम्मीदों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 104 डॉलर प्रति बैरल से 5 फीसदी घट कर 97-98 डॉलर पर आ गई हैं, लेकिन भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम चौथी बार बढ़ाए हैं। जब युद्ध के बावजूद तेल कंपनियां मुनाफा कमा रही थीं, तो आम आदमी, आम उपभोक्ता को राहत क्यों नहीं दी गई? युद्ध शुरू होने के समय तो कच्चे तेल के दाम 70-72 डॉलर प्रति बैरल थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 12 वर्ष

प्रो. मनमोहन प्रकाश

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पिछले 12 वर्ष अनेक दृष्टियों से परिवर्तनकारी तथा यादगार रहे हैं। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शासन को केवल सत्ता संचालन तक सीमित न रखकर उसे जनसेवा और जनसहभागिता का माध्यम बनाने का प्रयास किया। इन वर्षों में उनकी कार्यशैली का प्रमुख मंत्र रहा- 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास '। यही कारण है कि उनकी नीतियाँ आम जनमानस के जीवन से सीधे जुड़ी दिखाई देती हैं। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे बड़ी विशेषता गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को मुख्यधारा में लाने तथा गरीबी रेखा से बाहर निकालने का प्रयास रहा है। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को धुएँ से मुक्ति दिलाना, आयुष्मान भारत योजना द्वारा गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराना, ऐसे कदम हैं जिन्होंने आम नागरिक के जीवन में क्रांतिकारी वास्तविक परिवर्तन लाया है। स्वच्छ भारत अभियान ने केवल सफाई को सरकारी कार्यक्रम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे जनआंदोलन का रूप दिया। गाँवों और शहरों में शौचालय निर्माण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता ने सामाजिक व्यवहार में सकारात्मक बदलाव उत्पन्न किया। इसी प्रकार 'हर घर जल ', डिजिटल इंडिया और विद्युत विस्तार जैसी योजनाओं ने ग्रामीण भारत को नई सुविधाओं से जोड़ा है।

किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सिंचाई परियोजनाएँ तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जैसे प्रयास किए गए। वहीं युवाओं के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल अवसरों ने रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोले हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व लाभ और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने जैसे कदम महत्वपूर्ण रहे हैं। पिछले 12 वर्षों में भारत ने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का भी दृढ़ता से सामना किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध सहित विभिन्न वैश्विक संघर्षों के कारण पूरी दुनिया ऊर्जा संकट, तेल और गैस की बढ़ती कीमतों तथा आर्थिक अस्थिरता से प्रभावित हुई। ऐसे समय में भारत ने संतुलित विदेश नीति, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों तथा आत्मनिर्भर ऊर्जा नीति के माध्यम से देशहित को प्राथमिकता दी। सौर ऊर्जा, हरित ऊर्जा और वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत की नीति अधिक निर्णायक और प्रभावी दिखाई दी। उरी और पुलवामा जैसी आतंकवादी घटनाओं के बाद भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया। इससे विश्व समुदाय को यह संदेश गया कि नया भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति स्थापित करने के प्रयासों ने भी नई दिशा प्रदान की है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत आज वैश्विक मंचों पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, कोरोना काल में 'वैक्सीन मित्रता' और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश की नई पहचान निर्मित की है।अब भारत केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं अपितु हथियारों के निर्यातक समूह में है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अनेक देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया जाना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। ये सम्मान केवल एक व्यक्ति के नहीं, बल्कि उभरते हुए नए भारत की स्वीकार्यता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं। निस्संदेह, चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं- बेरोजगारी, महँगाई और सामाजिक असमानता और वर्तमान में तेल और गैस आपूर्ति जैसे विषय निरंतर ध्यान की अपेक्षा रखते हैं। किन्तु यह भी सत्य है कि पिछले 12 वर्षों में शासन और जनता के बीच संवाद बढ़ा है तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास अधिक गंभीरता से हुआ है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com

वर्षों की तैयारी करने वाले छात्र जब परीक्षा प्रणाली को ही अविश्वसनीय पाते हैं तो उनमें निराशा और मानसिक तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। आज परीक्षा प्रणाली अविश्वसनीय होती जा रही है। प्रश्नपत्र लीक होना, परीक्षाओं का रद्द होना, शोध कार्यों में साहित्यिक चोरी और कोचिंग संस्कृति का बढ़ना शिक्षा के बाजारीकरण की तस्वीर प्रस्तुत करता है।

क्या आम आदमी विकास से बाहर छूट रहा है?

ललित गर्ग

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद नए भारत के निर्माण के जिन आधार स्तंभों की कल्पना की गई थी, उनमें शिक्षा और चिकित्सा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी। यह माना गया था कि यदि देश के नागरिक शिक्षित, स्वस्थ और जागरूक होंगे तो लोकतंत्र मजबूत होगा, सामाजिक असमानताएं कम होंगी और राष्ट्र विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। शिक्षा को व्यक्ति निर्माण और चिकित्सा को जीवन रक्षा का माध्यम माना गया था। लेकिन स्वतंत्रता के लगभग आठ दशकों बाद स्थिति चिंताजनक प्रश्न खड़े करती है कि क्या ये दोनों क्षेत्र अपने मूल उद्देश्य से भटककर व्यवसाय और बाजार के अधीन नहीं हो गए हैं? आज शिक्षा और चिकित्सा दोनों क्षेत्रों में जो विसंगतियां दिखाई देती हैं, वे केवल व्यवस्थागत संकट नहीं बल्कि सामाजिक संकट का रूप ले चुकी हैं। एक ओर शिक्षा व्यवस्था परीक्षा, अंकों और प्रतिस्पर्धा की आर्थिक मशीन बन गई है, वहीं दूसरी ओर चिकित्सा सेवा लाभ-हानि के गणित में उलझती दिखाई देती है। इन दोनों क्षेत्रों की बढ़ती व्यावसायिकता ने आम आदमी को सबसे अधिक प्रभावित किया है। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं था। शिक्षा अब डिग्री, नौकरी और प्रतिस्पर्धा तक सीमित होती दिखाई देती है।

शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं का सबसे भयावह चेहरा कोटा, सीकर और अन्य कोचिंग एवं शिक्षा केंद्रों में बढ़ती छात्र आत्महत्याओं के रूप में सामने आया है। कोटा, जो कभी देश की शैक्षणिक आकांक्षाओं का केंद्र माना जाता था, अब विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव, प्रतिस्पर्धा, अकेलेपन और असफलता के भय के कारण आत्महत्या की घटनाओं से लगातार चर्चा में रहा है। कोटा, सीकर तथा अन्य कोचिंग नगरों में पिछले वर्षों में अनेक विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर किया है। राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की आत्महत्या की घटना इसी विडंबना का उदाहरण है। परीक्षा रद्द होने से उत्पन्न अनिश्चितता और मानसिक तनाव ने एक संभावनाशील जीवन समाप्त कर दिया। यह घटना अकेली नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2024 में 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। औसतन हर 36 मिनट में एक विद्यार्थी जीवन समाप्त कर रहा है। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था की सामूहिक विफलता है।

दूसरी ओर नीट, नेट, प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में विवाद और अनिश्चितता की स्थितियों ने विद्यार्थियों में गहरा असंतोष और अविश्वास पैदा किया है। वर्षों की तैयारी करने वाले छात्र जब परीक्षा प्रणाली को ही अविश्वसनीय पाते हैं तो उनमें निराशा और मानसिक तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। आज परीक्षा प्रणाली अविश्वसनीय होती जा रही है। प्रश्नपत्र लीक होना, परीक्षाओं का रद्द होना, मूल्यांकन विवाद, शोध कार्यों में साहित्यिक चोरी, पीएचडी प्रक्रियाओं का औपचारिक बन जाना और कोचिंग संस्कृति का बढ़ना शिक्षा के बाजारीकरण की तस्वीर प्रस्तुत करता है। शिक्षा अब ज्ञान से अधिक निवेश और प्रतिफल का विषय बनती जा रही है। धीरे-धीरे शिक्षा सेवा से व्यवसाय में बदलती गई। बड़े निजी विद्यालय, कोचिंग संस्थान और विश्वविद्यालय आज करोड़ों के उद्योग बन चुके हैं। डॉक्टर और इंजीनियर बनाने के सपनों का ऐसा व्यापार खड़ा हुआ जिसमें अभिभावक आर्थिक रूप से टूटने लगे। आज एक सामान्य परिवार अपने बच्चों की शिक्षा के लिए जीवन भर की बचत खर्च करने को विवश है। विद्यालयों की ऊंची फीस, निजी कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा की महंगी व्यवस्था ने शिक्षा को आम आदमी की पहुंच से दूर कर दिया है।

इसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। चिकित्सा को कभी सेवा का क्षेत्र माना जाता था, लेकिन आज निजी चिकित्सालयों की बढ़ती संख्या और उनकी व्यावसायिक प्रवृत्ति ने आम नागरिक को संकट में डाल दिया है। इलाज इतना महंगा हो गया है कि अनेक परिवार बीमारी के कारण आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। निजी अस्पतालों में उपचार, जांच, आईसीयू, दवाओं का खर्च और नकली दवाओं में जीवन समाप्त होने की घटनाएं लगातार बढ़ी है। अनेक मामलों में अनावश्यक परीक्षण, अत्यधिक शुल्क और व्यावसायिक दृष्टिकोण की शिकायतें सामने आती रहती हैं। चिकित्सा सेवा का उद्देश्य रोगी को राहत देना था, लेकिन कई स्थानों पर वह लाभ कमाने की प्रणाली में बदलती दिखाई देती है। जगह-जगह खुले निजी अस्पताल और शिक्षण संस्थान एक प्रकार की प्रतिस्पर्धा में उतर आए हैं। लेकिन यह प्रतिस्पर्धा गुणवत्ता की अपेक्षा लाभ कमाने की अधिक दिखाई देती है। परिणाम यह हुआ कि शिक्षा और चिकित्सा दोनों ही सामान्य नागरिक की आर्थिक क्षमता से बाहर जाने लगी हैं। इन परिस्थितियों का एक सामाजिक दुष्परिणाम भी सामने आया है। आर्थिक दबाव, भविष्य की अनिश्चितता, शिक्षा का तनाव, महंगी चिकित्सा और रोजगार संकट के कारण अवसाद, मानसिक तनाव और आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। युवा पीढ़ी उपलब्धियों के दबाव में टूट रही है, जबकि परिवार आर्थिक बोझ से जूझ रहे हैं।

शिक्षा मंत्रालय को अधिक सशक्त, उत्तरदायी और कठोर भूमिका निभाते हुए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, तकनीक आधारित और सुरक्षित बनाना होगा। इसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र में देशभर में स्थापित हुए नए एम्स संस्थानों एवं उच्च चिकित्सा केंद्रों का लाभ वास्तव में आम नागरिक तक सरल, सस्ती और सुलभ व्यवस्था के रूप में पहुंचे, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। आज आवश्यकता केवल बड़े अस्पताल बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सर्वसुविधायुक्त, विशेषज्ञ सेवाओं से युक्त तथा दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों तक विस्तारित करने की है, ताकि महानगरों पर निर्भरता कम हो और ग्रामीण तथा वंचित वर्ग भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ सहजता से प्राप्त कर सके। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, कौशल आधारित और बहुआयामी बनाने का प्रयास हुआ है।

मौत के मुंह में धकेलती नकली दवाएं

एक्सपर्ट बताते हैं कि नामी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से ही नकली या घटिया दवाइयां बनती हैं, क्योंकि इसके जरिए जालसाज मोटा मुनाफा कमाते हैं। दूसरी तरफ, जेनेरिक दवाइयों के नकली होने के मामले अभी तक सामने नहीं आए हैं, क्योंकि इन्हें नकली बनाने पर कोई ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है। जेनेरिक दवाइयां सस्ती होती हैं, जो उसी तरह का फायदा करती हैं, जिस तरह का लाभ ब्रांडेड दवाइयों से मिलता है।

डॉ. ओपी त्रिपाठी

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां बिक रही हैं। देश में बनने वाली अंग्रेजी दवाएं पिछले कुछ सालों से अपनी गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में हैं। देश में आये दिन घटिया और नकली दवाओं के जखीरे पकड़े जा रहे है जो साबित करते है आमजन का स्वास्थ्य खतरे में है।

ताजा मामला राजस्थान के कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिलीवरी के बाद चार महिलाओं की मौत का है। इस घटना के बाद हुई जांच में पता चला है कि महिलाओं को प्रसव के दौरान ब्लीडिंग रोकने के लिए जो ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन दिया गया था, उसकी एक खेप पूरी तरह नकली थी। ड्रग कंट्रोल विभाग की जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस इंजेक्शन में वह एक्टिव इंग्रीडिएंट मौजूद ही नहीं था, जो प्रसव के बाद खून बहने से रोकने के लिए जरूरी होता है। मृत महिलाओं को भी इसी प्रभावित बैच का इंजेक्शन लगाया गया था। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने अभी महिलाओं की मौत का सीधा संबंध इस नकली इंजेक्शन से होने से इनकार किया है और मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित की है।

असल में यह संकट केवल एक इंजेक्शन तक सीमित नहीं है। पिछले दस दिनों के भीतर राजस्थान में बिक रही बुखार, एलर्जी, एंटीबायोटिक, पेट संक्रमण और इमरजेंसी दर्द निवारक समेत कुल 11 दवाइयों के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। ये दवाइयां राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र की विभिन्न कंपनियों में बनाई जा रही थीं। विभाग अब इन सभी संबंधित कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं की नियमित और कड़ी जांच बेहद जरूरी है, क्योंकि ऐसी लापरवाही सीधे मरीजों की जान से खिलवाड़ है। बीते साल भी राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद दवा बाजार को लेकर भूचाल उठ खड़ा हुआ था।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता है, जिस वजह से मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती है। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह तक चला जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है।

तेलंगाना में 2024 में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गई। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी साल उत्तराखंड में भी कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं। इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देश भर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे। बीते साल भी यूपी के आगरा और अन्य शहरों से नकली दवाओं की बड़ी खेप प्रशासन ने पकड़ी थी।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की 7 बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रैंड की नकली दवा तैयार कर रहे थे। इंडिया मार्ट और भागीरथ प्लेस तक में इनकी सप्लाई थी। भारत के अलावा चीन, बांग्लादेश और नेपाल में एक्सपोर्ट करते थे। इस गिरोह से 8 करोड़ की नकली दवाएं और करीब 9 करोड़ रुपये के दो प्लॉट के दस्तावेज मिले।

दिल्ली में कैंसर के इलाज के दौरान कीमोथेरेपी के नकली इंजेक्शन बनाने वाला गैंग भी पकड़ा गया। इनसे दो भारतीय और सात विदेशी कंपनियों की नकली दवाइयां बरामद हुई। इस मात्रा की असली दवाई की कीमत 4 करोड़ रुपये थी। ये ब्रांडेड इंजेक्शन की खाली शीशी 5000 रुपये में खरीदते थे, जिसमें 100 रुपये की एंटी फंगल दवा 'फ्लुकोनाजोल' भरते और मार्केट में ब्रांड के हिसाब से एक से तीन लाख रुपये में बेच देते थे। एक्सपर्ट बताते हैं कि नामी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से ही नकली या घटिया दवाइयां बनती हैं, क्योंकि इसके जरिए जालसाज मोटा मुनाफा कमाते हैं। दूसरी तरफ, जेनेरिक दवाइयों के नकली होने के मामले अभी तक सामने नहीं आए हैं, क्योंकि इन्हें नकली बनाने पर कोई ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है। जेनेरिक दवाइयां सस्ती होती हैं, जो उसी तरह का फायदा करती हैं, जिस तरह का लाभ ब्रांडेड दवाइयों से मिलता है। सरकार जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा दे रही है, जो काफी सस्ती होती हैं। इन्हें आप मेडिकल स्टोर और जन औषधि केंद्र से खरीद सकते हैं।

देश में नकली और घटिया दवाओं के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने औषधि नियमों में नया प्रावधान जोड़ते हुए 'एक फर्जी दस्तावेज एक प्रतिबंध नीति' लागू की है। इसके तहत अब नकली और घटिया दवाओं का निर्माण करने वाली कंपनियों का केंद्र सरकार सीधा लाइसेंस निरस्त या रद्द करेगी। सरकार ने औषधि नियम, 1945 में संशोधन किया है, जिसके तहत अगर कोई भी फार्मा कंपनी दवा निर्माण या पंजीकरण के लिए फर्जी दस्तावेजों या गलत जानकारी देती है, तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

पत्रकारिता जाना माना स्तम्भ, रूसम करन्जिया

महात्मा गांधी के विषय में की गयी उनकी आलोचनात्मक रिपोर्ट ने तो पूरे भारत को झकजोर कर रख दिया था। जवाहर लाल से उनका परिचय इसी रिपोर्ट के संदर्भ में हुआ था। नेहरू ने गांधी के समर्थन में तर्क देते हुये, उनको जमकर लताड़ा भी था। करन्जिया पर नेहरू की लताड़ का यह प्रभाव पड़ा कि उन्होनें गांधी जी को पत्र भेजकर क्षमा याचना की।

मुहम्मद कमर खाँ

रूसम करन्जिया, देश के चित परिचित पत्रकार तथा योग्य सम्पादक थे। उनका पूरा नाम रूसम खुरशीदजी करन्जिया था, वह उड़ीसा के मयूरमन्ज के (एन0ए0सी0) में शिडयूल कास्ट व एस0टी0 की आबादी से सम्बन्ध रखते थे। वह साप्ताहिक अंग्रेजी अखबार 'ब्लिरज' के सस्थापक एवं सम्पादक थे। पत्रकारिता में सैद्धान्तिक दृढ़ता व निष्पक्ष लेखन शैली के कारण इनका कार्यशैली, पत्रकारिता जगत, में सदैव याद की जाती रहेगी। उनका जन्म 15 सितम्बर, 1912 को पाकिस्तान के केयेटा में हुआ था, जो अब बलोचिस्तान सूबे में है। पत्रकारिता के अर्न्तगत कुछ भी लिखते हुये, अपने लेखों/रिपोर्टो में वह अपना नाम आर0के0 करन्जिया लिखा करते थे। संसद के अपमान के एक मामले में, ब्लिटज़ सम्पादक आर0के0करन्जिया को लोक सभा द्वारा तलब भी किया गया था इस संदर्भ में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष द्वारा उन्हें फटकार का भी सामना करना पड़ा था। उन्होनें 1941 में 'खोजी पत्रकारिता' पर आधारित 'टेब लायड' की साप्ताहिक प्रकाशन आरम्भ किया था जिसका दशकों तक वह सुपर विज़न करते रहे। साथ ही उन्होनें 'दी डेली' नाम से एक प्रतिदिन प्रकाशित होने वाला 'टेब लायड' भी आरम्भ किया था, जिसका सुपर वीज़न उनकी बेटी किया करती थीं। प्रसंगत विषय में प्रसिद्ध क़लमकार सुधीन्द्र कुलकर्णी ने लिखा हैं कि किस प्रकार ब्लिटज़ का प्रकाशन आरम्भ हुआ। आर0के0 करन्जिया ने छात्र जीवन से ही पत्रकारिता के अन्तर्गत लेख लिखना शुरू कर दिया था। जिसके पश्चात सन् 1930 की दहाई के दौरान 'करन्जिया' को 'टाइम्स आफ इण्डिया' में असिटेन्ट एडीटर का पद प्राप्त हो गया, जहॉ 1941 तक पदासीन रहने के पश्चात 'टाइम्स आफइण्डिया' को इन्होनें अलविदा कहा तथा खोजी पत्रकारिता पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुये 'ब्लिरज़' नाम से एक अखबार का प्रकाशन बाक़ायदा शुरू किया। इस सम्बन्ध में अपने वफ़ादार साथियों, बी0बी0 नाडकींना तथा बेन्जामिन हार्नी मन का समुचित सहयोग उनको प्राप्त रहा। प्रकाशन की शुरूआत में 'ब्लिरज' ऐसा अख़बार था जिसमें 'फेदेल कास्टाऊे 'झाऊ एन,लाई', जैसे दिग्गजों के साक्षात्कार को पत्रकारिता में सम्मिलित करते हुये, उन्होनें अपने कालमों में स्थान दिया। 'दी डेली' और टी0लिरज', आर0के0 लक्षमण, हारून रशीद, पी0साई नाथ व तीस्था सी0 तलवाड़ जैसे उस समय के दिग्गजों हेतु 'इन्क्यूबेटर' भी थे, जिसमें सभी ने अपने पत्रकारिता के केरियर का महज़ आरम्भ किया था।

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान करन्जिया ने जापान बरमा आक्रमण को कवर करते हुये, 'जंगी नामा निगार' के रूप में भी अपने दायित्वों का निर्वहन किया। कहा जाता है कि करन्जिया ने एक समय में, आपने अन्दर पत्रकारिता का छोटा मोटा स्कूल समेट लिया था। इस हरफ़न मौला सम्पादक एवं पत्रकार को याद किये बिना भारत में पत्रकारिता का अध्यायपूर्ण रहेगा। खोजी पत्रकारिता को शुरू करते हुये, इसका समावेश अपनी रिपोर्टो तथा लेखों में यह करने लग गये। जिसकी उपयोगिता को उस समय भी नकार पाना सम्भव नहीं था। अपने व्यवसाय में तल्लीन उस दौर के पत्रकारों में वह सबसे भिन्न और अलग थे। भारतीय पत्रकारिता की कई पीढ़ियां जो उनके सामने जन्मी, जवान हुयीं और फिर बूढ़ी हो गयीं, मगर करन्जिया मूलतःजैसे थे, सारी उम्र वैसे ही रहे। जीवन की ढलान के अन्तिम दिनों में जब मन मस्तिष्क और शरीर थक गया तब अवश्य उनमें कुछ बदलाव आया। अब भी देश के प्रत्येक कोने से, कम से कम तीन पीढ़िया ऐसी अवश्य मिल जायेंगी, जिन्होनें अग्रेंजी, हिन्दी, उर्दू व मराठी भाषाओं में से किसी भाषा मे 'ब्लिटज़' न पढ़ा हो। पुरानी पीढ़ियों के जो समाचार पत्र प्रेमी लोग अभी जीवित हैं, उनके ज़ेहनों में ब्लिट्ज और उसके निर्भीक सम्पादक आर0के0करन्जिया का नाम निश्चित रूप से मौजूद होगा। महात्मा गांधी के विषय में की गयी उनकी आलोचनात्मक रिपोर्ट ने तो पूरे भारत को झकजोर कर रख दिया था। जवाहर लाल से उनका परिचय इसी रिपोर्ट के संदर्भ में हुआ था। नेहरू ने गांधी के समर्थन में तर्क देते हुये, उनको जमकर लताड़ा भी था। करन्जिया पर नेहरू की लताड़ का यह प्रभाव पड़ा कि उन्होनें गांधी जी को पत्र भेजकर क्षमा याचना की तथा रिपोर्ट के मुआवेज़ के रूप में प्राप्त 250/- मात्र की धनराशि, महात्मा गांधी के 'हरिजन फन्ड' में डाल दी। इस प्रकार यहाँ से नेहरू और करन्जिया के बीच जो रिश्ता स्थापित हुआ वह समय के साथ गहरा और पुख़्ता होता चला गया। वह हर माह नेहरू से साक्षात्कार करते और इसे ब्लिटज में प्रकाशित भी करते थे, य

प्रदेश के कई जिलों में तूफान और बारिश का अलर्ट

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। नौतपा के दौरान भीषण गर्मी और तपिश से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के असर से 28 से 31 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में प्री-मानसून बारिश, तेज हवाओं और गरज-चमक की संभावना जताई है। कई जिलों में ओलावृष्टि की भी आशंका है।

बारिश और तेज हवाओं के असर से प्रदेश के तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है। इससे लोगों को अगले एक सप्ताह तक लू और झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। एक हफ्ते बाद तपिश भरे दिनों की फिर से वापसी होगी। फिलहाल बृहस्पतिवार को बुंदेलखंड व प्रयागराज में लू और तपिश महसूस की जाएगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल

■ आठ से दस डिग्री तक गिरेगा पारा

कुमार सिंह ने बताया कि 28 मई से प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नम हवाएं मौसम को तेजी से बदल रही हैं। इन परिस्थितियों के कारण प्रदेश में व्यापक स्तर पर बारिश और तेज आंधी की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने 29 मई के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। कुछ स्थानों पर हवाओं की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने का रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां चलेंगी 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली आंधी : सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभत, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी व आस पास के क्षेत्र।

सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव पर भंडारा

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। शहर स्थित सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, पत्थरकटा चौराहा में मंगलवार को चतुर्थ वार्षिकोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर में स्थापित श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। इसके उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ किया गया। धार्मिक वातावरण के बीच हवन-पूजन, आरती एवं भक्ति गीत-संगीत का आयोजन हुआ, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ धार्मिक आयोजनों में सहभागी बने और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यह मंदिर ब्रह्मलीन माता शीतला देवी एवं ब्रह्मलीन पिता राजनारायण जायसवाल, पुत्र ब्रह्मलीन बाबा रामचंद्र जायसवाल द्वारा निर्मित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में स्थापित है।

सरकारी जमीन माफिया को सौंपी कब्जे से मुक्त कराने के लिए

अवधनामा संवाददाता

■ भाजपा पार्षद की इलाहाबाद हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल पेंडिंग

मथुरा। जिस सरकारी जमीन को माफिया के कब्जे से मुक्त कराने के लिए सत्ताधारी दल भाजपा के ही एक पार्षद ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की हुई है, उससे जुड़े हाउसिंग प्रोजक्ट 'मन्नत रेजीडेंसी' की बीती 22 मई को मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने न सिर्फ सील खोल दी बल्कि ये कहते हुए क्लीन चिट भी दे दी कि अब कोई विवाद शेष नहीं है जबकि इलाहाबाद हाई कोर्ट में यह पीआईएल अब भी लंबित है और इसका स्टेटस हाई कोर्ट की वेबसाइट पर जाकर कोई भी चेक कर सकता है।

इस संबंध में विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार सिंह से जब जानकारी की गई तो उन्होंने बड़ी 'बेशर्मी' के साथ स्वीकार किया कि 'मन्नत रेजीडेंसी' की सील खोल दी गई है क्योंकि विभिन्न विभागों से ऐसी जानकारी हमें प्राप्त हुई थी। उनके अनुसार 'मन्नत रेजीडेंसी' को लेकर अब मथुरा-वृंदावन नगर निगम को भी कोई आपत्ति नहीं है।

देखिए मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार सिंह ने इस बावत क्या-क्या कहा-सचिव विकास प्राधिकरण आशीष कुमार सिंह के कथन से स्पष्ट होता है कि उन्हें इस पूरे प्रकरण और इसे लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट में लंबित जनहित याचिका की पूरी जानकारी थी, बावजूद इसके उन्होंने ये दुस्साहस करके हाई कोर्ट को सीधी चुनौती दी है। गौरतलब है कि मथुरा के पॉश एरिया मसानी लिंक रोड पर जहां मन्नत रेजीडेंसी खड़ी की जा रही है, वहां बाकायदा कभी मथुरा-वृंदावन नगर निगम के बोर्ड लगे हुए थे और उन पर चेतावनी भी दर्ज थी, किंतु माफिया ने नगर निगम की जमीन कब्जाने के लिए इन बोर्डों को 'जमींदोज' कर दिया ताकि आगे कोई उंगली न उठा सके। ये फोटो इसकी गवाही दे सकते हैं। सचिव विकास प्राधिकरण ने इतनी बड़ी हिमाकत क्यों और कैसे की होगी, इसका अंदाज हर वो व्यक्ति लगा सकता है जिसका कभी किसी मामले में इस विभाग से वास्ता पड़ा होगा। यही नहीं, जिनका वास्ता न भी पड़ा हो, वो भी मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की कारगुजारियों से भलीभांति वाकिफ रहते हैं क्योंकि भ्रष्टाचार इस विभाग की कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग जो है।

देखें सचिव आशीष कुमार सिंह के हस्ताक्षर से 22 मई का जारी किया गया वो आदेश जो उनके गले की फांस बन सकता है- सचिव विकास प्राधिकरण ने इतनी बड़ी हिमाकत क्यों और कैसे की होगी, इसका अंदाज हर वो व्यक्ति लगा सकता है जिसका कभी किसी मामले में इस विभाग से वास्ता पड़ा होगा। यही नहीं, जिनका वास्ता न भी पड़ा हो, वो भी मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की कारगुजारियों से भलीभांति वाकिफ रहते हैं क्योंकि भ्रष्टाचार इस विभाग की कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग जो है।

नेहरू पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को याद किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि देश सदैव पंडित नेहरू का ऋणी रहेगा, क्योंकि उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में अपना सर्वस्व समर्पित किया। उन्होंने कहा कि नेहरू का भारत के विकास, लोकतांत्रिक व्यवस्था और संस्थागत निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने नेहरू की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित अनेक संस्थान आज भी देश की प्रगति के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू का राष्ट्रप्रेम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। सभा में पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, इंजी. देवी प्रकाश दुबे, आदित्य श्रीवास्तव, पंडित राम नरेश महाराज और सहाब अली सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नेहरू के राजनीतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय योगदान को याद किया।

मानवता परिवार ने दी आर्थिक सहायता

फतेहपुर। 'मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है' के संकल्प के साथ कार्य कर रही संस्था मानवता परिवार द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सदस्य राजेश कुमार को उपचार हेतु 37,820 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संस्था की ओर से यह सहायता एक्सीडेंटल उपचार योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई, जिसमें 200 रुपये की वार्षिक सदस्यता के माध्यम से लाभ प्रदान किया जाता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 20 मई को सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद राजेश कुमार को गंभीर अवस्था में देवभूमि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। दुर्घटना में उनकी स्पाइनल कॉर्ड में गंभीर चोट आने के कारण उनका ऑपरेशन भी किया गया। उपचार पूर्ण होने तथा अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद संस्था द्वारा नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। मानवता परिवार के अनुसार यह संस्था द्वारा प्रदान की गई 12वीं एक्सीडेंटल सहायता है।

विधानसभा चुनाव में बहन मायावती को मुख्यमंत्री बनाना है : नौशाद अली

अवधनामा संवाददाता

■ कहा, अपना बूथ जीतना है

मथुरा। बहुजन समाज पार्टी जनपद मथुरा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक टाउनशिप स्थित होटल विनायक पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व ओएसडी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, पूर्व एमएलसी एवं कई मंडलों के प्रभारी, मुख्य मंडल प्रभारी आगरा, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी मंडल जनाब नौशाद अली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य मंडल प्रभारी आगरा मंडल सुशील भंडारी एवं मुख्य मंडल प्रभारी आगरा मंडल राम नरेश कर्दम भी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नौशाद अली ने कहा कि 'बहुजन समाज पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी महापुरुषों का सम्मान करती है। देश में एकमात्र नेता परम बहन कुमारी मायावती हैं, जो सभी महापुरुषों के विचारों को सम्मान देती हैं और उनकी विचारधारा पर चलने का कार्य करती हैं।' उन्होंने कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में माहौल बन चुका है कि 'जन-जन की यही पुकार, अबकी बार बीएसपी सरकार। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रत्येक विधानसभा के हर बूथ पर जाकर बूथ स्तर की बैठकें आयोजित करें, बूथ कमेटियों का गठन करें तथा हर बूथ को जिताकर प्रत्येक विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी का विधायक बनाएं और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में बहन कुमारी मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाएं। बैठक में मुख्य रूप से सर्वश्री आगरा मंडल जॉन प्रभारी सुरेश बाबू , नरेश सिंह, जिलाध्यक्ष मथुरा जितेन्द्र कर्दम, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कर्दम, गोवर्धन सिंह, वरिष्ठ बसपा नेता चौधरी शिवकुमार भरंगर, पूर्व जिला प्रभारी रामबाबू गौतम, जिला उपाध्यक्ष नवल शर्मा, पदाधिकारीयों कार्यकर्ता समर्थक कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य हटे

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। जालौन के राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में हुए विवाद मामले में शासन ने बड़ा एक्शन लिया है।

उत्तर प्रदेश शासन ने मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद द्विवेदी को पद से हटा दिया है। उनकी जगह कानपुर के पैथोलॉजी विभाग से डॉ. महेंद्र सिंह को मेडिकल कॉलेज का कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों भाजपा नेता, उनके बेटे और डॉक्टरों के बीच हुई मारपीट और हंगामे के बाद मेडिकल कॉलेज लगातार सुर्खियों में बना हुआ था। वहीं हाल के दिनों में कॉलेज परिसर में हुई कई घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए शासन ने यह कार्रवाई की है। अब शासन के इस बड़े फैसले के बाद जिले की राजनीति और स्वास्थ्य विभाग में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

मिशन शक्ति : बालिकाओं को किया जागरूक

फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद फतेहपुर के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम एवं एंटीरोमियो टीम द्वारा 'मिशन शक्ति 5.0' (फेज-2) के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित अभियान के तहत जनपद के सभी थानों में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ग्राम चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित एवं विधिसम्मत निस्तारण के संबंध में जानकारी दी गई।

लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार युवकों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

चंदौली। मुगलसराय थाना क्षेत्र के पड़ाव-भोजपुर मार्ग पर हुई 1.34 लाख की लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि पढ़ाई करने वाले इन युवकों ने महंगे शौक, ब्रांडेड लाइफस्टाइल और गर्लफ्रेंड को महंगा मोबाइल गिफ्ट करने की चाहत में लूट की पूरी साजिश रची थी। आरोपियों की बातचीत और पूछताछ में यह बात सामने आई कि वे जल्दी पैसा कमाकर लग्जरी जिंदगी जीना चाहते थे। इनमें से एक आरोपी अपनी गर्लफ्रेंड को आई फ़ोन देने की तैयारी में था, जिसके लिए उसने दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 21 मई को वाराणसी निवासी एक मुनीब दुकानदारों से वसूली कर वापस लौट रहा था। तभी ग्राम चौरहट के पास दो बाइकों पर सवार बदमाशों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में करीब ?1.34 लाख मौजूद थे। घटना के बाद पुलिस ने करीब 25 किलोमीटर इलाके के 70 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सर्विलांस व साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंची। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आर्यन श्रीवास्तव, शिवांग पाण्डेय, मोहम्मद तारिक अंसारी और देव सरकार उर्फ दयाल के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से ?60 हजार नकद, दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन और लूटा गया बैग बरामद किया है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपियों को मुनीब की पूरी गतिविधियों की जानकारी एक अंदरूनी सूत्र से मिल रही थी, जो खुद वसूली का काम करता था। उसी ने बताया था कि हर गुरुवार को बड़ी रकम लेकर मुनीब पड़ाव इलाके में आता-जाता है।

इसके बाद युवकों ने कई दिनों तक रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी दोबारा किसी अन्य व्यक्ति को निशाना बनाने की फिराक में निकले थे, तभी ओपी गार्डेन के सामने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया गया। मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

मथुरा डिपो में कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार व मनमानी का आरोप

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के मथुरा डिपो में लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मचारियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षों से मथुरा डिपो में जमे कुछ कर्मचारियों को उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते डिपो की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है और भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण मिल रहा है।

बताया जा रहा है कि कई कर्मचारी न तो अपने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन कर रहे हैं और न ही अधिकारियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दे रहे हैं। स्थानीय होने और बहुमत के बल पर ये कर्मचारी यूनियन बनाकर अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं। यदि कोई अधिकारी कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो उसे विरोध और दबाव का सामना करना पड़ता है।

सूत्रों के अनुसार कुछ कर्मचारी उपस्थिति दर्ज कराने के बाद अपने घर चले जाते हैं। जब इस विषय में अधिकारी कार्रवाई की बात करते हैं तो उन्हें कर्मचारियों के समूह द्वारा दबाव में चुप करा दिया जाता है। क्षेत्रीय प्रबंधक पर भी कार्रवाई से बचने के आरोप लग रहे हैं, क्योंकि वह भी मथुरा जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं।

सूत्रों का यह भी कहना है कि परिचालकों को मशीन जमा करने तथा मशीन लेने के दौरान अवैध रूप से पैसे देने पड़ते हैं। यदि कोई कर्मचारी पैसे नहीं देता तो उसका मानसिक और प्रशासनिक शोषण किया जाता है। यही स्थिति चालकों के साथ भी बताई जा रही है, जिनसे भी विभिन्न कार्यों के नाम पर धन उगाही किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं।

गविष्ठ यात्रा का भव्य स्वागत

शंकराचार्य ने हेमलता पटेल को सौंपी गौरक्षा अभियान की अहम जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। जनपद में बुधवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पावन 'गविष्ठ यात्रा' (गोरक्षा यात्रा) का भव्य और ऐतिहासिक आगमन हुआ। फतेहपुर के अयाहशाह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहुआ ब्लॉक के ग्राम सुजानपुर में यात्रा के पहुंचते ही पूरा क्षेत्र 'जय गोमाता' और सनातन धर्म के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम की स्वागताध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान हेमलता पटेल, जो गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष तथा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भी हैं, के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों और महिलाओं ने शंकराचार्य महाराज का भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान हेमलता पटेल ने अपने पति धर्मेंद्र कुमार के साथ शंकराचार्य महाराज को भगवान शिव की दिव्य प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुजानपुर बारातशाला परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शंकराचार्य महाराज के दर्शन और आशीर्वचन प्राप्त करने पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान शंकराचार्य ने हेमलता पटेल पर विश्वास जताते हुए उन्हें संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में गौरक्षा मिशन को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इसके अंतर्गत सर्वसहयोग से गौधाम निर्माण, गौरक्षा संदेश का प्रसार तथा जन-जन तक संकल्प पहुंचाने का कार्य सौंपा गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शंकराचार्य महाराज ने कहा कि गोमाता की रक्षा और संरक्षण प्रत्येक सनातनी का परम कर्तव्य है। उनके आह्वान पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर गौरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के अनुशासित और सफल संचालन के लिए संतों तथा क्षेत्रवासियों ने ग्राम प्रधान हेमलता पटेल की सराहना की। जनहित कार्यों के लिए भी शंकराचार्य ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। श्रद्धालुओं के लिए शरबत, ठंडा पानी और नाश्ते की प्रसाद स्वरूप व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर गविष्ठ यात्रा के जिला प्रभारी शिवाकांत तिवारी, उदित अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार, मोहित वर्मा, सत्यम, सुमन, रानी, मधु, शनी, संयोगिता, पिंकी, रेखा, सुधा, राजरानी, दाताराम, शिवम, मुकुल, उत्कर्ष सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

विश्व थायरॉयड दिवस पर कैंसर का सफल ऑपरेशन

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। महर्षि विश्वामित्र ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग ने विश्व थायरॉयड दिवस के अवसर पर एक बड़ी चिकित्सकीय सफलता हासिल करते हुए जटिल थायरॉयड कैंसर से पीड़ित मरीज का सफल ऑपरेशन किया। इस उपलब्धि को मेडिकल कॉलेज एवं पूरे पूर्वांचल क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार मरीज लंबे समय से गर्दन में सूजन, दर्द एवं दबाव की समस्या से परेशान था। परिजनों ने बताया कि मरीज ने पूर्व में बीएचयू एवं टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट में भी परामर्श लिया था, जहां ऑपरेशन के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि बताई गई। लगातार बढ़ती परेशानी के चलते मरीज ने मेडिकल कॉलेज गाजीपुर की ईएनटी ओपीडी में संपर्क किया।ईएनटी विभाग में विस्तृत जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद मरीज को भर्ती कर जटिल सर्जरी की योजना बनाई गई। विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद प्रकाश यादव के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक टोटल थायरॉयडेक्टॉमी ऑपरेशन किया। इस जटिल सर्जरी में डॉ. सबा जमाल एवं डॉ. फैज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद मिश्रा ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता मेडिकल कॉलेज की उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सकों की समर्पित कार्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण है।

बिना किसी रुकावट के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए- डीएम

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। जनपद में बढ़ती गर्मी एवं विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने आज गोधना मोड़ स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार बिना किसी रुकावट के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उपभोक्ताओं को खराब ट्रांसफार्मर, लो-वोल्टेज और बिजली कटौती से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने शिकायत रजिस्टर से सीधे कुछ उपभोक्ताओं को फोन लगाकर बिजली कटौती, फॉल्ट और समाधान की स्थिति का फीडबैक लिया। तत्पश्चात हिदायत देते हुए कहा आम जनता की कॉल समय पर न उठाने या लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। समस्याओं का समाधान करना शासन की मंशा है इसमें लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, शिकायत निस्तारण प्रणाली तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निर्माणाधीन पुलिया का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

चन्दौली। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने मुगलसराय के गोधन-नई बस्ती के पास नहर में बाईपास रोड पर निर्माणाधीन पुलिया का मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा और पीडब्लूडी के संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने व तय समय-सीमा के भीतर पुलिया का काम पूरा करने के निर्देश दिए और आम जनता के लिए रास्ता जल्द खोलने के निर्देश दिए। ताकि किसानों की सुविधा हेतु नहर में पानी छोड़ा जाए।

सैनी नगर में श्रीमद् भागवत कथा का धर्ममय शुभारंभ

मथुरा। सैनी नगर, सदर बाजार। धर्म और आस्था की पावन बयार के साथ सैनी नगर, सदर बाजार में श्रीमद् भागवत कथा का मंगलमय शुभारंभ हुआ। मातृशक्ति ने पवित्र यमुना नदी से कलश में जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली। पीले वस्त्रों में सजी दर्जनों महिलाओं ने 'यमुना मैया की जय' के जयघोष के साथ सैनी नगर की गलियों को भक्तिमय बना दिया। यमुना जल से पूरित कलशों को सिर पर धारण कर निकली यह यात्रा धर्म, संस्कृति और नारी शक्ति के अद्भुत संगम का प्रतीक बनी। कलश यात्रा के पश्चात कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ की स्थापना हुई। इससे पूर्व कथा व्यास श्री कन्हैया लाल सागर जी एवं पधारे हुए सभी संतों व आगंतुक अतिथियों का तिलक, माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजक रामखिलाड़ी, राजो, महेश, रजनी के संयोजन में नत्थीलाल लाल सैनी, सुरजभान, रूपसिंह, सन्नू, ओमप्रकाश श्रद्धालुओं ने सहयोग दिया।

रामबहादुर अंतरराष्ट्रीय वांग्मय साहित्य सम्मान से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

बलिया। जनपद के लिए गर्व का क्षण तब आया जब वरिष्ठ साहित्यकार राम बहादुर राय को नेपाल में अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक समारोह में आचार्य गौरीशंकर पाण्डेय अंतरराष्ट्रीय वांग्मय साहित्य सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। नेपाल के इस भव्य साहित्यिक आयोजन में कई देशों के साहित्यकारों, विद्वानों और भाषा प्रेमियों की मौजूदगी में राम बहादुर राय को हिंदी साहित्य, भारतीय संस्कृति और सामाजिक सरोकारों पर आधारित उत्कृष्ट लेखन के लिए सम्मानित किया गया। उनकी साहित्य साधना और समाज को जागरूक करने वाली रचनाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष सराहना मिली है। राम बहादुर राय वर्षों से अपनी लेखनी के माध्यम से मानवीय मूल्यों, संस्कृति और समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे । उनकी रचनाएं देश ही नहीं विदेशों में भी पढ़ी और सराही जा रही हैं। नेपाल में मिला सम्मान बलिया और गड़हांचल की साहित्यिक परंपरा को नई पहचान देने वाला बताया जा रहा है। इस सम्मान की खबर मिलते क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

परसिया भगवती में भागवत कथा का आयोजन

- महराज ने कृष्ण की मृद भक्षण लीला का किया वर्णन

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। मगहरा के परसिया भगवती में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन परमपूज्य ब्रजेश मणि त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्र का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भी भगवान धरती पर अवतरित होते हैं, प्रकृति स्वयं अद्भुत रूप से सज जाती है। नदियां, आकाश, अग्नि, भूमि और वायु सभी निर्मल हो जाते हैं, जिससे ब्रजवासियों को परम आनंद की अनुभूति होती है। श्री ब्रजेश मणि ने बताया कि भगवान के जन्म के बाद छह दिनों तक उत्सव मनाया गया। इसके उपरांत पूतना, शकटासुर और छह महीने की अवस्था में तृणावर्त जैसे विघ्नों का उद्धार कर भगवान श्रीकृष्ण ने यह संदेश दिया कि दिव्य शक्ति अपने आरंभिक जीवन से ही धर्म की स्थापना में संलग्न हो जाती है। इस अवसर पर उन्होंने श्रीकृष्ण की प्रसिद्ध 'मृद भक्षण लीला' का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के अनुसार, एक दिन बालकृष्ण अपने सखाओं और बलराम के साथ खेलते हुए मिट्टी खा लेते हैं। सखाओं की शिकायत पर माता यशोदा उन्हें डांटती हैं। कृष्ण मासूमियत से इनकार करते हुए अपना मुख खोलने को कहते हैं। जब माता यशोदा ने उनका मुख देखा, तो उसमें संपूर्ण ब्रह्मांड–सप्त द्वीप, सूर्य, चंद्रमा, नक्षत्र, आकाश और स्वयं को भी देखकर स्तब्ध रह गईं। इस अद्भुत दृश्य से यशोदा मैया भयभीत हो गईं, लेकिन भगवान ने अपनी वैष्णवी माया से उन्हें पुनः सब कुछ भुला दिया, जिससे वे उन्हें अपने पुत्र रूप में ही स्नेह करती रहीं। कथावाचक परमपूज्य ब्रजेश मणि ने इस लीला के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रसंग दर्शाता है कि परमात्मा, जो पूरे ब्रह्मांड के स्वामी हैं, वे भक्तों के प्रेम के वशीभूत होकर एक साधारण बालक का रूप धारण कर लेते हैं। उन्होंने जोर दिया कि मिट्टी खाने जैसी साधारण घटना के भीतर ब्रह्मांड का दर्शन यह संदेश देता है कि सृष्टि का कण-कण ईश्वर का ही स्वरूप है। अंत में, आचार्य त्रिपाठी ने कहा कि सच्ची भक्ति में इतनी शक्ति होती है कि स्वयं ब्रह्मांड नायक भी भक्त के प्रेम में बंध जाते हैं। इस अवसर पर यजमान इंद्रावती देवी, गौरीशंकर पाण्डेय, माधुरी देवी, रविप्रताप पाण्डेय,राजेश दूबे,चंदन पाण्डेय, राकेश सिंह, ग्राम प्रधान बसंत कुमार आदि मौजूद रहे।

तालाब की भूमि कब्जा मुक्त कराया गया

अवधनामा संवाददाता

सम्भल (बहजोई) जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा दिनांक 20 मई 2026 को जनपद में चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने के संबंध में समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को चकमार्गों, सरकारी तालाबों एवं अन्य सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने तथा उन पर से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश भी दिए गए थे। इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल के नेतृत्व में राजस्व टीम जिसमें तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल सम्मिलित रहे द्वारा तहसील सम्भल के ग्राम मुजाहिदपुर सराय स्थित प्राचीन ब्रह्मव्रत तीर्थ के तालाब की लगभग 2.5 हेक्टेयर (लगभग 40 बीघा) भूमि का चिन्हीकरण करते हुए उस पर से अवैध कब्जा हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। उप जिलाधिकारी सम्भल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जनपद में तालाबों, चकमार्गों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अब नहीं होगा पेयजल संकट, सिंचाई को भी मिलेगा भरपूर पानी

सोनभद्र। जिले के दुद्धी तहसील में निर्माणाधीन कनहर सिंचाई परियोजना से अगले वर्ष किसानों को पानी मिलने लगेगा। इस परियोजना से दुद्धी और ओबरा के 108 गांवों के हजारों किसान लाभान्वित होंगे। किसानों की पेयजल व सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इस परिजयोजना की शुरूआत तो काफी पहले हुई थी, लेकिन परियोजना के निर्माण ने रफ्तार प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल में पकड़ी। सरकार की प्राथमिकता के अनुसार जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण संबंधी तमाम आपत्तियों को युद्ध स्तर पर दूर करते हुए बांध व नहर का निर्माण सुनिश्चित किया। अब जहां बांध का निर्माण पूरा हो चुका है वहीं नहर बनाने का कार्य भी अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि निर्माण से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि परियोजना को दिसंबर 2026 के अंत तक हर हाल में पूरा करना है।

भक्ति योग का अथाह सागर है श्रीमद्भागवत कथा: घनश्यामानन्द

अवधनामा संवाददाता

भाटपार रानी,देवरिया। भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के पड़री बाजार निवासी प्रसिद्ध कथावाचक पं0 घनश्यामानन्द ओझा ने बलिया जिले के बैरिया तहसील क्षेत्र के बहुआरा गांव में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन सोमवार की रात कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भक्ति योग का अथाह सागर है। यह कथा मोक्षदायिनी है।इस कथा के सुनने से मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। कथा वाचक ने कहा कि शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को गंगा के तट पर श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुनाई थी। यह कथा राजा परीक्षित को तब सुनाई गई थी, जब उन्हें ऋषि श्रृंगी द्वारा 7 दिन में तक्षक नाग के काटने से मृत्यु होने का श्राप दिया गया था। इस कथा को सुनने का मुख्य उद्देश्य परीक्षित के मन से मृत्यु का भय दूर कर उन्हें मोक्ष प्रदान करना था। श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न लीलाओं तथा भक्ति योग का संपूर्ण वर्णन है। कथा वाचक ने कहा कि 6 दिन बीत जाने के बाद भी जब राजा परीक्षित का मृत्यु भय दूर नहीं हुआ, तब शुकदेव जी ने एक दृष्टांत के माध्यम से उन्हें मोह -माया का सत्य समझाया था। शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को समझाया कि मनुष्य का भौतिक वस्तुओं, परिवार और शरीर से जो मोह है, वही उसके दुख तथा भय का कारण बनता है। इस दिव्य ज्ञान को पाकर राजा परीक्षित का सांसारिक मोह और मृत्यु भय हमेशा के लिए समाप्त हो गया। कथावाचक ने कथा के बीच-बीच में अपना शानदार भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। यहां मुख्य रूप से कथा संयोजक श्रीमती गुड़िया सिंह,प्रमोद सिंह, राजेश सिंह, राकेश सिंह, विकेश सिंह,काजल सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

शिव-पार्वती विवाह वर्णन दौरान गूंजे हर हर महादेव के जयकारे

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। तालग्राम क्षेत्र के ग्राम नेकनामपुर बरई में चल रही शिव महापुराण कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य प्रदीप सुंदर महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। बुधवार को कथावाचक ने बताया कि भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह प्रेम, तपस्या और अटूट भक्ति का प्रतीक है। माता सती द्वारा पिता दक्ष के यज्ञ में आत्मदाह करने के बाद उनका पुनर्जन्म हिमालय के घर माता पार्वती के रूप में हुआ। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें स्वीकार किया। कथा में बताया गया कि देवताओं ने भगवान शिव का ध्यान भंग करने के लिए कामदेव को भेजा था, लेकिन शिवजी ने अपनी तीसरी आंख खोलकर कामदेव को भस्म कर दिया। बाद में नारद मुनि के प्रयासों से भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य यजमान अरुण सिंह राजावत, अशोक सिंह राजावत (कोटेदार), संदीप सिंह, राम ठाकुर, सोनू सिंह, शिवम चौहान, शाशांक सिंह, शिवम राजावत, रानू राजावत, प्रांशु भदौरिया, ऋषभ ठाकुर, तन्नू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

त्यागमूर्ति थीं माता रमा बाई आंबेडकर: चंद्रभूषण

देवरिया। बाबा साहब डा अम्बेडकर को दुनिया का महानतम विद्वान बनाने के लिए माता रमा बाई आंबेडकर ने जिस त्याग और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया वैसा भारतीय इतिहास में मिलना कठिन है,उक्त बातें माता रमा बाई आंबेडकर के स्मृति दिवस पर उन्हें याद करते हुए रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि माता रमा बाई आंबेडकर त्यागमूर्ति हैं। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने माता रमा बाई आंबेडकर द्वारा विवाहोपरांत भोगे गए कष्ट और परेशानियों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब डा भीम राव अम्बेडकर को संपूर्ण दलित- वंचित समाज का दुख दर्द जानने और उनका उपचार करने हेतु हर संभव प्रयत्न करने हेतु माता रमाई ने उन्हें खुली छूट दे रखी थीं और सम्पूर्ण पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन स्वयं कर रही थीं।बेटी और बेटों को खोने के साथ खुद असमय मृत्यु को प्राप्त करने वाली रमा बाई आंबेडकर भारत के वंचितों को आंबेडकर जैसे क्रांति दूत को प्रदान करने वाली महानतम बहुजन देवी थीं जिन्हें स्मृतिदिवस पर कोटिशः नमन है।

ईद-उल-अजहा पर्व समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है

- जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनानें की अपील की

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व विद्यायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सहित समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों ने नगर वासियों को त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की। बुधवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व विद्यायक जमालुददीन सिददीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी ने नागरिकों को ईद-उल-अजहा अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है, जो समाज में प्रेम और भाईचारे को मजबूत करता है। कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खॉन पप्पी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुस्ताक अहमद भुटटू, तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खॉन जानू, भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिददीकी, युवा बसपा नेता सैयद अहमद उसैब ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान स्वच्छता, कानून व्यवस्था एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिलकर एक-दूसरे की खुशियों में शामिल हों, यही हमारी गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है। एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन, डा. गयासुददीन सिददीकी, शाहनबाज खॉन ने जरूरतमंदों की मदद करने एवं गरीब परिवारों के बीच खुशियां बांटने की बात कही। कहा कि त्योहार हमें प्रेम, सहयोग और मानवता की भावना को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। वहीं ईद-उल-अजहा को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। कपड़े, सेवइयां, मिठाइयों और अन्य जरूरी सामानों की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। प्रशासन भी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सतर्क नजर आ रहा है।

कूड़े में लगी आग की घटना पर पूर्व विधायक खोखा सिंह धरने पर बैठे, नगर पंचायत पर लापरवाही का आरोप

रुद्रपुर/देवरिया (अवधनामा संवाददाता) रुद्रपुर-पीड़रा मार्ग पर कूड़े के ढेर में लगी आग की चपेट में आकर तीन लोगों के झुलसने की घटना के बाद बुधवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह उर्फ खोखा सिंह समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। पूर्व विधायक ने कहा कि सड़क किनारे कूड़े के ढेर में आग लगने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं और इसी स्थान पर पूर्व में दो लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत की घोर लापरवाही के चलते एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। धरने के दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम अवधेश निगम ने पूर्व विधायक और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। गौरतलब है कि बुधवार को रुद्रपुर-पीड़रा मार्ग पर कूड़े के ढेर से उठी आग की चपेट में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोग झुलस गए थे, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर किया गया है।

किशोरी को भगा ले जाने का मामला दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता) नगर निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 23 मई की सुबह 11 बजे बाजार गई उसकी 16 वर्षीय पुत्री जब शाम तक घर वापस नहीं आई तो उनके द्वारा काफी खोजबीन की गई। बीते दिन उन्हें पता लगा कि उसकी पुत्री को राज गुप्ता पुत्र बंटी गुप्ता उर्फ शैलेंद्र निवासी एटा चौराहा शिकोहाबाद बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हज़रत मुस्लिम बिन अकील की शहादत के शोक में मातम

संभल (अवधनामा संवाददाता) बुधवार को शिया समुदाय के लोगो ने हज़रत मुस्लिम की शहादत के शोक में मजलिसो का आयोजन किया इमाम बारगाह सगीर हसन में शबीहे ताबूत की जियारत करायी गयी हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के भाई हज़रत मुस्लिम बिन अकील को कूफा शहर में शहीद कर दिया गया था । बुधवार को हज़रत मुस्लिम बिन अकील की शहादत रंजोगम के माहौल में मनायी गयी। इमाम बारगाहो में मजलिसे बरपा की गयी मजलिसो में वक्ताओं ने बताया कि कूफे के लोगो ने हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को पत्र लिखकर कूफा आने को कहा था हज़रत इमाम हुसैन ने कूफा शहर के हालात का जायजा लेने के लिए भेजा था जहां उनके साथ विश्वासघात किया गया और उनको शहीद कर दिया। वक्ताओं ने हज़रत मुस्लिम बिन अकील की शहादत बयान की जिसको सुनकर मजलिस में मौजूद लोगों की आंखों से अशक जारी होने लगे इमाम बारगाह सगीर हसन में शबीहे ताबूत बरामद किया गया जिसकी जियारत मजलिस में मौजूद लोगों को करायी गयी इस गंमगीन माहौल में अजादारो ने मातम व नोहा ख्वानी कीद्य. इमाम बारगाह फरमान हुसैन में मजलिस की गयी जहां अंजुमनों ने मातम व नोहा ख्वानी करके शोक जताया।

बाँदा में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, मई में 8 करोड़ से अधिक का अर्थदण्ड

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। जिलाधिकारी अमित आसेरी के निर्देश पर जनपद में गठित टास्क फोर्स द्वारा मई 2026 में अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। जिले की विभिन्न तहसीलों में संचालित बालू/मोरम खदानों का स्थलीय निरीक्षण कर भारी मात्रा में अवैध खनन, परिवहन तथा खनन नियमों के उल्लंघन के मामले पकड़े गए।

टास्क फोर्स और खान विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बबेरू, पैलानी, अतर्रा और बाँदा तहसीलों के कुल 10 खनन पट्टों की जांच की गई। जांच के दौरान कई खदानों में अनुमोदित खनन योजना, पर्यावरण स्वीकृति और परिवहन नियमों का उल्लंघन पाया गया। सबसे बड़ी कार्रवाई तहसील बाँदा के मरौलीखादर खण्ड-06 में हुई, जहां 39 हजार घन मीटर से अधिक अवैध खनन/परिवहन पकड़ में आया और लगभग 4.46 करोड़ रुपये की राजस्व क्षति आंकी गई। इसी प्रकार चरकाखादर, मर्काखादर, दादौंखादर, खपटिहाकलां और साड़ीखादर सहित कई खदानों में लाखों रुपये की राजस्व क्षति का मामला सामने आया। संबंधित पट्टाधारकों को नोटिस जारी कर अर्थदण्ड आरोपित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

खनन क्षेत्रों में ओवरलोड और बिना परिवहन प्रपत्र चल रहे वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। टास्क फोर्स ने विभिन्न खदानों से 41 ओवरलोड वाहनों को पकड़कर संबंधित थानों की अभिरक्षा में दिया। वहीं मई माह में 27 मई तक कुल 132 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिनसे 32 लाख 38 हजार 780 रुपये की धनराशि वसूली गई। 12 वाहनों के विरुद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में परिवाद भी दायर किया गया।

मई 2026 में कुल कार्रवाई का विवरण

कुल जांचे गए खनन पट्टे : 10

कुल आरोपित अर्थदण्ड : 8,04,57,810

वाहनों से वसूला गया राजस्व : 32,38,780

यदि कुल आर्थिक कार्रवाई (अर्थदण्ड + वसूली) को जोड़ें तो मई माह में लगभग 8,36,96,590 की राजस्व कार्यवाही दर्ज की गई।

मऊ कठैर में गणना कार्य किया गया

सम्भल। प्रदेश भर में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसके तहत प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण एवं गणना कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में आज विकास खण्ड बहजोई परिसर स्थित मुख्य विकास अधिकारी आवास पर प्रगणक सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय मऊ कठैर सुनीता कश्यप द्वारा गणना कार्य किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने प्रगणक को अपने आवास से संबंधित आवश्यक एवं प्रमुख जानकारियां उपलब्ध कराईं। उल्लेखनीय है कि जनपद सम्भल में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु कुल 4080 प्रगणक एवं 680 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। ये सभी कार्मिक 22 मई से 20 जून 2026 तक घर-घर जाकर सूचनाएं एकत्रित करेंगे। जनपद प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में पूछे जाने वाले कुल 33 प्रश्नों के सही एवं सटीक उत्तर उपलब्ध कराएं, क्योंकि इन आंकड़ों के आधार पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों की रूपरेखा तैयार की जाती है।

शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अवधनामा संवाददाता

- एसपी ने जनता दर्शन में पीड़ितों की समस्यायें सुनकर दिये निर्देश

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया।

बुधवार को आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का तत्काल, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं को उनके मामलों की प्रगति एवं निस्तारण की जानकारी समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाए, जिससे जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है तथा जनता को न्याय दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

तहसील सदर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को औचक रूप से तहसील सदर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर, न्यायालयों एवं विभिन्न कार्य पटलो का जायजा लेते हुए उपस्थित कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा समुचित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन से पांच वर्ष पुराने वादों की पत्रावलियों को निकलवाया तथा इसमें से एक दो पुराने प्रकरणों का अवलोकन किया तथा संबंधित कर्मचारियों से प्रकरणों की स्थिति की जानकारी की। जिलाधिकारी ने न्यायालयों के पेशकारों को निर्देशित किया कि फर्दकाम का सही अंकन नियमित रूप से किया जाए तथा पत्रावलियों का रखरखाव व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने तहसील स्तरीय सभी पीठासीन अधिकारियों को निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील सभागार में तहसीलबार एसोशिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ संवाद की। उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने अधिवक्ताओं से वादों के त्वरित निस्तारण में सहयोग करने की अपेक्षा की तथा कहा कि न्यायिक एवं राजस्व कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी प्रवीण कुमार, तहसीलदार के के मिश्र, नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक, राजस्व कर्मी एवं अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

कूड़े के ढेर से उठी आग की चपेट में आए तीन बाइक सवार

अवधनामा संवाददाता

रुद्रपुर/देवरिया। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुर-पीड़रा मार्ग पर कठहवा पुल के समीप बुधवार को नगर पंचायत के कूड़े के ढेर से उठी आग की लपटों की चपेट में आने से बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोग झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और नगर पंचायत कर्मचारियों ने पानी के टैंकर से आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम सेखवा निवासी हरिराम (65) पुत्र मुखलाल, उनका पुत्र अजय कुमार (25) और पुत्री सरिता (35) बाइक से रुद्रपुर होते हुए ग्राम श्रीनगर कोल्हुआ अपने रिश्तेदार की तबीयत खराब होने की सूचना पर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे मजनुआ पुल के पास पहुंचे, सड़क किनारे कूड़े के ढेर से उठ रही आग की तेज लपटों की चपेट में आ गए, जिससे तीनों झुलस गए।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को तत्काल बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए तीनों को मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलते ही रुद्रपुर एसडीएम व नायब तहसीलदार अनिल तिवारी मौके पर पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया।

टीएमयू फार्मेसी की स्मृति संध्या में आकिब मिस्टर और अरीबा चुनी गईं मिस फेयरवेल

फार्मडी के छात्र आदर्श को स्टार ऑफ़ द ईव के खिताब से नवाजा

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फार्मेसी की फेयरवेल पार्टी-स्मृति संध्या में फार्मडी के आकिब को मिस्टर फेयरवेल और डीफार्म की अरीबा खान को मिस फेयरवेल चुना गया। फार्म डी के छात्र आदर्श को बेस्ट परफॉरमेंस के लिए स्टार ऑफ़ द ईव के खिताब से नवाजा गया। एम फार्म की छात्रा कु. वामा शर्मा को बेस्ट ऑउटफिट बी फार्म के छात्र पार्थ यादव को बेस्ट एंटरटेनर टाइटल्स से नवाजा गया। फार्म डी के स्टुडेंट्स ने कॉलेज लाइफ पर मनमोहक नाट्य-नृत्य की प्रस्तुति से अविस्मरणीय पलो को जीवंत किया। बी फार्म के स्टुडेंट्स ने उत्तम मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर ड्यूल पर्सनालिटी पर संवेदनशील नाट्य प्रस्तुति दी, जबकि डिप्लोमा फार्मेसी के स्टुडेंट्स ने सामाजिक सौहाद्रता, समावेशन और समरसता को लाकर एकता में शक्ति को प्रदर्शित करते हुए अपनी नाट्य प्रस्तुति दी। स्मृति संध्या में जूनियर और सीनियर छात्रों ने नृत्य, गीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। रैंप वॉक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें स्टुडेंट्स ने पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रैंप वाक के बाद टास्क आधारित चुनोतियों और प्रश्नोत्तरी चरण के बाद मिस्टर और मिस फेयरवेल का चयन किया गया। ऑडिटोरियम के प्रवेश द्वार पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर स्टुडेंट्स ने उत्साहपूर्वक फोटोग्राफी कर यादगार पल संजोए। समारोह के दौरान स्टुडेंट्स ने अपने कॉलेज जीवन की सुनहरी यादें साझा कीं। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलवन के संग फेयरवेल पार्टी- स्मृति संध्या का ऑडी में शंखनाद हुआ। उप-प्राचार्य प्रो. मयूर पोरवाल ने स्टुडेंट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ स्मृति तिवारी और दीक्षा वर्मा ने जजेस की भूमिका निभाई और प्रतिभागियों का कम्युनिकेशन स्किल, प्रेजेंटेशन, और गुणवत्ता जैसे ही अन्य बिन्दूओ पर मूल्याङ्कन कर विजेताओं का चयन किया। फेयरवेल पार्टी में डॉ. आशीष सिंघई, सिद्धांत त्यागी, डॉ. ललित नैनवाल, उर्वशी सक्सेना, डॉ. प्रीती यादव, डॉ पुष्पेन्द्र शुक्ला, डॉ आदित्य जैन, मानसी, अनुष्का, कृति रोहिल्ला, डॉ. आशुतोष पाठक आदि के संग-संग बीफार्म, डीफार्म, फार्मडी आदि के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी डॉ. अनुराधा पवार ने किया।

एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता रणधीर सिंह का निधन

भारतीय खेल जगत में शोक की लहर

नई दिल्ली। भारतीय खेल जगत के दिग्गज प्रशासक और एशियाई खेलों में भारत के पहले शूटिंग स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। हाल ही में उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। उनके निधन से भारतीय खेल जगत में शोक की लहर है।

भारतीय खेल जगत के वरिष्ठ प्रशासक और एशियाई खेलों में भारत के पहले शूटिंग स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। बताया गया है कि वह पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। बाद में उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

हाल ही में छोड़ा था ओसीए

अध्यक्ष पद

रणधीर सिंह ने हाल ही में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें वर्ष 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए ओसीए का अध्यक्ष चुना गया था। वह लंबे समय तक एशियाई और भारतीय खेल प्रशासन से जुड़े रहे और खेलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शूटिंग में रचा था इतिहास

रणधीर सिंह भारत के पहले ऐसे निशानेबाज थे जिन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। उनकी इस उपलब्धि को भारतीय शूटिंग के इतिहास में मील का पत्थर माना जाता है।

खेल प्रशासन में आने के बाद भी उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों और खेल संगठनों के लिए लगातार काम किया।

भारतीय खेल जगत में शोक

रणधीर सिंह के निधन की खबर सामने आने के बाद खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। खिलाड़ियों, खेल प्रशासकों और खेल प्रेमियों ने उनके योगदान को याद किया। भारतीय खेलों में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

भारत के दिग्गज तीरंदाज श्याम लाल मीणा का निधन

नई दिल्ली। भारत के पूर्व दिग्गज तीरंदाज श्याम लाल मीणा का लंबी बीमारी के बाद 61 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। श्याम ने 1988 सियोल ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने रविवार देर रात अस्पताल में आखिरी सांस ली। भारतीय तीरंदाजी संघ ने पूर्व तीरंदाज को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, '1988 के सियोल ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता श्याम लाल मीणा को श्रद्धांजलि। भारतीय तीरंदाजी में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।' मीणा को खेलों में उनके योगदान के लिए 1989 में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के केवड़िया गांव में जन्मे मीणा उस भारतीय पुरुष रिकर्व टीम का हिस्सा थे जिसने 1987 में कोलकाता में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। उस टीम में श्याम के साथ लिंबा राम और रजत हलदर भी शामिल थे।

नॉर्वे शतरंज में दिव्या देशमुख का कमाल, हम्पी को आर्मागेडन में हराया, गुकेश-प्रज्ञानंद को निराशा

ओस्लो। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारत की युवा ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की नंबर-1 महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को आर्मागेडन मुकाबले में हराया। वहीं ओपन वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों डी गुकेश और आर प्रज्ञानंद का दिन निराशाजनक रहा। प्रज्ञानानंदा को अलीरेजा फिरोजा से हार मिली, जबकि गुकेश आर्मागेडन टाईब्रेकर में वेस्ली सो के खिलाफ मुकाबला गंवा बैठे। दूसरी ओर मैग्नस कार्लसन ने भी आर्मागेडन जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में वापसी की।

दिव्या देशमुख ने नॉर्वे चेस महिला वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए भारत की दिग्गज खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को आर्मागेडन मुकाबले में मात दी। ओस्लो के डाइकमैन ब्योर्विका लाइब्रेरी में खेले गए इस मुकाबले में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

क्लासिकल गेम में सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने आक्रामक शुरुआत की और किंग्साइड पर लगातार दबाव बनाया। उनकी चाल मैच का अहम मोड़ साबित हुई, जिससे हम्पी की स्थिति मुश्किल में आ गई। हालांकि बाद में दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताई और मुकाबला आर्मागेडन तक पहुंच गया।

आर्मागेडन में हम्पी पर भारी पड़ीं दिव्या

आर्मागेडन मुकाबले में दिव्या ने एंडगेम में बेहतरीन रणनीति दिखाई। उनके नाइट की सक्रियता और क्वीनसाइड पर बढ़त ने हम्पी को लगातार दबाव में रखा। प्यादा और महत्वपूर्ण खानों पर नियंत्रण ने दिव्या को निर्णायक बढ़त दिलाई। आखिरकार एक और चाल के बाद हम्पी की स्थिति कमजोर हो गई और उन्हें हार माननी पड़ी। यह नॉर्वे चेस महिला टूर्नामेंट में दिव्या की लगातार दूसरी आर्मागेडन जीत रही।

गुकेश और प्रज्ञानंद को झटका

ओपन वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। प्रज्ञानंद को फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरूजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। फिरोजा ने शानदार रणनीतिक खेल दिखाते हुए प्रज्ञानंद को पूरे मुकाबले में दबाव में रखा।

पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन में जीत से की शुरुआत, सात्विक-चिराग की जोड़ी भी आगे बढ़ी

सिंगापुर। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मंगलवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गई। 30 साल की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने इस सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में दुनिया की छठे नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-17, 21-18 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा। यह सिंधू के लिए मनोबल बढ़ाने वाली जीत थी जो पिछले साल विश्व चैंपियनशिप और सुदीरमन कप में इस इंडोनेशियाई खिलाड़ी से दो बार हार चुकी थीं। मंगलवार को दुनिया की 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन वरदानी ने वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। हालांकि सिंधू ने जोरदार पलटवार करते हुए आखिरी सात में से छह अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सिंधू ने 13-11 की बढ़त बनाई लेकिन वरदानी ने एक बार फिर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि मैच के अंतिम क्षणों में संयम बनाए रखा मुकाबला जीत लिया। सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष युगल जोड़ी भी शुरुआती दौर में चेन झी यी और प्रेस्ली स्मिथ की मलयेशिया की दुनिया की 25वें नंबर की जोड़ी को 26-28, 21-15, 21-13 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी अगले दौर में ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की चीनी ताइपे की जोड़ी तथा लियू यांग और हुआंग डि की चीन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।

फ्रेंच ओपन में युवा सितारों का जलवा: 17 वर्षीय कुआमे ने रचा इतिहास, गॉफ-सबालेंका और ओसाका की दमदार शुरुआत

धर्मशाला। फ्रेंच ओपन 2026 में युवा खिलाड़ियों और बड़े उलटफेरों ने टूर्नामेंट को रोमांचक बना दिया है। 17 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी मोइज कुआमे ने अपने ग्रैंड स्लैम डेब्यू में पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को हराकर इतिहास रच दिया। वहीं मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ, विश्व नंबर-1 एरीना सबालेंका और जापान की नाओमी ओसाका ने जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में दानिल मेदवेदेव को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। मोयसे कुआमे ने फ्रेंच ओपन में अपने ग्रैंड स्लैम डेब्यू को यादगार बना दिया। 17 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारीन सिलिच को 7-6(4), 6-2, 6-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। रोलां गैरों में घरेलू दर्शकों के समर्थन के बीच कुआमे ने बेहद परिपक्व खेल दिखाया। विश्व रैंकिंग में 318वें स्थान पर मौजूद यह खिलाड़ी 2008 या उसके बाद जन्मे पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम मुकाबले में जीत दर्ज की है। वह 1991 के बाद रोलां गैरों में मैच जीतने वाले सबसे युवा फ्रांसीसी खिलाड़ी भी बने। मैच के बाद कुआमे ने कहा, 'मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा था। हमने टीम के साथ रणनीति पर बहुत काम किया था। यहां के माहौल और दर्शकों को मैं पहले से थोड़ा जानता था, इसलिए आत्मविश्वास बना रहा।' मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ ने हमवतन टेलर टाउनसेंड को 6-4, 6-0 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। हालांकि मैच की शुरुआत गॉफ के लिए आसान नहीं रही और

टाउनसेंड ने शुरुआती गेम में उनकी सर्विस तोड़ दी थी। लेकिन इसके बाद गॉफ ने शानदार वापसी की और मैच के आखिरी 12 में से 11 गेम जीत लिए। दूसरे सेट में टाउनसेंड एक भी गेम नहीं जीत सकीं। गॉफ ने लगातार सातवीं बार फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई है।

सबालेंका और ओसाका की विजयी शुरुआत

विश्व नंबर-1 अरीना सबालेंका ने स्पेन की जेसिका बौजास मानेइरो को 6-4, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। गर्म मौसम और तेज क्ले कोर्ट पर सबालेंका ने नेट के पास आक्रामक खेल दिखाया। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'इस समय खेल का सबसे मजेदार हिस्सा यही है कि मैं नेट पर आकर अंक जीत पा रही हूं। मैंने अपने खेल के इस हिस्से में काफी सुधार किया है और इस पर गर्व है।' वहीं नाओमी ओसाका ने जर्मनी की लौरा सीगमंड को 6-3, 7-6(3) से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। ओसाका ने दबाव के क्षणों में संयमित खेल दिखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज की।

मेदवेदेव टूर्नामेंट से बाहर

पुरुष एकल में टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया के एडम वाल्टन ने पांच सेट तक चले मुकाबले में मेदवेदेव को 6-2, 1-6, 6-1, 1-6, 6-4 से हराया।

आरसीबी के फाइनल में पहुंचने पर भावुक हुए माल्या!

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 92 रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश कर लिया। धर्मशाला में खेले गए इस मुकाबले के बाद टीम के पूर्व मालिक विजय माल्या का सोशल मीडिया पोस्ट काफी चर्चा में रहा।

आरसीबी की जीत के बाद विजय माल्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 𝕏 पर टीम को बधाई देते हुए भावुक संदेश लिखा। उन्होंने लिखा, 'आरसीबी के नाम्मा डोड्डा सिम्हागुलु (हमारे शेरों) को धर्मशाला में शानदार जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई। आप बेंगलुरु के शेरों की तरह दहाड़े और डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में आईपीएल फाइनल में पहुंच गए।' माल्या का यह पोस्ट तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आरसीबी के फैंस ने भी टीम के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने पांच विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान रजत पाटीदार ने सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 93 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में नौ छक्के और पांच चौके लगाए। शुरुआत में दो जीवनदान मिलने के बाद पाटीदार ने गुजरात के गेंदबाजों पर जबरदस्त हमला बोला। RCB ने आखिरी पांच ओवर में 86 रन बनाए, जबकि अंतिम छह ओवर में टीम ने 114 रन जोड़ दिए।

255 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत बेहद खराब रही। साई सुदर्शन 14 रन बनाकर अजीब तरीके से आउट हुए। जैकब डफी की गेंद पर शॉट खेलने के दौरान उनका बल्ला हाथ से छूटकर स्टंप्स से टकरा गया। इसके तुरंत बाद कप्तान शुभमन गिल भी सिर्फ दो रन बनाकर भुवनेश्वर कुमार का शिकार बने। शुरुआती झटकों के बाद गुजरात की टीम दबाव में आ गई।

भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की और टूर्नामेंट में अपने विकेटों की संख्या 26 तक पहुंचा दी। वह पर्पल कैप होल्डर भी बन गए हैं। जोश हेजलवुड ने जोस बटलर को आउट किया, जबकि रसिख सलाम ने निशांत संधू और जेसन होल्डर को पवेलियन भेजकर गुजरात की हालत और खराब कर दी।

फिल्ममेकर अनिक दत्ता का निधन, बहुमंजिला घर की छत से गिरने के कारण हुई मौत, पुलिस की जांच जारी



मुंबई। फिल्ममेकर अनिक दत्ता का निधन हो गया है। अपने बहुमंजिला घर की छत से गिरने के कारण उनकी मौत हो गई। इस मामले में अभी पुलिस जांच कर रही है।

फिल्ममेकर अनिक दत्ता के निधन की खबर से बंगाली फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बुधवार को अपने बहुमंजिला घर की छत से गिरने के कारण उनकी मौत हो गई। कोलकाता पुलिस ने यह जानकारी साझा की है। साथ ही फिल्ममेकर के मौत की जांच भी जारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें ढाकुरिया के पास एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया।

पुलिस की एक टीम ने घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी है। हालांकि फिल्ममेकर के परिवार ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। इस घटना के बाद बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के कई अभिनेता, निर्देशक और सदस्य अस्पताल पहुंचे, वह अनिक दत्ता के बारे में जानना चाहते थे।

अनिक दत्ता को 2012 में 'भूतेर भविष्यत' नाम की फिल्म से काफी शोहरत मिली थी। यह फिल्म राजनीतिक और सामाजिक व्यंग्य के लिए जानी जाती है। जबकि इसमें एक हॉरर स्टोरी थी। कई लोग इस फिल्म को बंगाली सिनेमा में एक मील का पत्थर मानते हैं।

अनिक दत्ता ने इसी तरह की शैली में 'आश्चर्य प्रदीप' भी बनाई, जिसमें भी एक मजबूत सामाजिक संदेश छिपा था। इस फिल्ममेकर ने 'अपराजितो', 'मेघनादबोध रहस्य' और 'बरुनबाबू बॉन्धु' जैसी कई चर्चित फिल्मों का भी निर्देशन किया था।

'मां आखिरी सांसें गिन रही थीं और मैं शूटिंग कर रही थी'

मुंबई। 'बनेगी अपनी बात' और 'सोनपरी' जैसे हिट टीवी सीरियल में दर्शकों ने अनीता कंवल को देखा है। वहीं 'मुझसे दोस्ती करोगे' और 'गंगाजल' जैसी कई बड़ी हिंदी फिल्मों का भी हिस्सा रहीं। हाल ही में उन्होंने अपने करियर को लेकर बातचीत की, कई किस्से भी साझा किए।

सिद्धार्थ कानन के पॉडकास्ट में अनीता कंवल ने एक दर्द भरा किस्सा सुनाया। वह कहती हैं, 'मेरी मां मर रही थीं, आखिरी सांसें गिन रही थीं। डॉक्टर ने उन्हें कुछ घंटे ही दिए थे। लेकिन मैं शूटिंग कर रही थी। इसी बीच डॉक्टर का कॉल आया। मुझे मां के पास जाना था, प्रोड्यूसर को कॉल किया तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। इसी बीच प्रोडक्शन टीम दूसरा सीन लेकर आ गई, उन्होंने कहा आपको सीन करना पड़ेगा। मैंने उस सिचुएशन में भी सीन किया। इसके बाद ही मैं सेट से गई। काम को लेकर इतना डेडिकेशन हमारे भीतर होता था।'

'आश्रम' के बोल्ड सीन्स पर बॉबी देओल का खुलासा, सिर्फ इस शख्स को बताई थी सीरीज की कहानी

मुंबई। एक्टर बॉबी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बंदर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी बीच उन्होंने अपने कमबैक प्रोजेक्ट 'आश्रम' को लेकर खुलकर बात की। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा।

'आश्रम' सीरीज में बॉबी देओल की परफॉर्मेंस को लोगों ने खूब सराहा। भले ही उन्होंने एक नेगेटिव किरदार निभाया, लेकिन दर्शकों से उन्हें जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। हाल ही में एक बातचीत में बॉबी देओल ने बताया कि सीरीज में जो बोल्ड सीन थे, उनके बारे में उन्होंने सबसे पहले सिर्फ अपनी पत्नी तान्या देओल को ही बताया था।

अपने परिवार में किसी को नहीं बताया

बॉबी देओल हाल ही में शेखर सुमन के चैट शो 'शेखर टूनाइट' में नजर आए। यहां उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्होंने पहली बार इस सीरीज की कहानी सुनी थी, तो उन्होंने अपने

परिवार में किसी को नहीं बताया था।

उन्होंने कहा, 'सबसे पहले जब मैंने कहानी सुनी, तो मैंने अपने पिता, मां या यहां तक कि अपने भाई को भी नहीं बताया। मैंने सिर्फ एक ही इंसान को बताया- मेरी पत्नी। मुझे उन्हें बताना जरूरी था, वरना अगर उन्हें बाद में पता चलता तो मैं मुश्किल में पड़ जाता।'

आज मैं जो भी हूं, अपनी पत्नी की वजह से हूं

आगे उन्होंने अपनी पत्नी तान्या को अपने मुश्किल समय में साथ देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'आज मैं जो भी हूं, वो अपनी पत्नी की वजह से हूं। जब मैं अपने खराब दौर से गुजर रहा था, तब उन्होंने पूरे घर को संभाला। मुझे लगता है कि वो मेरी ताकत हैं।'

'बंदर' फिल्म के बारे में

दमदार कहानी, शानदार स्टारकास्ट और अनुराग कश्यप के निर्देशन की वजह से 'बंदर' फिल्म को 2026 की सबसे एक्साइटिंग फिल्मों में गिना जा रहा है। फिल्म में बॉबी देओल के अलावा सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद, राज बी शेट्टी, जीतेंद्र जोशी, सपना पब्बी, इंद्रजीत सुकुमारन, रिद्धि सेन और नागेश भोसले अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

केदारनाथ के बाद बद्रीनाथ पहुंचे कैलाश खेर, रुद्राक्ष माला और चंदन का तिलक लगाए फोटो की शेयर

मुंबई। प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर इन दिनों धार्मिक यात्रा पर हैं। केदारनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद, अब वे भगवान का आशीर्वाद लेने बद्रीनाथ धाम पहुंचे हैं।

गायक कैलाश खेर केदारनाथ के बाद अब बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर गए हैं। अपनी आध्यात्मिक यात्रा की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। कैलाश की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं।

बद्रीनाथ यात्रा पर कैलाश खेर

कैलाश खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बद्रीनाथ की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वे बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच नजर आ रहे हैं। उन्होंने गले में रुद्राक्ष की माला पहनी है और माथे पर चंदन का तिलक लगाया हुआ है। कैलाश खेर की इस धार्मिक यात्रा को लेकर उनके फैंस बेहद खुश हैं।

यात्रा

गायक कैलाश खेर केदारनाथ के बाद अब बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर गए हैं।

केदारनाथ में 'बम लहरी'

इससे पहले इसी महीने कैलाश खेर ने केदारनाथ मंदिर के दर्शन किए थे। वहां उन्होंने बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच खड़े होकर अपना प्रसिद्ध भजन 'बम लहरी' भी गाया, जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, 'महादेव का धाम, पूरन सारे काम। जय जय केदारा।'

केदारनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और यह भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में से 11वां है। वहीं, बद्रीनाथ मंदिर भगवान विष्णु का धाम है। ये दोनों पवित्र मंदिर उत्तराखंड के पहाड़ों में स्थित हैं।

नया गाना 'जोगी'

काम की बात करें तो कैलाश खेर का नया गाना 'जोगी' रिलीज हुआ है। यह गाना संत आदि शंकराचार्य को एक संगीतमय श्रद्धांजलि है, जिसमें उनके जीवन और पवित्र मठों की स्थापना की कहानी दिखाई गई है। 'जोगी' गाने को लेकर कैलाश खेर ने कहा, 'यह गाना मेरे लिए सिर्फ एक संगीत नहीं, बल्कि एक आंतरिक यात्रा है। आदि शंकराचार्य की सोच हमें याद दिलाती है कि सच्चा धर्म हमेशा जीवित रहता है।'

कैलाश खेर का करियर

कैलाश खेर भारतीय संगीत जगत के एक प्रमुख सूफी और पॉप-रॉक गायक हैं। उनकी अनूठी, रूहानी और बुलंद आवाज ने उन्हें देश-विदेश में अपार लोकप्रियता दिलाई है। कैलाश खेर के सबसे लोकप्रिय गानों में 'तेरी दीवानी', 'अल्लाह के बंदे', 'सैयां' और 'चांद सिफारिश' जैसे कई बेहतरीन गाने शामिल हैं।

शॉर्ट फिल्म बना रहीं रेणुका शहाणे, पति होंगे लीड एक्टर; आशुतोष राणा के साथ काम करने का अनुभव किया शेयर

मुंबई। एक्ट्रेस रेणुका शहाणे और आशुतोष राणा ने हाल ही में अपनी शादी की 25वीं सालगिरह बड़े धूमधाम से मनाई। इस खास मौके पर दोनों काफी खुश हैं, लेकिन इस साल उनके पास खुश होने की एक और वजह भी है। अब ये जोड़ी एक नए रोल में साथ काम करने जा रही है- एक्टर और डायरेक्टर के तौर पर। उन्होंने कहा, 'डायरेक्शन करते समय हमेशा थोड़ी घबराहट होती है, लेकिन इस बार यह और खास है क्योंकि फिल्म में राणा जी मुख्य भूमिका में हैं। पहली बार वो कैमरे के सामने हैं और मैं उसके पीछे हूं, और ये किसी भी तरफ जा सकता है। ये एक बड़ा रिस्क है, क्योंकि जरूरी नहीं कि आप अच्छे पार्टनर हैं तो स्क्रीन पर भी वही केमिस्ट्री दिखे। लेकिन ये मेरे सोच से भी बेहतर निकला। डायरेक्टर-एक्टर के तौर पर हम एक बेहतरीन टीम हैं।' जब उनसे पूछा गया कि सेट पर आशुतोष एक एक्टर के तौर पर कैसे थे, तो रेणुका ने कहा, 'उनके साथ काम करना किसी सपने जैसा है, क्योंकि वो बहुत खुले और भरोसा करने वाले इंसान हैं। वो पूरी तरह डायरेक्टर की सोच के साथ चलते हैं। मैंने ये बात तब भी देखी थी जब वो 'संघर्ष' की शूटिंग कर रहे थे। जिस तरह वो डायरेक्टर की बात मानते हैं, उससे लगता है कि वो मिट्टी की तरह हैं, जिन्हें आप अपने हिसाब से ढाल सकते हैं। वो एक्टर के तौर पर किसी तरह की पहले से बनी सोच लेकर नहीं आते।' बता दें कि एक्टर आशुतोष राणा और अभिनेत्री रेणुका शहाणे की शादी 25 मई 2001 को हुई थी।

दोनों ने मध्य प्रदेश के दमोह, जो आशुतोष राणा का होमटाउन है, वहां एक निजी और पारंपरिक समारोह में सात फेरे लिए थे। यह शादी बहुत सादगी और पारिवारिक माहौल में हुई थी, जिसमें सिर्फ करीबी लोग ही शामिल हुए थे।

असम विधानसभा में पारित हुआ समान नागरिक संहिता विधेयक, विपक्ष ने की थी चयन समिति के पास भेजने की मांग

गुवाहाटी। असम विधानसभा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया है। हालांकि, विपक्ष ने इसे पहले चयन समिति को भेजने की मांग की थी। इसके साथ ही असम यूसीसी कानून लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है। इससे पहले उत्तराखंड और गुजरात भी इस कानून को अपना चुके हैं।

असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। यह कानून धर्म से अलग सभी लोगों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों से जुड़े मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था लागू करने के लिए लाया गया है। हालांकि, विपक्ष ने मांग की थी कि विधेयक को पहले विस्तृत चर्चा के लिए चयन समिति के पास भेजा जाए। असम समान नागरिक संहिता, 2026 विधेयक पर पूरे दिन चर्चा के बाद विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से इसे सदन में पारित कराने के लिए पेश करने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष की उस मांग को खारिज कर दिया, जिसमें विधेयक को अधिक विचार-विमर्श के लिए चयन समिति को भेजने की बात कही गई थी। इसके बाद विपक्षी सदस्य सदन के बीच में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे और विधेयक पारित होने तक विरोध जारी रखा।

विधानसभा अध्यक्ष ने शोर-शराबे के बीच विधेयक को ध्वनिमत से पारित कराया। इस दौरान सत्तापक्ष के सदस्य 'भारत माता की जय' और 'जय श्रीराम' के नारे लगाते रहे। अध्यक्ष ने घोषणा की, मैं घोषणा करता हूं कि यह विधेयक पारित हो गया है। सत्तापक्ष के सदस्यों ने इसके समर्थन में मतदान किया।

विधेयक पारित होने के बाद सदन में जोरदार तालियों के साथ इसका स्वागत किया गया। असम सरकार ने सोमवार को यह विधेयक सदन में पेश किया था। इसका मकसद विवाग, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे निजी मामलों में सभी धर्मों के लिए समान कानून लागू करना है। विधेयक में बहुविवाह पर रोक लगाने और लिव-इन रिश्तों का पंजीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान भी शामिल है।

हालांकि, इस कानून को असम में रहने वाले अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों पर लागू नहीं किया जाएगा। विधेयक में कई सख्त दंड का भी प्रावधान किया गया है, जिसमें द्विविवाह या बहुविवाह के लिए सात साल तक की जेल और लिव-इन संबंध का पंजीकरण नहीं कराने पर तीन महीने तक की सजा शामिल है।

इस विधेयक के पारित होने के साथ ही असम, उत्तराखंड और गुजरात के बाद यूसीसी विधेयक पारित करने वाला तीसरा राज्य बन गया है। वहीं, गोवा में पहले से ही एक समान नागरिक कानून लागू है, जो पुर्तगाली शासनकाल से चला आ रहा है।

इससे पहले मुख्यमंत्री सरमा ने इसको लेकर कहा था कि यह विधेयक असम की सामाजिक संरचना और विशिष्ट जनसांख्यिकीय विविधता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

बंगाल में हार के बाद ममता को एक और झटका, टीएमसी सांसद काकोली घोष का सभी पदों से इस्तीफा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए महिला सम्मान, भ्रष्टाचार, आरजी कर मामले जैसे कई मुद्दों पर गंभीर सवाल उठाए। हालांकि उन्होंने साफ किया कि वह टीएमसी नहीं छोड़ेंगी और आम कार्यकर्ता के रूप में पार्टी से जुड़ी रहेंगी। तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने बुधवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया हैं। काकोली घोष दस्तीदार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद ममता बनर्जी की पार्टी ने लोकसभा सचेतक के पद से हटा दिया था। माना जा रहा है कि पार्टी के इस फैसले के बाद से ही वह नाराज चल रही थीं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे तृणमूल कांग्रेस नहीं छोड़ रही हैं। वह बंगाल और वहां के लोगों के हित में एक आम कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी से जुड़ी रहेंगी।

परिवार ने पर्वतारोही के शव को एवरेस्ट पर छोड़ने का लिया फैसला

हैदराबाद। भारतीय पर्वतारोही की माउंट एवरेस्ट से उतरते समय मौत हो गई। अब ने आस्था और तकनीकी कठिनाइयों के चलते शव पर्वत पर ही छोड़ने का फैसला किया। पढ़ें पूरी खबर

पिछले सप्ताह माउंट एवरेस्ट से उतरते समय एक भारतीय ने जान गंवा दी है। अब पर्वतारोही अरुण कुमार तिवारी के परिवार ने उनके शव को पर्वत पर ही छोड़ने का फैसला किया है। अरुण कुमार तिवारी के बहनोई सुधीर उपाध्याय के अनुसार यह फैसला आस्था और शव को वापस लाने में शामिल तकनीकी जटिलताओं पर आधारित था।

उन्होंने बुधवार को पीटीआई को बताया, 'वह भगवान शिव के निवास स्थान पर हैं। शव को लाने की प्रक्रिया में... जब तक वह हम तक पहुंचता, तब तक वह बहुत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका होता। वहां (एवरेस्ट पर) इस तरह के ऑपरेशन

सफल होने के लिए जाने जाते हैं।'

नेपाल स्थित पायनियर एडवेंचर्स के निदेशक निवेश कार्की के अनुसार, तिवारी की मृत्यु पिछले सप्ताह शिखर के ठीक नीचे हिलारी स्टेप के पास हुई, जब वह नीचे उतरते समय बीमार पड़ गए थे। चार शेरपा पर्वतारोहियों ने उनकी सहायता की थी। यह जानकारी अभियान का आयोजन करने वाली कंपनी ने दी।

तिवारी 53 वर्षीय थे। वह एक प्रमुख आईटी कंपनी में वरिष्ठ पेशेवर थे। इसके साथ ही वह एक कुशल पर्वतारोही हैं। उन्होंने अतीत में कई चोटियों पर चढ़ाई करने के अलावा माउंट एल्ब्रस (रूस), माउंट डेनाली (अमेरिका) और माउंट एकोनकागुआ (अर्जेंटीना) पर भी चढ़ाई की थी। सूत्रों के अनुसार, एवरेस्ट पर हिलेरी स्टेप से शव को नीचे लाना एक खतरनाक और बहुत महंगा अभियान है, क्योंकि इसके लिए आठ से बारह उच्च कुशल शेरपाओं की टीम और बड़ी मात्रा में बोतलबंद ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। शिखर के पास लगभग 8,790 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिलेरी स्टेप मृत्यु क्षेत्र में आता है, जहां ऑक्सीजन की उपलब्धता एक बड़ी समस्या है। इससे मानव शरीर और बचावकर्मी लगातार थकावट, ठंड पड़ने और ऊंचाई पर होने वाली बीमारी के खतरे में रहते हैं।

वीवीपीएटी पर्ची पर वोट डालने का समय दर्ज होगा या नहीं अदालत ने चुनाव आयोग पर छोड़ा फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपीएटी स्लिप पर वोट डालने का सटीक समय दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर फैसला चुनाव आयोग पर छोड़ दिया। कोर्ट ने कहा कि यह तकनीकी मामला है और इस पर निर्णय लेना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट (ड्डड्डक्कक्ष) स्लिप पर वोट डालने का सटीक समय दर्ज करने की मांग वाली जनहित याचिका पर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि यह पूरी तरह तकनीकी विषय है और इस पर निर्णय लेने का अधिकार चुनाव आयोग के पास है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने बुधवार को सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने चुनावी पारदर्शिता और विश्वसनीयता का मुद्दा उठाया है, लेकिन वीवीपैट स्लिप में समय दर्ज करना तकनीकी व्यवहार्यता से जुड़ा मामला है। इसलिए इस पर फैसला चुनाव आयोग ही ले सकता है। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि यह मामला चुनावी प्रक्रिया की तकनीकी संरचना से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग इस विषय पर विशेषज्ञ संस्था है और वही तय करेगा कि वीवीपैट स्लिप पर समय दर्ज करना संभव है या नहीं। पीठ ने मामले का निपटारा करते हुए सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि याचिका की प्रति चुनाव आयोग को भेजी जाए, ताकि आयोग इस पर विचार कर सके। जनहित याचिका में मांग की गई थी कि वीवीपैट स्लिप में उस समय का उल्लेख किया जाए, जब मतदाता ने वोट डाला। याचिकाकर्ता का तर्क था कि इससे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और मतदान की ऑडिटिंग अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगी। याचिका में यह भी कहा गया कि टाइम-स्टैंपिंग से वोटिंग प्रक्रिया की सत्यता को बेहतर ढंग से जांचा जा सकेगा और विवाद की स्थिति में रिकॉर्ड अधिक विश्वसनीय साबित होंगे।

कर्नाटक में सीएम पद पर खींचतान को लेकर भाजपा का तंज

बंगलूरू। कर्नाटक में सीएम पद को लेकर जारी खींचतान पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस ने सीएम पद के लिए भी टेंडर सिस्टम लागू कर दिया है। आइए जानते हैं कि भाजपा ने ऐसा क्यों कहा।

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस में चल रही अंदरूनी अटकलों और खींचतान पर भाजपा ने बुधवार को तीखा हमला बोला। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब सत्ता की कुर्सी को 'टेंडर सिस्टम' और 'रोटेशनल सीएम' फॉर्मूले पर चलाने लगी है। दरअसल ऐसी चर्चाएं हैं कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में सीएम बदलने जा रही है और डीके शिवकुमार को नया सीएम बनाया जा सकता है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी ने एक 'टेंडर सिस्टम' अपना लिया है, जिसमें जो भी गांधी परिवार

के लिए ज्यादा पैसे जुटाएगा, उसे ही मुख्यमंत्री की कुर्सी दी जाएगी। यह कांग्रेस की सत्ता की भूख और भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा प्रमाण है। जनादेश स्थिर सरकार के लिए था।'

भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 'कांग्रेस पार्टी को क्या दिक्कत है? वे रोटेशनल मुख्यमंत्री सिस्टम लागू करके सबको खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें जो जनादेश मिला था, वह रोटेशनल मुख्यमंत्री या बदलती सरकार के लिए नहीं था। जनादेश एक स्थिर सरकार बनाने के लिए था। कांग्रेस इस जनादेश की हत्या कर रही है। कांग्रेस की ये अंदरूनी लड़ाई कर्नाटक की जनता के साथ धोखा है।' भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'कांग्रेस के नेता सिर्फ सत्ता के लिए आपस में लड़ते हैं। उन्हें विकास से, कर्नाटक की तरक्की से कोई लेना-देना नहीं है। जब वे दिल्ली आते हैं, तो उनके पास विकास का कोई रोडमैप नहीं होता। उनका एजेंडा तो बस यही होता है कि कर्नाटक को कैसे लूटा जाए और उस लूट का सरगना कौन बनेगा।' वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने इस मुद्दे पर कहा, 'अब यह कांग्रेस पार्टी का आंतरिक मामला है। कांग्रेस जो भी करना चाहे, वह उनका फैसला है। हम इसमें क्या कर सकते हैं। कर्नाटक की जनता इन सब खेलों को अच्छी तरह समझ रही है।'

कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच तनातनी की खबरें लगातार सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों नेताओं के दिल्ली दौरे और हाईकमान से मुलाकात के बाद अटकलें और तेज हो गई हैं। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस आंतरिक कलह के कारण अच्छा शासन नहीं दे पा रही है और राज्य में अस्थिरता का माहौल बन रहा है।

शशि थरूर सरकार के साथः कांग्रेस सांसद ने जनसांख्यिकी से जुड़ी समिति बनाने का स्वागत किया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय बदलावों की जांच के लिए उच्च-स्तरीय समिति बनाई है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इसका स्वागत किया, लेकिन सही आंकड़ों और तथ्यों के आधार पर ही निष्कर्ष निकालने की सलाह दी। केंद्र सरकार ने देश में अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से निपटने के लिए जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर उच्च-स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस कदम का स्वागत किया है। हालांकि, उन्होंने सरकार को पर्याप्त तथ्यों और आंकड़ों के बिना इसे आगे न बढ़ाने की चेतावनी दी है। थरूर ने कहा कि देश में जनसांख्यिकीय कारकों के बारे में सही तथ्य और आंकड़े होने चाहिए।

शेख हसीना ने ईद पर हिंसा, अर्थव्यवस्था और कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई

बांग्लादेश। शेख हसीना ने ईद-उल-अजहा पर बांग्लादेश के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए देश में बढ़ती हिंसा, आर्थिक संकट और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई। अवामी लीग ने नेताओं, महिलाओं और बच्चों पर हमलों तथा राजनीतिक दमन का आरोप लगाया। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार ऐसे समय आया है जब देश गहरे संकट और कठिनाई का सामना कर रहा है। हसीना ने बांग्लादेश के लोगों के दर्द और पीड़ा पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

अवामी लीग द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक बयान में हसीना ने ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि पिछले 21 महीनों से अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं को क्रूर हत्याओं, लगातार हमलों और झूठे मामलों का सामना करना पड़ा है। कई पार्टी सदस्य अभी भी जेल में बंद हैं।

उन्होंने आगे कहा, केवल हमारा राजनीतिक परिवार ही नहीं, बल्कि देश के लोग भी भारी पीड़ा सह रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने खसरा से सैकड़ों बच्चों की असामयिक मृत्यु, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा और बलात्कार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था का पतन और तबाह हुई अर्थव्यवस्था ने देश को गहरे अंधकार की ओर धकेल दिया है। पिछले सप्ताह अवामी लीग ने अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों पर हमलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। पार्टी ने चेतावनी दी कि इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की लगातार चुप्पी देश को और अधिक क्रूरता और लंबे समय तक राजनीतिक हिंसा की ओर धकेल सकती है। अवामी लीग के अनुसार, जमीनी स्थिति बताती है कि पार्टी से जुड़ा कोई भी व्यक्ति अब सुरक्षित नहीं है, भले ही उसने कोई गलत काम न किया हो।

इस महीने की शुरुआत में पार्टी ने कहा था कि बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा में चिंताजनक बढ़ोतरी हो रही है। अवामी लीग ने कहा कि देश भर में महिलाएं और बच्चे लगातार डर और असुरक्षा में जी रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों और घरों दोनों में सुरक्षा अनिश्चित होती जा रही है।

निहित स्वार्थों के कारण सुरक्षा परिषद में नहीं हो रहे सुधार'; वैश्विक मंच पर भारत की दो-टूक

व्यवस्था

भारत ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1945 की व्यवस्था में काम कर रही है। यह विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रही है।

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग की। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 1945 की पुरानी व्यवस्था आज की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं है। भारत ने परिषद की स्थायी सदस्यता बढ़ाने की जरूरत बताई।

भारत ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1945 की व्यवस्था में काम कर रही है। यह विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रही है। भारत ने आगे कहा कि 'निहित स्वार्थ' उन सुधारों को रोक रहे हैं, जिनकी आवश्यकता इसे समकालीन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए है।

भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने मंगलवार को कहा, 'परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईएन) में प्रगति की कमी कई सदस्य देशों के यथास्थिति बनाए रखने और आठ दशक पुरानी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संरचना को बरकरार रखने के निहित स्वार्थों का संकेत है।' सुधारों में मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र के कुछ सदस्य देशों का एक छोटा समूह बाधा डाल रहा है, जो स्वयं को यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस (यूएफसी) कहते हैं। इस समूह का नेतृत्व इटली कर रहा है। इसमें पाकिस्तान भी शामिल है। यह समूह बातचीत को आगे बढ़ने से रोकने के लिए प्रक्रियात्मक दांव-पेच का इस्तेमाल करता है। हरीश परिषद में 'संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखना और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली को मजबूत करना' विषय पर हो रही बहस में बोल रहे थे। भारत के सुधार प्रस्तावों का मुख्य बिंदु परिषद की स्थायी सदस्यता का विस्तार करना है। उन्होंने ने कहा,

'हमें सदस्यता की स्थायी श्रेणी पर ध्यान देना चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए, जिससे इस परिषद की निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदलाव आएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'बदली हुई परिस्थितियों के अनुसार न ढलने से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अधिकार, विश्वसनीयता, वैधता और प्रभावशीलता और भी कम हो जाएगी।' महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी परिषद के विश्वसनीयता संकट की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, 'एक सुरक्षा परिषद जो आज की दुनिया की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से नहीं निभा सकती है।'

उन्होंने कहा, टवैश्विक संस्थानों को आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करना चाहिए, न कि 1945 की वास्तविकताओं को। इस परिषद में यह बात सबसे अधिक जरूरी है।' अफ्रीका के साथ हुए अन्याय का खास रूप से जिक्र करते हुए (जिसे स्थायी सदस्यता से बाहर रखा गया है), गुटेरेस ने कहा, 'सुधार का अर्थ है विश्वसनीयता बहाल करना और यह सुनिश्चित करना कि यह परिषद चार्टर को बनाए रखने के लिए निर्णायक और समावेशी रूप से काम कर सके।'

वही भारत के हरीश स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के सामने आज की चुनौतियों का मूल कारण एक ऐसी संरचना है, जो 1940 के दशक में अटकी हुई है। यह कुछ ऐसा ही है जैसे उन्नत एआई तकनीकों को 1945 के इलेक्ट्रॉनिक न्यूमेरिकल इंटीग्रेटर एंड कंप्यूटर नामक कंप्यूटर के संस्करण पर चलाना।' मानव जाति के अनुकूलनशीलता के माध्यम से जीवित रहने और फलने-फूलने के लिए जिम्मेदार विकासवादी सिद्धांतों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र इस मूलभूत विकासवादी सिद्धांत के प्रति उदासीन नहीं रह सकता। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों को सार्थक रूप से पूरा करने के लिए इसे लचीला और अनुकूलनीय होना चाहिए।'

पुनर्गठित परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की ओर से तर्क देते हुए हरीश ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना से पहले के समय से लेकर वैश्विक शांति में भारत के योगदान की ओर इशारा किया। परिषद के पांच स्थायी सदस्य द्वितीय विश्व युद्ध के विजेता हैं।

उनके दावे युद्ध में उनकी भूमिकाओं पर आधारित हैं। वहीं, हरीश ने भारतीयों की ओर से किए गए समान बलिदानों को याद करते हुए भारत को भी इसी तरह का दावा करने का आधार दिया।

उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 25 लाख से अधिक भारतीय सैनिकों ने मित्र देशों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी और 87,000 से अधिक सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसके कारण संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ। उन्होंने कहा, 'यह युद्ध हमारा नहीं था, लेकिन हमने इसकी भारी कीमत चुकाई।

ट्रंप प्रशासन को झटकाः फलस्तीन समर्थक महमूद खलील को राहत

वॉशिंगटन अमेरिका की ट्रंप सरकार को अदालत के एक फैसले से झटका लगा है। दरअसल फलस्तीन समर्थक महमूद खलील को निर्वासित करने की कोशिशों में जुटी ट्रंप सरकार को अदालत ने फिलहाल रोक दिया है। आइए जानते हैं क्या है अमेरिकी संघीय अपीलीय अदालत ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र महमूद खलील को बड़ी राहत देते हुए ट्रंप प्रशासन की निर्वासन कार्रवाई के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया है। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए झटका माना जा रहा है। अमेरिका के स्थायी निवासी खलील को साल 2024 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने के कारण अप्रवासन अधिकारियों ने हिरासत में लिया था।

हजार घाव देकर भारत को कमजोर करना इनकी नीति

यूएन में भारतीय राजदूत ने पाकिस्तान को दिखाई उसकी असलियत

संयुक्त राष्ट्र। भारत सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से कार्रवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने देश के सख्त रुख को दोहराते हुए पाकिस्तान को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए भारत ने और क्या कुछ कहा? जानिए इस खबर में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी राजदूत पी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान पाकिस्तान को जमकर सुनाया। पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर घेरते हुए भारतीय राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान, सीमापार आतंकवाद को वित्तपोषित कर बढ़ावा दे रहा है और यह संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का साफ उल्लंघन है। यूएनएससी में खुली डिबेट के दौरान अपने जवाब में पी. हरीश ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि इस्लामाबाद को ये बात माननी पड़ेगी कि हर एक्शन के परिणाम होते हैं और भारत के पास पूरा अधिकार है कि वह पड़ोसी देश की तरफ से हो रहे हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे।

भारतीय राजदूत ने पाकिस्तान को सीमापार आतंकवाद के साथ ही उसकी भारत को हजार घाव देकर उसे कमजोर करने की नीति पर भी निशाना साधा। पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कई बार बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। पाकिस्तान आतंकवाद, धार्मिक कट्टरवाद और हिंसक चरमपंत को बढ़ावा दे रहा है और अपने गठन के बाद से ही भारत के खिलाफ बेबुनियाद बयानबाजी कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद में कहा, भारत को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने और खुद का बचाव करने का पूरा अधिकार है। हरीश पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद के भारत विरोधी बयान का जवाब दे रहे थे। अहमद ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को बनाए रखने पर बहस के दौरान यह बयान दिया था।

हरीश ने अहमद के दावों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद का उपयोग उसके खोखले बयानों को उजागर करता है। पाकिस्तान की आतंकवाद, धार्मिक उग्रवाद और भारत विरोधी बयानबाजी, 1947 में अस्तित्व में आने के बाद से ही लगातार जारी है।

गौरतलब है कि हरीश के बयान से पहले आसिम इफ्तिखार अहमद ने दावा किया था कि कश्मीर पर सुरक्षा परिषद (ह्रस्ष्ट) के प्रस्तावों से मुद्दा हल नहीं हुआ है। उन्होंने बेशर्मी से भारत पर इसका दोषारोपण भी कर दिया। अहमद ने कहा कि लगभग आठ दशकों से जम्मू और कश्मीर विवाद अनसुलझा है और ऐसा कश्मीरी लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार देने वाले प्रस्तावों के बावजूद हो रहा है।

इस बिंदु पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए हरीश ने स्पष्ट किया, कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह उसके पूर्ण, कानूनी और अपरिवर्तनीय विलय के परिणामस्वरूप हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कई युद्ध छेड़कर और सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करके संप्रभुता का उल्लंघन किया है।

अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान में आ रही गिरावट खतरनाक', संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख ने दी चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने वैश्विक स्तर पर बढ़ते संघर्षों, अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनदेखी और सुरक्षा परिषद में एकजुटता की कमी को गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने शांति, कानून के सम्मान और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर जोर दिया।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान में खतरनाक गिरावट को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि संप्रभु समानता, क्षेत्रीय अखंडता, राजनीतिक स्वतंत्रता और बल प्रयोग की मनाही जैसे मूल सिद्धांतों को या तो चुनौती दी जा रही है या इन्हें अनदेखा किया जा रहा है।

सुरक्षा परिषद में मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली को मजबूत करने पर एक उच्चस्तरीय खुली बहस आयोजित की गई। इसे संबोधित करते हुए गुटेरेस ने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर जवाबदेही नहीं हो रही और दंड से बच निकलने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

एंटोनियो गुटेरेस ने चिंता जताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर शांति के लिए मानवता की सबसे अच्छी उम्मीद बना हुआ है, लेकिन इसकी ताकत इसे बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों की प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। महासचिव ने चेतावनी दी कि भू-राजनीतिक विभाजन गहरा रहे हैं, अविश्वास बढ़ रहा है और आम सहमति बनाना तेजी से मुश्किल होता जा रहा है।

गुटेरेस ने इस बात पर भी जोर दिया कि अक्सर यह परिषद एकता और उद्देश्य के साथ कार्य करने में विफल रहती है। उन्होंने कहा, 'जब सुरक्षा परिषद विभाजित होती है, तो इसके परिणाम इस कक्ष से कहीं आगे महसूस किए जाते हैं। '

महासचिव ने संघर्षों की बढ़ती संख्या और उनकी तीव्रता पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से अब तक के सबसे ज्यादा संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, बाहरी हस्तक्षेप बढ़ रहा है, जिसमें ड्रोन जैसे हथियारों की आपूर्ति शामिल है, जो अक्सर नागरिकों और उनसे जुड़ी चीजों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, सूडान, यूक्रेन और अन्य क्षेत्रों में हिंसा का पैमाना और जटिलता बढ़ रही है।

भीषण गर्मी व हीट वेव से बचाव व राहत हेतु जिला प्रशासन अलर्ट

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मौसम में लगातार बढ़ते तापमान एवं भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रविंद कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे लू (हीटवेव) से बचाव हेतु जारी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें तथा स्वयं के साथ परिवार, बच्चों, बुजुर्गों एवं पशु-पक्षियों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें। मौसम विभाग द्वारा वर्तमान दिनों में भीषण लू एवं गर्म रातों की संभावना व्यक्त की गई है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि जनपद में कहीं भी पेयजल की कमी न होने पाए। नगर निकायों, ग्राम पंचायतों एवं संबंधित अधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंडों तथा प्रमुख स्थानों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही तालाबों, जलाशयों एवं पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अत्यधिक आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। धूप में निकलते समय सिर को गमछा, टोपी अथवा कपड़े से ढककर रखें तथा हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी, छाछ एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों की विशेष देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को बंद वाहन में न छोड़ें। साथ ही आमजन से अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों, छतों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी तथा पशुओं के लिए छायादार स्थान एवं पेयजल की व्यवस्था अवश्य करें। जिला प्रशासन ने नागरिकों को आगाह किया है कि यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आना, अत्यधिक कमजोरी, तेज बुखार, बेहोशी अथवा अत्यधिक प्यास जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें। किसी भी आपात स्थिति में एम्बुलेंस सेवा 108 एवं आपातकालीन सहायता हेतु 112 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि 'सतर्कता एवं सावधानी ही बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।' उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें, अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचें तथा अपने आसपास जरूरतमंद लोगों की सहायता भी करें।

बक्शा पुलिस ने तीन लोगों पर किया मुकदमा दर्ज

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र में तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इन पर एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में धमकी देने का आरोप है। कौली गांव निवासी रेखा गौतम पत्नी राजबली गौतम ने बक्शा थाने में 27 मई 2026 को लिखित तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनके गांव के पतालु उर्फ करन (पुत्र बसंतलाल), करन (पुत्र ध्रुवराज) और बेलापार निवासी विजय गौतम (पुत्र हरीलाल) ने उनकी बेटी को शादी का झांसा दिया। तहरीर के अनुसार, विजय गौतम ने पीड़िता की बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी करने की बात कही, तो विजय गौतम ने उसके वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी दी। साथ ही, उसे जान से मारने की भी धमकी दी गई। इस सूचना के आधार पर बक्शा थाने में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 261/2026 दर्ज किया गया है। बक्शा थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विजय गौतम, पतालु उर्फ करन और करन के खिलाफ धारा 69, 151(3), 61(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

- सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 परमानंद झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सहायक आचार्य, राजकीय (प्रा.) परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के संबंध में मंगलवार देर सायं बैठक आयोजित की गई। परीक्षा 31 मई 2026 (रविवार) को जनपद के 14 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, कानून व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं एवं मजिस्ट्रेट ड्यूटी सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी विभाग को आपसी समन्वय एवं गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करें ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करा ली जाएं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों के लिए पेयजल एवं प्राथमिक उपचार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। बैठक में तैनात मजिस्ट्रेटों को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं। उन्होंने परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को सजग एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, वितरण व्यवस्था, कंट्रोल रूम संचालन एवं परीक्षा केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

साथी विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय की नई पहल

कुलपति प्रो. वंदना ने जारी किया 'साथी' अभियान का पोस्टर

- मानसिक स्वास्थ्य के लिए विद्यार्थियों को मिलेगा गोपनीय और पेशेवर सहयोग

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के वैलनेस सेंटर ने 'साथी' नामक नई पहल शुरू की है। बुधवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने वैलनेस सेंटर द्वारा संचालित इस अभियान का जागरूकता पोस्टर जारी किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के सामने केवल शैक्षणिक चुनौतियाँ ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक दबाव भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय का दायित्व है कि वह विद्यार्थियों को सुरक्षित, संवेदनशील और भरोसेमंद वातावरण उपलब्ध कराए। कहा कि स्वस्थ मन ही बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विश्वविद्यालय चाहता है कि हर छात्र स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और समर्थ महसूस करे। वैलनेस सेंटर के समन्वयक एवं व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जारी किए गए पोस्टर में विद्यार्थियों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि वे मानसिक तनाव, अवसाद, भय या किसी भी प्रकार की परेशानी को मन में दबाने के बजाय साझा करें। पोस्टर में परीक्षा और करियर का दबाव, असफलता का डर, घर की याद, रिश्तों में तनाव, साइबर बुलिंग तथा भविष्य को लेकर चिंता जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया है, जिनसे आज बड़ी संख्या में युवा प्रभावित हो रहे हैं। विश्वविद्यालय की 'साथी' पहल का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को समय पर परामर्श, भावनात्मक सहयोग और पेशेवर सहायता उपलब्ध कराना है। इस पोस्टर को सोशल मीडिया के साथ ही साथ छात्रावासों के सभी कमरों, अध्ययन कक्षों एवं विभागों के डिस्प्ले बोर्ड पर लगाया जायेगा। वैलनेस सेंटर की नोडल अधिकारी डॉ. अन्नू त्यागी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पोस्टर में यह भी भरोसा दिलाया गया है कि विद्यार्थियों की सभी बातचीत पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा उन्हें बिना किसी भेदभाव और पूर्वाग्रह के सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग एवं वैलनेस सेंटर के विशेषज्ञों की टीम लगातार कार्य कर रही है। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की मानसिक समस्याओं से जुड़ी सहायता के लिए विश्वविद्यालय हेल्पलाइन नंबर +91 7518200 147 जारी किया है। इसके अलावा विद्यार्थी टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 / 1-800-891-4416 तथा किरण हेल्पलाइन 1800-599-0019 पर भी संपर्क कर सकते हैं। साथ ही साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 भी पोस्टर में दिए गए हैं।

ग्राम लोहरा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल एवं थाना प्रभारी मुबारकपुर द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोहरा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों से संवाद स्थापित कर आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने की अपील की गई। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह वह क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल द्वारा थाना मुबारकपुर पुलिस बल के साथ मुबारकपुर कस्बा क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए गए। जनपद पुलिस आगामी पर्व-त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

मुबारकपुर पालिका प्रशासन ने बकरीद पर्व को लेकर किया विभिन्न वार्डो का निरीक्षण

मुबारकपुर/आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता) बकरीद पर्व के पहले मुबारकपुर में विभिन्न वार्डों में साफ सफाई बिजली पानी के हाल का प्रशासक संजीव कुमार ओझा ने जायजा लिया वहीं बकरीद पर्व पर कुर्बानी के जानवरों के अवशेष को दफन करने के लिए खोदे गए गड्ढों को भी देखा। बिजली पानी साफ सफाई का विशेष रुप से ध्यान देने के लिए आदेश दिया। मुबारकपुर नगरपालिका परिषद में बकरीद के पर्व की तैयारियां चल रही है।इसी दौरान यहां के हाल को जानने के एडीएम प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासक संजीव कुमार ओझा सबसे पहले मोहल्ला अलीनगर वार्ड नम्बर 11 में स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे वहां पर खोदे गए गड्ढे को देखा और वार्ड में पानी की आपूर्ति का भी मौके पर निरीक्षण किया वार्डवासियों से जानकारी ली की पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है। अथवा नहीं वार्डवासियों ने बताया कि बिजली रहने पर पानी की आपूर्ति होती है।वहीं वार्ड में साफ सफाई तथा पर्व पर कुर्बानी के जानवरों के अवशेष को गड्ढे दफन करने का आदेश निर्देश दिया वार्ड में टूटी हुई पटिया को ठीक करने कहा। इसी क्रम और कई मोहल्लों में जाकर वहां का हाल देखा। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मिश्र,बाबू राजन चौधरी,सभासद नूरुल होदा, धर्मेन्द्र,कासिफ मसूद आदि लोग मौजूद थे।

कबीरुद्दीनपुर में पारिवारिक विवाद में मारपीट, एफआईआर दर्ज

जौनपुर (गौराबादशाहपुर)/अवधनामा संवाददाता। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला शशिकला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मई 2026 को सुबह करीब 11 बजे उनके पति राकेश यादव गाली-गलौज कर रहे थे। महिला ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अपने भाई रोहित यादव और पिता प्यारेलाल यादव को फोन कर मौके पर बुलाया, तो राकेश यादव, अवधेश और राजमन उर्फ नषडू ने उन सभी के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें काफी चोटें आईं। घटना के संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मुन्ना लाल शर्मा को सौंपी है।

भारत विकास परिषद ने राहगीरों को बांटा पन्ना और बेलरस, महिला शाखा ने संभाली कमान

आजमगढ़। भीषण उमस और गर्मी के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए भारत विकास परिषद की 'इलिट' शाखा ने एक सराहनीय पहल की है। 'सूत्र सेवा' के अंतर्गत, संस्था की महिला सदस्यों ने चौक स्थित ऐतिहासिक दक्षिण मुखी देवी मंदिर में विशेष आयोजन किया। महिला सहभागिता प्रमुख मनीला अग्रवाल के नेतृत्व में जुटीं महिला सदस्यों ने सबसे पहले मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ भजन-कीर्तन किया। पूरा माहौल भक्तिमय भजनों से गुंजायमान हो उठा। इसके बाद, तपती धूप और उमस से परेशान राहगीरों, रिक्शा चालकों और स्थानीय लोगों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर राहत सामग्री का वितरण किया गया। महिला विंग ने राहगीरों को पारंपरिक और स्वास्थ्यवर्धक आम का पन्ना, बेल का रस, ताजे फल और मिठाइयां बांटीं। ठंडे पेय पदार्थ और फल पाकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने संस्था के इस सेवा भाव की जमकर सराहना की। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में भारत विकास परिषद 'इलिट' शाखा के पदाधिकारियों और सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। संस्था के सदस्यों का कहना है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और इस भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाना और उन्हें राहत देना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था। डिंपल अग्रवाल, योगिता, पूजा, लतिका, प्रिया वंदिता, गरिमा, श्रुति, अर्चना, नमिता, रीना, अंशु, पंकज अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

हरदोई पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

हरदोई (अवधनामा संवाददाता) अशोक कुमार मीणा द्वारा बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई में पहुंचे फरियादियों ने विभिन्न मामलों से जुड़ी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक मामले की गंभीरता से जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हरदोई पुलिस की इस पहल से फरियादियों में भरोसा बढ़ा है और लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर संतोष व्यक्त किया।

सुरेरी की बेटी ने यूपीएससी में लहराया परचम

- गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत
- हासिल की ऑल इंडिया 32वीं रैंक

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (सुरेरी) क्षेत्र अंतर्गत पृथ्वीपुर गांव की बेटी सुष्मिता सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा में ऑल इंडिया 32वीं रैंक हासिल कर भारतीय वन सेवा (IFS) में चयनित होकर पूरे सुरेरी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यूपीएससी का परिणाम 6 मार्च 2026 को घोषित हुआ, जिसके बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। सुष्मिता सिंह का यह छठवां प्रयास था। 12वीं के बाद उन्होंने देहरादून के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया और फिर यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगातार संघर्ष के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। सुष्मिता, भानु प्रताप सिंह एवं श्रीमती इंद्रावती सिंह की पुत्री हैं। उनके पिता भी भारतीय वन सेवा (ढ्ढस्नस्र) से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। चार बहनों में सुष्मिता सबसे बड़ी हैं। उनकी बहन नम्रता सिंह सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं, जबकि तीसरी बहन इंजीनियर और सबसे छोटी बहन मेडिकल की पढ़ाई कर रही हैं। मंगलवार देर शाम छत्तीसगढ़ से गांव पहुंचने पर ग्रामीणों व क्षेत्रीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। ग्राम प्रधान कल्लू सिंह, , डॉ सुभाष गुप्ता,बिपिन कुमार सिंह (टिंकू) पूर्व प्रधान, बच्चन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वागत समारोह में मौजूद रहे। इस संबंध में पिता भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सुष्मिता शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी, अनुशासित और मेहनती रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटी ने कठिन परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी और निरंतर मेहनत के बल पर यह सफलता हासिल कर परिवार व क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

चोरी की गयी बकरी बरामद

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। थाना पवई - वादी चन्द्रेश पुत्र मनोराम निवासी ग्राम डेहरी थाना पवई जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना पवई पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 23.05.2026 की रात्रि में अभियुक्तगण 1. अकरम पुत्र मो0 वकील, 2. अरविन्द पुत्र सहादुर निवासीगण ग्राम डेहरी थाना पवई जनपद आजमगढ़ तथा 3. यार मोहम्मद उर्फ बबुआ पुत्र फौजदार निवासी ग्राम महुआ थाना पवई जनपद आजमगढ़ ने वादी के घर/करकट से 02 बकरी व 01 बकरा चोरी कर लिया जिसके सम्बन्ध में थाना पवई पर मु0अ0सं0-120/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 विशाल चक्रवर्ती द्वारा प्रारम्भ की गयी। उ0नि0 विशाल चक्रवर्ती मय हमराह द्वारा महुआ मोड़ स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के सामने से अभियुक्तों 1. यार मोहम्मद उर्फ बबुआ पुत्र फौजदार निवासी ग्राम महुआ थाना पवई जनपद आजमगढ़, 2. अरविन्द पुत्र सहादुर निवासी ग्राम डेहरी थाना पवई जनपद आजमगढ़ तथा 3. अकरम पुत्र मो0 वकील निवासी ग्राम डेहरी थाना पवई जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 बकरी बरामद हुई तथा शेष 01 बकरी व 01 बकरा बेचने से प्राप्त 6000/- नगद बरामद हुआ। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त यार मोहम्मद उर्फ बबुआ के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ, जिसके आधार पर थाना पवई पर मु0अ0सं0-122/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

सूचना

गुलजार पुत्र लतीफ उम्र 74 वर्ष निश्र ग्राम दुमझेडी,थाना चिलकाना, ज़ि.सहारनपुर ने सूचित किया है कि उसका पुत्र आस मोहम्मद उसके कहने सुनने में नहीं हैं बुरी संगत में लिप्त है तंग होकर 26 मई 2026 को गुलज़ार ने आस मोहम्मद को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदख़ल कर उससे सभी संबंध ख़त्म दिए हैं। भविष्य में अपने कु कृत्य हेतु पुत्र खुद ज़िम्मेदार होगा।

कलयुग के जीवंत देवता मारुति नंदन : शुभम दास

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। नगर के ठंडी सड़क विवेकानंद पार्क स्थित हनुमान मंदिर में 'बड़ा मंगलवार' के पावन अवसर पर भव्य सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर पुण्य लाभ कमाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुर्वासा मंडलेश्वर श्री श्री 108 शुभम दास महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शुभम दास ने कहा, 'हनुमत आराधना से मनुष्य के जीवन के सभी संकट और बाधाएं दूर हो जाती हैं, इसलिए उन्हें संकटमोचन कहा जाता है। कलयुग में हनुमान जी सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता हैं। वे बल, बुद्धि, विद्या और अमरता के साक्षात प्रतीक हैं। सच्चे मन से की गई उनकी भक्ति कभी निष्फल नहीं जाती।' भंडारे में उमड़ा जनसैलाब - सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद महाआरती हुई, जिसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा परिसर 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयकारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के संयोजक फौजदार सिंह ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आए हुए सभी अतिथियों और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार तो संजय सिंह ने सभी का स्वागत किया।

फर्जी एम.एस.पी आदेश को किसानों ने फूंका

इटावा। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के देशव्यापी आहवान पर 27 से 31 मई तक गांवों में सरकार की फर्जी एमएसपी आदेश की प्रतियों का दहन कर डीजल-पेट्रोल के दामों में मूल्य वृद्धि, उर्वर लूट के खिलाफ किसान सभा ने ताखा तहसील की बिरतिया गांव और सदर तहसील के खडकोली में फर्जी एम.एस.पी का पुतला फूंका गया।किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष नाथूराम यादव एवं अमर सिंह शाक्य, जिला मंत्री संतोष शाक्य जिला संयुक्त मंत्री शिववचन यादव उर्फ बच्चू सहित दर्जनो किसानो ने भाग लिया। जिला मंत्री संतोष शाक्य ने बताया अभियान के दौरान किसान सभा पूरे जिले के तमाम गांवो में फर्जी एमएसपी का पुतला दहन कर स्वामीनाथन के अनुरूप लागत का डेढ गुना एम.एस.पी की गारंटी, कृषि कार्यो के लिए टैक्स फ्री डीजल, बिजली कटौती रोककर निर्बाध सप्लाई देने, बिजली का निजीकरण रोकने, किसानो-मजदूरों को कर्जा मुक्त करने आदि मांगों उठायेगी।

एक परिवार का कराया गया सफल समझौता

- काउंसलिंग के माध्यम से पारिवारिक विवाद का कराया गया निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। परिवारों को टूटने से बचाने और आपसी विवादों को सुलह के माध्यम से समाप्त करने की दिशा में संचालित 'नई किरण' परियोजना के तहत बुधवार को परिवार परामर्श प्रकोष्ठ में एक परिवार का सफल समझौता कराया गया। काउंसलिंग के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से साथ रहने को तैयार हो गए। थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई किरण की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कुल 01 पत्रावली में दोनों पक्षों को फोन/नोटिस के माध्यम से सूचित कर मिडिएशन हेतु बुलाया गया, जिसमें दोनों पक्ष उपस्थित हुए। मिडिएशन के दौरान अथक प्रयास एवं समझाइश-बुझाइश के उपरान्त 01 प्रकरण में सफल समझौता कराया गया। प्रकरण में आवेदिका द्वारा पति, सास-ससुर एवं जेठानी पर कम दान-दहेज को लेकर मारपीट करने तथा घर से निकाल देने का आरोप लगाया गया था। दोनों पक्षों की अलग-अलग एवं संयुक्त रूप से काउंसलिंग कर समस्या का समाधान कराया गया। नई किरण प्रोजेक्ट जनपद में बिखरे परिवारों को पुनः एक सूत्र में जोड़ने का प्रयास है। इस पहल से परिवारों में नई आशा एवं विश्वास का संचार होगा तथा पारिवारिक न्यायालयों में कार्यभार कम करने में भी सहायता मिलेगी। इस पुनीत कार्य में उ0नि0 महेन्द्र प्रसाद तिवारी प्रभारी परिवार परामर्श प्रकोष्ठ, उ0नि0 सत्यनारायण यादव, आरक्षी जितेन्द्र शाह एवं महिला आरक्षी नेहा सिंह उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

1	**निविदा सूचना संख्या :** विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/222/2026-27
क	**कार्य का विवरण :** कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर.एस.पी. (विधि किताब संख्या 719/24-25) के अंतर्गत बी.जी कोचों के ए.आर.टी. / ए.आर.एम.ई. कोचों में परिवर्तित करने का कार्य।
ख	**अनुमानित लागत :** रु. 1,60,33,145.11
ग	**धरोहर राशि :** रु. 3,20,700/-
घ	**निविदा प्रपत्र मूल्य :** शून्य
ड.	**कार्य समापन अवधि :** 18 माह
	अन्य सूचना
2	**निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय :** 17.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक।
3	**निविदा खुलने की तिथि व समय :** 17.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद।

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

सं.: विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 27.05.2026 1794/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सेल्सफोर्स ने भारत में हाईपरफोर्स पर म्यूलसॉफ्ट पेश किया लोकल डेटा रेसिडेंसी के साथ सुरक्षित, स्केलेबल इंटीग्रेशन संभव होगा

आधारित

हाईपरफोर्स भारत में साल 2020 में पेश किया गया था, जिस पर आधारित यह शुरुआत स्थानीय-होस्टिंग वाले क्लाउड इनोवेशन के प्रति सेल्सफोर्स की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

बैंगलुरु: दुनिया के नं. 1 एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स ने आज भारत में कंपनी के विश्वसनीय नैक्स्ट-जनरेशन प्लेटफॉर्म आर्किटेक्चर, हाईपरफोर्स पर अपनी सेवाओं का विस्तार किया, जिसके साथ म्यूलसॉफ्ट उपलब्ध कराया जाएगा। इस उपलब्धि के साथ म्यूलसॉफ्ट एनीपॉईंट प्लेटफॉर्म हाईपरफोर्स पर एक समर्पित इंडिया रीज़न पर आ सकेगा, जिससे भारतीय व्यवसाय इंटीग्रेशन और एआई पॉवर्ड वर्कफ्लो को एंटरप्राईज़ के स्तर पर तैनात कर सकेंगे तथा डेटा स्थानीय स्तर पर स्टोर व प्रोसेस हो सकेगा।

हाईपरफोर्स भारत में साल 2020 में पेश किया गया था, जिस पर आधारित यह शुरुआत स्थानीय-होस्टिंग वाले क्लाउड इनोवेशन के प्रति सेल्सफोर्स की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। भारत में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में आती तेजी के साथ व्यवसायों को इंटीग्रेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है, जो व्यापक स्तर पर जटिल और भिन्न-भिन्न तरह के वातावरणों में कनेक्ट हो सकें। फाईनेंशियल सर्विसेज़, हैल्थकेयर और पब्लिक सेक्टर जैसे रैगुलेटेड उद्योगों में काम करने वाले संगठनों के लिए लोकल डेटा रेसिडेंसी जरूरी ही नहीं, बल्कि कंप्लायंस की शर्त भी है। भारत में हाईपरफोर्स पर म्यूलसॉफ्ट इसका सीधा हल पेश करता है। यह एनीपॉईंट प्लेटफॉर्म की इंटीग्रेशन पॉवर को सुरक्षा, गोपनीयता और कंप्लायंस की क्षमताओं से जोड़ता है, जो प्रदान करने के लिए हाईपरसॉफ्ट का निर्माण किया गया है। भारत में हाईपरफोर्स पर म्यूलसॉफ्ट की उपलब्धता से भारतीय उद्यमों के लिए भरोसेमंद, लोकल होस्टिंग वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर पर म्यूलसॉफ्ट की एजेंटिक क्षमताओं के संचालन की बुनियाद स्थापित होगी। सेल्सफोर्स भारत में अपने हाईपरफोर्स फुटप्रिंट बढ़ा रहा है। इसलिए भारत के लिए विभिन्न क्षमताएं पेश करने की योजना है। इनमें म्यूलसॉफ्ट एजेंट फैब्रिक एक भरोसेमंद एजेंट कंट्रोल प्लेन प्रदान करता है, जो मल्टी-वेंडर एंटरप्राईज़ में एआई एजेंट्स को कनेक्ट, व्यवस्थित और संचालित करता है। म्यूलसॉफ्ट ऑम्नी गेटवे एपीआई, एमसीपी, एजेंट और एलएलएम में यूनिफाईड गवर्नेंस और विज़िबिलिटी प्रदान करता है। वहीं म्यूलसॉफ्ट वाईब्स नैचुरल-लैंग्वेज संचालित इंटीग्रेशन का विकास करता है। इससे रैगुलेटेड उद्योगों के उद्यमों को यह सुविधा प्राप्त होगी कि जब वो एजेंटिक वर्कफ्लो का निर्माण करेंगे, तो कंप्लायंस की मांग के अनुरूप गवर्नेंस, ऑडिटेबिलिटी और डेटा रेसिडेंसी केवल उनके इंटीग्रेशन में ही नहीं, बल्कि एआई ऑपरेशन में भी अपने आप लागू हो जाएगी।

डेटा रेसिडेंसी: भारतीय ग्राहक इंटीग्रेशन और एपीआई डेटा को आत्मविश्वास के साथ भारत में स्टोर व प्रोसेस कर सकेंगे। यह कंट्रोल प्लेन और रनटाईम प्लेस के एक ही भारतीय क्षेत्र में स्थित होने के कारण संभव होगा। इससे लोकल डेटा रेसिडेंसी की जरूरतों और विकसित होते रैगुलेटरी मानकों के बीच तालमेल बनाना संभव होगा, जिनमें वो मानक भी शामिल हैं, जो रैगुलेटेड उद्योगों के लिए जरूरी हैं।

स्केलेबिलिटी: व्यवसाय बढ़ने के साथ ज्यादा इंटीग्रेशन वर्कलोड अधिक विश्वसनीयता के साथ चलाना संभव होगा, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर बाधक नहीं बनेगा। बेहतर सुरक्षा: हाईपरफोर्स शुरू से ही अपने आप सुरक्षित है। यह न्यूनतम विशेष हस्तक्षेप और जीरो ट्रस्ट के सिद्धांत के साथ विराम में या गतिशील रहते हुए ग्राहक के डेटा को एन्क्रिप्ट कर देता है।

सैमसंग ने भारत में 2026 विज़न एआई टीवी लाइनअप पेश किया



गुरुग्राम: सैमसंग इंडिया ने आज अपने पूरे 2026 विज़न एआई टीवी लाइनअप के लॉन्च की घोषणा की, जिसमें माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, द फ्रेम, मिनी एलईडी और यूएचडी टीवी शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ सैमसंग अपने सभी मॉडलों में एआई-पावर्ड फीचर्स का विस्तार कर रहा है, जिससे भारत में ज्यादा उपभोक्ताओं को बेहतर तस्वीर, बेहतर साउंड और ज्यादा पर्सनलाइज्ड देखने का अनुभव मिलेगा। सैमसंग लगातार 20 वर्षों से दुनिया का नंबर 1 टीवी ब्रांड बना हुआ है।सैमसंग के 4च और उससे ऊपर के टीवी लाइनअप में विज़न एआई कंपेनियन (वीएसी) फीचर्स का यह विस्तार इस बात को दिखाता है कि कंपनी टीवी अनुभव में एआई को केंद्र में रखने पर जोर दे रही है। इसके जरिए एआई-पावर्ड देखने का अनुभव अब ज्यादा कैटेगरी, अलग-अलग स्क्रीन साइज़ और उपभोक्ताओं की जरूरतों तक पहुंच रहा है।सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा, 'हमारे नए विज़न एआई टीवी स्थानीय कंटेंट प्लेटफॉर्म्स के साथ बिना किसी रुकावट के इंटीग्रेशन देते हैं, मल्टीलिंगुअल सपोर्ट को और बेहतर बनाते हैं और भारत के अलग-अलग घरों के माहौल के हिसाब से ऊर्जा-कुशल समाधान पेश करते हैं। 'चुनिंदा टीवी मॉडल्स की खरीद पर ग्राहकों को 1,02,990 रुपये कीमत का कॉम्प्लिमेंट्री साउंडबार और 23,990 रुपये का फ्री म्यूजिक स्टूडियो मिलेगा। इसके अलावा, 20% तक कैशबैक और आसान ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध हैं, जिससे खरीदारी और ज्यादा फायदेमंद बनती है। 2026 का यह लाइनअप आज से सैमसंग के रिटेल स्टोर्स, Samsung.com और प्रमुख ऑफलाइन व ऑनलाइन रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होगा सैमसंग का माइक्रो आरजीबी रेंज 1,24,990 रुपये से शुरू, सैमसंग का ओएलईडी रेंज 1,14,990 रुपये से शुरू,सैमसंग का फ्रेम टीवी रेंज 56,990 रुपये से शुरू,सैमसंग का नियो क्यूएलईडी रेंज 52,990 रुपये से शुरू,सैमसंग का मिनी एलईडी रेंज 42,990 रुपये से शुरू, सैमसंग का यूएचडी टीवी रेंज 36,990 रुपये से शुरू।

दिल्ली से गोरखपुर जा रही बस के भीषण सड़क हादसे पर सांसद पंकज चौधरी ने गहरा शोक व्यक्त किया

लखनऊ। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर उन्नाव के पास दिल्ली से गोरखपुर जा रही बस के भीषण सड़क हादसे पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं महाराजगंज सांसद पंकज चौधरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

इस दर्दनाक दुर्घटना में कई यात्रियों की असामयिक मृत्यु एवं अनेक लोगों के घायल होने की खबर को उन्होंने अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया। पंकज चौधरी ने कहा कि यह हादसा पूरे प्रदेश और देश के लिए दुख की घड़ी है।

इस भीषण दुर्घटना ने कई परिवारों की खुशियां छीन ली हैं। उन्होंने कहा कि किसी अपने को खोने का दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता और इस कठिन समय में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

साथ ही घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है।

एमजी मैजिस्टर का 4×2 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम 40.99 लाख में लॉन्च

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी मैजिस्टर लॉन्च की - जो भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है। भारत की पहली डी+ एसयूवी के रूप में पेश की गई मैजेस्टर उन ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो अपनी अगली एसयूवी में दमदार रोड प्रेजेंस, एडवांस्ड इंजीनियरिंग और बेहतरीन ऑल-टेरेन क्षमता चाहते हैं। एमजी मैजिस्टर 4×2 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की कीमत 40.99(एक्स-शोरूम कीमत) लाख रखी गई है। (6 और 7-सीटर) एमजी मैजिस्टर 4×4 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की कीमत 44.99 (एक्स-शोरूमकीमत)लाख रखी गई है। (केवल 7-सीटर) लॉन्च के अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए अनुराग मेहरोत्रा, एमडी, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, 'एमजी मेजस्टर हमारे पोर्टफोलियो में एक दमदार एसयूवी है। यह भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है, जो ताकत, आराम, आधुनिक तकनीक और भरोसेमंदी का बेहतरीन मिश्रण देती है। अपने सबसे बड़े आकार, ऑफ-रोड दमखम और कई सेगमेंट-पहली सुविधाओं के साथ मैजिस्टर नए मानदंड स्थापित करती है। ' इसके 2.0-लीटर ट्विन-टर्बो डीजल इंजन से 215.5 पी.एस. की पावर और 478.5 एनएम का टॉर्क मिलता है। साथ में मिलता है सबसे बढ़िया 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (2 डब्ल्यूडी और 4 डब्ल्यूडी दोनों में)। इसका 4 डब्ल्यूडी सिस्टम 10 ऑफ-रोड मोड देता है। ऑटो मोड में यह सामान्य सड़क पर 2 डब्ल्यूडी (दो पहिया ड्राइव) चलता है, लेकिन फिसलन भरी जगह पर झट से 4 डब्ल्यूडी (चारों पहिए ड्राइव) में बदल जाता है। मैजिस्टर अपने ऑफ-रोड प्रदर्शन को और मजबूत बनाते हुए अपने सेगमेंट में पहली एसयूवी है, जिसमें फ्रंट, रियर और सेंटर डिफरेंशियल लॉक दिए गए हैं, जो पहियों की पकड़ खत्म होने की स्थिति में भी वाहन को दोबारा चलने में सक्षम बनाते हैं। क्रॉल कंट्रोल मोड, 219द्वद्व ग्राउंड क्लीयरेंस** और 810 द्वद्व वॉटर वेडिंग क्षमता के साथ, यह वाहन सबसे कठिन रास्तों पर भी मजबूती, टिकाऊपन और भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए तैयार है। 2950 मिमी के प्रभावशाली व्हीलबेस वाला, मैजिस्टर 5046 मिमी लंबाई, 2016 मिमी चौड़ाई और 1870 मिमी ऊंचाई के साथ अपने सेगमेंट में बेजोड़ है। इसका मोज़ेक मैट्रिक्स ग्रिल, ड्रैगन आईज़ डीआरएल्स, ट्राई-बीम हेडलैम्प्स, कनेक्टेड एलईडी टेल लैंप्स, उठा हुआ हुड लाइन और 19-इंच अलॉय व्हील्स इसे एक दमदार, परिष्कृत और आकर्षक लुक प्रदान करते हैं।

हिमालया बेबीकेयर ने लॉन्च किया गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक, सोना जीतने का मौका देकर नवजात के स्वागत को ओर बनाया खास

नई दिल्ली। भारत के सबसे भरोसेमंद बेबी केयर ब्रांड्स में से एक, हिमालया बेबीकेयर, जिसे शिशु बहुत पसंद करते हैं, ने हिमालया बेबी गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक' लॉन्च करने की घोषणा की है, एक विशेष रुप से तैयार एसेंशियल्स पैक, जिसे नए मेहमान के स्वागत को खास बनाने के साथ बेबी केयर गिफ्टिंग को अधिक सार्थक, सुलभ और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भारत में, नवजात शिशुओं को उपहार देना भावनाओं और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है, जिसमें सोना पवित्रता, आशीर्वाद और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसी सांस्कृतिक भावना को ध्यान में रखते हुए हिमालया बेबीकेयर ने गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक को इस परंपरा की आधुनिक व्याख्या के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसमें भरोसेमंद बेबी केयर के लिए जरुरी वस्तुओं को एक आकर्षक गोल्ड थीम पैक में एक साथ लाया गया है जो देखभाल और अपनापन दोनों को दर्शाता है। 501 की कीमत वाला गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक नवजात शिशु के आगमन का जश्न मनाने वाले दोस्तों और परिवार के लिए एक प्रीमियम लेकिन सुलभ गिफ्टिंग विकल्प के रूप में सोच-समझ कर तैयार किया गया है। शिशु की देखभाल के लिए आवश्यक सौम्य बेबी केयर उत्पादों से सुसज्जित सुरुचिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किए गए पैक से आधुनिक अभिभावकों को एक खास गिफ्टिंग अनुभव मिलता है, जो उनकी रोजमर्रा की शिशु देखभाल की जरुरतों को व्यावहारिक रूप से पूरा करता है। लॉन्च को और अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बनाने के लिए ब्रांड ने हिमालया गोल्डन मोमेंट्स प्रोग्राम की शुरुआत की है, जो एक ऐसी पहल है जो माता-पिता को अपने शिशु की विशेष उपलब्धियों का जश्न मनाने और उन्हें साझा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसमें भाग लेने के लिए माता-पिता को अपने बच्चे की एक यादगार तस्वीर और एक छोटी कहानी अपलोड करनी होगी और इसके जरिए उन्हें 1,00,000 मूल्य का गोल्ड वाउचर या 10,000 का सिल्वर वाउचर जीतने का मौका मिलेगा।

अर्जेंटीना ने निकोटीन पर नया वैश्विक दृष्टिकोण अपनाया

लखनऊ। अर्जेंटीना में एक बड़े नीतिगत बदलाव के साथ ई-सिगरेट और हीटेड टोबैको प्रोडक्ट्स पर लगाया गया प्रतिबंध अप्रैल-मई, 2026 से हटा लिया गया है। इसके साथ ही अर्जेंटीना उन बढ़ते हुए देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो प्रतिबंध की बजाय स्मार्ट और प्रमाण पर आधारित रैगुलेशन को अपना रहे हैं।

भारत में तम्बाकू नियंत्रण के ढांचे पर अभी भी विचार चल रहा है, लेकिन इस नए परिवर्तन को नजरंदाज करना मुश्किल है।अर्जेंटीना का यह फैसला चौंकाने वाला है। यहाँ पर 15 सालों से निकोटीन प्रोडक्ट्स के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ था, जिसके बाद ब्यूनस आयर्स ने इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार किया कि प्रतिबंध से इन प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में कोई कमी नहीं आई, बल्कि उनका उपयोग चोरी-छिपे होने लगा। जिसका नतीजा यह हुआ कि न तो इन प्रोडक्ट्स पर कोई क्वालिटी कंट्रोल रह गया, न ही इन्हें बेचने के लिए उम्र का वैरिफिकेशन किया जाता था और न ही इसे ट्रेस करने की कोई व्यवस्था थी। इसलिए इन प्रोडक्ट्स का कालाबाजार फलने-फूलने लगा। अब सरकार ने प्रतिबंध की जगह एक व्यापक रैगुलेटरी ढांचा अपनाया है। प्रोडक्ट का रजिस्ट्रेशन कराना और इसकी सामग्री की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है, तथा इसे ट्रेस करने की व्यवस्था लागू की गई है, ताकि अव्यस्कों को इन प्रोडक्ट्स की बिक्री रोकी जा सके।

नीति में इस परिवर्तन के माध्यम से ब्यूनस आयर्स ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि कारगर नतीजे सीधे प्रतिबंध से नहीं, बल्कि जवाबदेही से मिलते हैं।बांग्लादेश ने भी इसी राह पर आगे बढ़ते हुए अपना बाजार खोला और उस पर नियंत्रण लागू किया। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पारंपरिक रैगुलेशन का पालन करने वाले देश प्रतिबंध के विफल होने के बाद उपलब्धता को नियंत्रित करने की ओर बढ़ रहे हैं।विश्व अब एफ.डी.ए मॉडल की ओर बढ़ रहा है जिसकी बुनियाद यू.एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा निर्धारित जोखिम पर आधारित रैगुलेटरी फ्रेमवर्क है, जिसे डब्लू.एच.ओ द्वारा सुझाए गए सख्त प्रतिबंध वाले तरीके के मुकाबले एक गोल्ड स्टैंडर्ड के रूप में देखा जा रहा है। एफ.डी.ए द्वारा सभी निकोटीन उत्पादों को एक नजर से नहीं देखा जाता है।

बल्कि, नुकसान के आधार पर वो अलग-अलग श्रेणी में आते हैं। हालाँकि, बाजार में उतरने की अनुमति देने से पहले हर प्रोडक्ट की कठोर वैज्ञानिक जाँच की जाती है। मोटे तौर पर लगभग 26 मिलियन आवेदनों में से केवल 34 स्मोकलेस टोबैको प्रोडक्ट्स को ही बाजार में उतरने की अनुमति दी गई है। यानी किसी भी प्रोडक्ट को खुली छूट नहीं मिलती है।युवाओं की सुरक्षा के परिणाम काफी उत्साहवर्धक हैं। साल 2023 से साल 2024 के बीच, एफ.डी.ए द्वारा चलाए गए शिक्षा अभियानों ने 450,000 किशोरों को ई-सिगरेट का इस्तेमाल शुरू करने से रोक दिया। स्कूल जाने की उम्र वाले यूजर्स 70 प्रतिशत की गिरावट के साथ साल 2019 में 5.38 मिलियन से घटकर साल 2024 में 1.63 मिलियन रह गए, जो पिछले एक दशक से अधिक समय में सबसे कम हैं। साल 2019 में ई-सिगरेट खरीदने की न्यूनतम आयु को बढ़ाकर 21 साल कर दिया गया और साल 2024 से 30 साल से कम उम्र के लोगों के आईडी कार्ड की जाँच अनिवार्य कर दी गई।डब्लू.एच.ओ का सिद्धांत सर्वाधिक रोकथाम का है। वहीं एफ.डी.ए नुकसान को कम करने के मॉडल को अपनाता है, जो केवल किताबी नहीं है, बल्कि व्यापारिक और वित्तीय नतीजे भी प्रदान करता है।

जिन देशों ने डब्लू.एच.ओ मॉडल को ज्यों का त्यों अपनाया है, उनमें मांग में कमी नहीं आई है, बल्कि यह असंगठित चैनलों की ओर चली गई है, जिससे कालाबाजारी बढ़ी है, टैक्स का नुकसान बढ़ा है, और युवाओं के अनियंत्रित उत्पादों के संपर्क में आने का जोखिम बढ़ गया है। डब्लू.एच.ओ की सिफारिशों को लागू करना अनिवार्य नहीं होता है। बल्कि पहले इस सवाल पर विचार करना जरूरी है कि क्या उन्हें कठोरता से लागू करने से सार्वजनिक स्वास्थ्य के लक्ष्य प्राप्त हो सकेंगे या वो कमजोर होंगे।आज भारत जिस असमंजस में है, कुछ समय पहले अर्जेंटीना भी उसी का सामना कर रहा था। साल 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध से युवाओं की सुरक्षा की चिंता तो दूर हो गई, पर इसे कठोरता से लागू न कर पाने की वजह से इसकी कालाबाजारी पनपी। जहाँ भारत में रैगुलेशन के अगले चरण की रूपरेखा तैयार की जा रही है, वहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रहे प्रमाण इस ओर इशारा करते हैं कि सशर्त और जोखिम के आधार पर लागू रैगुलेशन के नतीजे हर मायने में प्रतिबंध से बेहतर मिलते हैं, फिर चाहे वह युवाओं के लिए इन प्रोडक्ट्स की उपलब्धता हो, बाजार की पारदर्शिता हो, तस्करी नियंत्रण हो या फिर टैक्स का अनुपालन।

कृष्णावतरम् ने 24 घंटों में दर्ज की 92% की जबरदस्त उछाल, देशव्यापी सांस्कृतिक आंदोलन बनकर उभरी फिल्म

नई दिल्ली। दुनियाभर के सिनेमाघरों में एक अद्भुत लहर देखने को मिल रही है, क्योंकि कृष्णावतरम् ने पिछले 24 घंटों में 92% की असाधारण वृद्धि दर्ज की है। यह फिल्म अब केवल बॉक्स ऑफिस सफलता तक सीमित नहीं रही, बल्कि एक बड़े सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आंदोलन का रूप ले चुकी है।

जो सफर एक फिल्म के रूप में शुरू हुआ था, वह अब एक भावनात्मक अनुभव बन गया है, जिसे दर्शक अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मना रहे हैं। देश-विदेश के शहरों और कस्बों में सिनेमाघर मानो मंदिरों का रूप लेते जा रहे हैं, जहां दर्शक श्रीकृष्ण भजन गा रहे हैं, सामूहिक प्रार्थना कर रहे हैं, भावनात्मक दृश्यों में भावुक हो रहे हैं, खुशी से झूम रहे हैं और बड़े पर्दे पर भगवान श्रीकृष्ण की कथा में पूरी तरह डूब रहे हैं। परिवार अपने मित्रों, बच्चों और बुजुर्गों के साथ बार-बार सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं, जिससे कृष्णावतरम् एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक साझा होने वाला आध्यात्मिक अनुभव बन गया है। सोशल मीडिया पर भावुक प्रतिक्रियाएं, उत्सव के वीडियो और सिनेमाघरों में अतिरिक्त शो एवं अधिक स्क्रीन बढ़ाने की मांग तेजी से बढ़ रही है। कनाडा, फ्रांस, दुबई और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों से लोग फिल्म को अधिक स्थानों और भाषाओं में रिलीज़ करने की मांग कर रहे हैं।इस आंदोलन की विशालता केवल थिएटर ऑक्यूपेंसी तक सीमित नहीं है, बल्कि दर्शकों के भावनात्मक जुड़ाव में भी साफ दिखाई दे रही है। देशभर के दर्शक इसे 'सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि प्रेम और भक्ति की यात्रा' बता रहे हैं।

इस उपलब्धि को और भी खास बनाता है इसका क्षेत्रीय और भाषाई सीमाओं से परे जाकर लोगों के दिलों तक पहुंचना। जहां हिंदी दर्शकों ने फिल्म को भरपूर प्रेम दिया है, वहीं तेलुगु और तमिल संस्करणों को भी दक्षिण भारत में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

सैमसंग ने भारत में 2026 विज़न एआई टीवी लाइनअप पेश किया

गुरुग्राम: सैमसंग इंडिया ने आज अपने पूरे 2026 विज़न एआई टीवी लाइनअप के लॉन्च की घोषणा की, जिसमें माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, द फ्रेम, मिनी एलईडी और यूएचडी टीवी शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ सैमसंग अपने सभी मॉडलों में एआई-पावर्ड फीचर्स का विस्तार कर रहा है, जिससे भारत में ज्यादा उपभोक्ताओं को बेहतर तस्वीर, बेहतर साउंड और ज्यादा पर्सनलाइज्ड देखने का अनुभव मिलेगा। सैमसंग लगातार 20 वर्षों से दुनिया का नंबर 1 टीवी ब्रांड बना हुआ है।सैमसंग के 4च और उससे ऊपर के टीवी लाइनअप में विज़न एआई कंपेनियन (वीएसी) फीचर्स का यह विस्तार इस बात को दिखाता है कि कंपनी टीवी अनुभव में एआई को केंद्र में रखने पर जोर दे रही है। इसके जरिए एआई-पावर्ड देखने का अनुभव अब ज्यादा कैटेगरी, अलग-अलग स्क्रीन साइज़ और उपभोक्ताओं की जरूरतों तक पहुंच रहा है।सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा, 'हमारे नए विज़न एआई टीवी स्थानीय कंटेंट प्लेटफॉर्म्स के साथ बिना किसी रुकावट के इंटीग्रेशन देते हैं, मल्टीलिंगुअल सपोर्ट को और बेहतर बनाते हैं और भारत के अलग-अलग घरों के माहौल के हिसाब से ऊर्जा-कुशल समाधान पेश करते हैं।

इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए जियो-बीपी और यूपीएसआरटीसी आए साथ

लखनऊ। जियो-बीपी और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने पूरे उत्तर प्रदेश और दिल्ली में 100 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों के लिए ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं को विकसित करने के लिए साझेदारी की है। इस पहल को जियो-बीपी पल्स (जियो-बीपी का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी व्यवसाय) के जरिए लागू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में सार्वजनिक ईवी मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। जियो-बीपी के चेयरमैन सार्थक बेहुरिया ने कहा, 'भारत का सस्टेनेबल मोबिलिटी की ओर बदलाव, मजबूत पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप और मास ट्रांजिट सिस्टम के तेजी से इलेक्ट्रिफिकेशन से संभव होगा। यह भारत सरकार के स्वच्छ और भविष्य के अनुकूल ट्रांसपोर्ट विजन के भी अनुरूप है। अक्षय वाधवा, सीईओ, जियो-बीपी ने कहा यूपीएसआरटीसी के साथ यह साझेदारी, भारत के लिए एक मजबूत और बड़े पैमाने पर फैलने वाला बी2बी ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम बनाने की जियो-बीपी की नीति के पूरी तरह से अनुरूप है। देश भर में 6,000 से अधिक ईवी चार्जिंग पॉइंट्स के साथ, जियो-बीपी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार को लगातार गति दे रहा है। तेज़ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ हाई-फ्रीक्वेंसी इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में मदद करके, हम कमर्शियल फ्लीट के इलेक्ट्रिफिकेशन के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहे हैं और साथ ही मुख्य परिवहन मार्गों पर कुशल और भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी समाधान उपलब्ध करा रहे हैं। अगले कुछ महीनों में शुरू होने वाली यह परियोजना छह क्लस्टर्स में फैली होगी और सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के बढ़ते चलन को गति देगी। जैसे-जैसे भारत स्वच्छ और अधिक सस्टेनेबलमोबिलिटी समाधानों की ओर अपने बदलाव को तेज कर रहा है, एक मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, विशेष रूप से सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में, बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने के लिए एक प्रमुख माध्यम के रूप में उभर रहा है। जियो-बीपी और यूपीएसआरटीसी का यह सहयोग भारी व्यस्तता वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट रूट्स पर बड़े पैमाने पर ईवी को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है। एक संगठन के रूप में, हम देश की इस सस्टेनेबल मोबिलिटी यात्रा में भरोसेमंद और सुलभ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए अपना योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। '

इस भागीदारी के तहत, जियो-बीपी हाई-फ्रीक्वेंसी कमर्शियल फ्लीट परिचालन को समर्थन देने के लिए फास्ट-चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगाएगा। इससे इलेक्ट्रिक बस सेवाओं के लिए टर्नअराउंड टाइम (बसों के चार्जिंग समय) को कम करने और ऑपरेशनल क्षमता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यह पहल, इस पूरे क्षेत्र में सार्वजनिक ईवी को अपनाने की गति तेज करने और स्वच्छ मास ट्रांजिट समाधानों को मुमकिन बनाने के व्यापक लक्ष्य को समर्थन देती है।

लखनऊ के छात्रों ने एसओएफ इंटरनेशनल ओलंपियाड 2025-26 में किया शानदार प्रदर्शन

लखनऊ। शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) परीक्षाओं 2025-26 में बेहतरीन सफलता हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। इस वर्ष आयोजित एसओएफ ओलंपियाड में 72 देशों के लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिनमें लखनऊ के 50 हजार से अधिक छात्र शामिल थे। प्रमुख प्रदर्शन करने वाले छात्रों में चिरंजीव भारती स्कूल के कक्षा 3 के छात्र शौर्य वर्मा ने इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड (आईएचओ) में, बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 1 के छात्र अध्विक अग्रवाल ने इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड (आईएमओ) में तथा विश्वनाथ अकादमी की कक्षा 2 की छात्रा आकर्षिका सिंह ने नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओ) में इंटरनेशनल रैंक 1 प्राप्त की। सभी छात्रों को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, आइडियल एलीमेंट्री इंटर कॉलेज के कक्षा 5 के छात्र आक्रश अवस्थी ने इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड (आईएचओ) में इंटरनेशनल रैंक 2 हासिल की और उन्हें सिल्वर मेडल तथा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) के संस्थापक एवं निदेशक महाबीर सिंह ने कहा, 'एसओएफ ओलंपियाड 2025-26 विद्यार्थियों को उत्कृष्टता हासिल करने और तार्किक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

शौचालय निर्माण में घोटाले का आरोप शिकायतकर्ता आमरण अनशन पर बैठा

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया मेडिकल परीक्षण, निष्पक्ष जांच की मांग तेज

अवधनामा संवाददाता

आमरण अनशन पर बैठे शिकायतकर्ता व ग्रामीण

सेवरही, कुशीनगर। विकास खंड दुदही की ग्राम सभा तिवारी पट्टी में शौचालय निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायतकर्ता सुग्रीव जायसवाल बुधवार से आमरण अनशन पर बैठ गए। इससे पहले वह क्रमिक अनशन कर रहे थे, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई न होने से उन्होंने आंदोलन को तेज करते हुए आमरण अनशन शुरू कर दिया। तिवारी पट्टी स्थित पंचायत भवन परिसर में चल रहे अनशन के दौरान सुग्रीव जायसवाल ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत और प्रशासनिक आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 से अप्रैल 2021 तक राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्राप्त धनराशि के उपयोग में भारी अनियमितताएं हुई हैं। अनशनकारी का आरोप है कि निर्माण कार्यों में खर्च दिखाई गई धनराशि और प्रस्तुत बिल-वाउचर में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। उन्होंने पूरे मामले की तिथि-वार जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आमरण अनशन की सूचना मिलते ही दुदही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य विभाग टीम मौके पर पहुंची और सुग्रीव जायसवाल का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने उनकी जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह भी दी।

सुग्रीव जायसवाल ने कहा कि पूर्व में जिला स्तर से जांच के आदेश दिए गए थे, लेकिन जांच रिपोर्ट और जमीनी हकीकत में अंतर पाए जाने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मामले को उठाने पर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और दबाव बनाया जा रहा है।

उन्होंने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। अनशन स्थल पर कृष्णा वर्मा, सुभाष यादव, सतीश चंद्र गुप्ता, धर्मा साहनी, मनीष गुप्ता, राज किशोर मिश्र, अख्तर अंसारी, सोनू अंसारी, रईस ठाकुर, सुदर्शन निषाद, कृष्णा यादव, दिनेश गुप्ता, विजय चौहान, सगीर अंसारी, शौकत अली, पिंटू प्रजापति, शहाबुद्दीन अंसारी, अब्दुल मजीद, विशाल गुप्ता, नारायण चौहान, पिंटू जायसवाल और जगई तुरहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

हाटा में जाम से राहत की उम्मीद, सांसद-विधायक ने मुख्यमंत्री से की बाईपास निर्माण की मांग

हाटा, कुशीनगर। हाटा नगर में वर्षों से चली आ रही भारी जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए हाटा-देवरिया बाईपास निर्माण की मांग अब तेज हो गई है। इसी क्रम में सांसद विजय कुमार दूबे एवं विधायक मोहन वर्मा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर हाटा बाजार में लगने वाले भीषण जाम की समस्या से अवगत कराया और मांग पत्र सौंपा।

जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि हाटा, देवरिया और गौरीबाजार जाने वाले राहगीरों को आए दिन जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने विशेष रूप से गंडक कॉलोनी हाटा स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर से होकर गुजरने वाली सड़क को दोबारा खोलने तथा स्थायी समाधान के रूप में बाईपास निर्माण कराने की मांग उठाई। बताया गया कि सिंचाई कॉलोनी के बीच से होकर गुजरने वाला यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-28 को देवरिया मार्ग से जोड़ता था।

ई-रिक्शा से ले जाया जा रहा 40 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद

अवधनामा संवाददाता

तमकुहीराज, कुशीनगर। जनपद में अवैध गोवंशीय पशु वध, मांस बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तमकुहीराज पुलिस को बुधवार सुबह अहम सफलता मिली। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 40 किलोग्राम प्रतिबंधित गौमांस बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार तमकुहीराज पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिहार की तरफ से एक ई-रिक्शा के जरिए प्रतिबंधित मांस पडरौना की ओर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एनएच-28 स्थित झरही नाला के पास घेराबंदी कर संदिग्ध ई-रिक्शा संख्या क्र 57 ष्ट्ट 0639 को रोक लिया। तलाशी के दौरान प्लास्टिक की बोरी में रखा करीब 40 किलो गौमांस बरामद हुआ।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. मेराज पुत्र मो. इदरीश निवासी मननपुर थाना रूनी सैदरपुर, जिला सीतामढ़ी (बिहार) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी को बुधवार सुबह करीब 9:34 बजे गिरफ्तार किया।तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड तथा घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी बरामद किया गया।इस मामले में थाना तमकुहीराज पर गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम तथा बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक महेश मिश्रा, उपनिरीक्षक शम्भू प्रसाद साहनी, कांस्टेबल शिवबदन यादव, रिजर्व कांस्टेबल अंकित यादव एवं रिजर्व कांस्टेबल विवेक सिंह शामिल रहे।

कुशीनगर पुलिस को मिली नई रफ्तार, यूपी-112 में शामिल हुए 07 दो पहिया वाहन

एसपी केशव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, त्वरित पुलिस आपके द्वार अभियान को मिलेगी मजबूती

अवधनामा ब्यूरो

यूपी 112 नंबर की गाड़ी को हरी झंडी दिखाते एसपी

कुशीनगर। जनपद में आपातकालीन पुलिस सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने की दिशा में बुधवार को यूपी-112 सेवा में 07 नए दो पहिया वाहनों को शामिल किया गया। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को ड्यूटी के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा, क्षेत्राधिकारी अपराध राकेश प्रताप सिंह, प्रभारी डायल-112, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नए दो पहिया वाहनों की तैनाती से यूपी-112 के मूल मंत्र 'त्वरित पुलिस आपके द्वार' को और अधिक मजबूती मिलेगी। इन वाहनों के जरिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच पहले से अधिक तेज और प्रभावी होगी, जिससे आपातकालीन कॉलों तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकेगा। अधिकारियों के अनुसार, आधुनिक संसाधनों से लैस ये वाहन संकरी गलियों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी तेजी से पहुंचकर लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। पुलिस विभाग का मानना है कि इससे कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के साथ आमजन में सुरक्षा का भरोसा भी बढ़ेगा।

पहचान छिपाकर महिला से दुष्कर्म का आरोपी 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार

बस्ती। थानाध्यक्ष सोनहा महेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 123/2026 धारा 69,352,351(3) बीएनएस से सम्बंधित आरोपी जुबेर पुत्र तौहिद अहमद निवासी रानी जोत मसकनवा थाना छपिया जिला गोंडा उम्र 32 वर्ष को दिनांक 27.5.2026 को भानपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

थाना अध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि 26.5.2026 को आवेदिका / पीडिता द्वारा थाना स्थानीय पर दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि जुबेर अहमद पुत्र तौहिद अहमद निवासी ग्राम मसकनवा,थाना स्वामीनरायन छपिया ,जनपद गोण्डा जो 03 बच्चों का पिता है उसके द्वारा पीडिता को अपना नाम अजय (हिन्दू) बताकर फोन पर बात करके शादी करने के लिए कहने लगा तथा वर्ष 2024 दिसम्बर में उत्तराखण्ड हरिद्वार में शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाया।

कसया तहसील सभागार में श्रमिक अधिकार व महिला सुरक्षा पर दी गई जानकारी

बालविवाह रोकथाम व जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर किया जागरूक

अवधनामा ब्यूरो

शिविर में कानूनी अधिकारों व सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति किया जागरूक

कुशीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे विधिक जागरूकता व साक्षरता शिविर अभियान के तहत कसया तहसील सभागार में मालबाबू की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान समय के ज्वलंत सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए लोगों को कानूनी अधिकारों व सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया।

चर्चा के क्रम में पीएलवी (पैरालीगल वालंटियर) रामाश्रय पांडेय ने हीटवेव व जलवायु परिवर्तन के कारण असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आजीविका पर पड़ रहे प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही गर्मी व बदलते मौसम का असर सबसे अधिक दिहाड़ी मजदूरों व मेहनतकश वर्ग पर पड़ रहा है। ऐसे में श्रमिकों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने, धूप में कार्य करते समय जरूरी सावधानियां अपनाने व पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने की आवश्यकता है। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों, श्रम कानूनों व उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में पीएलवी अनसुइया सिंह ने दहेज उत्पीड़न, एसिड अटैक व महिला कल्याण से संबंधित कानूनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में पीड़ित महिलाओं को तत्काल कानूनी सहायता लेनी चाहिए, ताकि दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हो सके। पीएलवी बुद्धरतन ने बालविवाह व नशाखोरी को समाज के लिए गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इन कुरीतियों से नई पीढ़ी का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने लोगों से बालविवाह रोकने व युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामाजिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को विभिन्न विधिक योजनाओं व हेल्पलाइन सेवाओं की भी जानकारी दी गई। इस दौरान विन्ध्यवासिनी देवी, बबीता देवी, मु. फैज, मु. इंतजार आदि उपस्थित रहे।

मनरेगा सोशल ऑडिट कैलेंडर के क्यूआर कोड के निःशुल्क प्रकाशन के निर्देश जारी

कुशीनगर। जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण में मई एवं जून 2026 के दौरान जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में मनरेगा कार्यो का सोशल ऑडिट कराया जाएगा। विकास खण्ड फाजिलनगर, कप्तानगंज, मोतीचक, नेबुआ नौरंगिया, सेवरही, तमकुही एवं विशुनपुरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कराए गए कार्यो की सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि सोशल ऑडिट का विस्तृत कैलेंडर पूर्व में जारी किया जा चुका है। आमजन तक इसकी जानकारी सरल एवं सुगम तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से कैलेंडर का क्यूआर कोड जनरेट किया गया है। निदेशालय स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में क्यूआर कोड को विभिन्न प्रचार माध्यमों से निःशुल्क प्रकाशित कराने की कार्यवाही की जा रही है।

दस्त से पीड़ित किसान को पूरे दिन बोतल-इंजेक्शन पर रखा था झोलाछाप डॉक्टर

हाटा क्षेत्र के बालेश्वर चौराहे पर एक मेडिकल स्टोर पर किसान की इलाज के दौरान मौत का मामला

अवधनामा ब्यूरो

अधेड़ की मौत पर विलाप करते परिजन

प्रशासन से बड़े सवाल

- क्या मेडिकल स्टोर अब अस्पताल बन चुके हैं?
- आखिर किसकी शह पर मेडिकल स्टोरों पर इलाज चल रहा है?
- कब तक झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर खुलेआम मौत बांटते रहेंगे?
- बिना डिग्री मरीजों को इंजेक्शन और बोतल चढ़ाने की अनुमति किसने दी?
- मौत के बाद भी इलाज का नाटक क्यों चलता रहा?
- समय रहते अस्पताल भेजा जाता, तो क्या बच सकती थी जान?

कुशीनगर। हाटा कोतवाली क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। आरोप है कि एक मेडिकल स्टोर कथित तौर पर 'मिनी अस्पताल' बन गया, जहां इलाज के नाम पर एक किसान की जिंदगी छीन ली गई। दस्त से पीड़ित किसान को समय रहते अस्पताल भेजने के बजाय पूरे दिन मेडिकल स्टोर पर बोतल और इंजेक्शन के सहारे रोके रखा गया। हालत बिगड़ती रही, लेकिन इलाज का खेल चलता रहा और जब सच्चाई सामने आई, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

हाटा क्षेत्र निवासी 47 वर्षीय रामकृपाल यादव खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। शनिवार सुबह उन्हें तेज दस्त की शिकायत हुई। परिजन भरोसे में आकर उन्हें बालेसर चौराहा स्थित विनोद पांडेय मेडिकल स्टोर ले गए। आरोप है कि वहां मौजूद कथित झोलाछाप ने डॉक्टर बनकर इलाज शुरू कर दिया। मरीज को इंजेक्शन लगाए गए, ग्लूकोज चढ़ाया गया और पूरे दिन मेडिकल स्टोर पर ही 'ट्रीटमेंट' चलता रहा।

'सब कंट्रोल में है' कहकर रोकता रहा संचालक, बिगड़ती रही हालत : परिजनों के मुताबिक रामकृपाल यादव की हालत लगातार बिगड़ रही थी। परिवार बार-बार उन्हें बड़े अस्पताल ले जाने की बात कहता रहा, लेकिन मेडिकल स्टोर संचालक भरोसा दिलाता रहा कि 'सब कंट्रोल में है।' इसी भरोसे के बीच मरीज जिंदगी और मौत से जूझता रहा।

मृतक के पुत्र उमेंद्र यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पिता की मौत इलाज के दौरान ही हो चुकी थी, लेकिन मौत छिपाने के लिए घंटों तक इलाज का नाटक चलता रहा। जब परिजनों का दबाव बढ़ा, तब आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा भेजा गया। लेकिन वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने रामकृपाल यादव को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि उनकी मृत्यु काफी पहले ही हो चुकी थी। यह सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

शव लेकर मेडिकल स्टोर पहुंचे परिजन, फरार हो चुका था संचालक : रामकृपाल यादव की मौत की खबर मिलते ही गुस्साए परिजन शव लेकर दोबारा विनोद पांडेय मेडिकल स्टोर पहुंचे, लेकिन तब तक संचालक मेडिकल स्टोर बंद कर फरार हो चुका था। आरोप है कि थोड़ी देर बाद मेडिकल संचालक की तरफ से 10 से 15 लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, मृतक के शव के साथ भी अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल कायम हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह हालात को नियंत्रित किया। परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक, कथित झोलाछाप डॉक्टर और मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अवैध इलाज का खतरनाक नेटवर्क बेनकाब : यह घटना सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि जिले में फल-फूल रहे अवैध इलाज के उस खतरनाक नेटवर्क का चेहरा है, जहां मेडिकल स्टोरों की आड़ में कथित 'झोलाछाप क्लीनिक' धड़ल्ले से चल रहे हैं और गरीबों की जिंदगी प्रयोगशाला बन चुकी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले में सख्त कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी कुछ दिनों बाद फाइलों में दफन होकर रह जाएगा।

माहवारी स्वच्छता दिवस पर कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को किया गया जागरूक

कुशीनगर। माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंसाछापर की आरबीएसके टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हीरनही में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। महिला चिकित्सक डॉ. शिप्रा मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मासिक धर्म के दौरान साफ-सुथरे एवं गुणवत्तापूर्ण सैनिटरी पैड का उपयोग करना चाहिए। पैड को हर 4 से 6 घंटे के अंतराल पर बदलना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पैड बदलने से पहले और बाद में साबुन से हाथ धोना चाहिए तथा गंदे कपड़ों के उपयोग से बचना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को यह भी बताया कि इस्तेमाल किए गए पैड को खुले में नहीं फेंकना चाहिए, बल्कि सुरक्षित तरीके से निस्तारित करना चाहिए। इसके साथ ही पौष्टिक भोजन, पर्याप्त पानी, नियमित व्यायाम और योग को भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में डॉ. विनोद सिंह, डॉ. पवन वर्मा, एएनएम मंजू भारती, एएनएम रेनू मिश्रा, प्रीति सिंह एवं विद्यालय की अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

विधायक आवास पर उपद्रव के पांच आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति व स्थानीय सपा विधायक महराजी प्रजापति के आवास पर मंगलवार देर शाम उपद्रव करने के आरोप में पुलिस ने 11 नामजद और लगभग दो दर्जन अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जिसमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भी जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित विधायक के आवास पर मंगलवार देर शाम दो दर्जन से अधिक लोग कई वाहनों से पहुंच गए। आरोप है कि लाठी-डंडों से लैस लोगों ने घर के बाहर मौजूद लोगों के साथ गालीगलौज की और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। घटना रात करीब साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है।परिजनों के मुताबिक हमलावरों ने विधायक के भतीजे और घर में काम करने वाले लोगों को निशाना बनाया। आरोप है कि पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर जुटने लगे। शुरुआती जांच में विवाद की वजह कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी को माना जा रहा है।घटना की सूचना मिलने पर विधायक के बेटे अनुराग प्रजापति समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और अमेठी कोतवाली में तहरीर दी। शिकायत में शेर बहादुर यादव बृजेश यादव जय सिंह प्रताप बलराम यादव अनुराग यादव मनु विपिन यादव राजेश यादव और शुभम यादव समेत कई लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर रातभर संभावित ठिकानों पर दबिश दी और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।घटना के बाद विधायक समर्थकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। देर रात तक विधायक आवास पर समर्थकों की भीड़ लगी रही। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी।

आज बकरीद पर सार्वजनिक अवकाश

अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना के क्रम में वर्ष 2026 में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर 28 मई 2026 (गुरुवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में घोषित अवकाश सूची में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का अवकाश 27 मई 2026 को निर्धारित था किंतु चंद्र दर्शन के आधार पर पर्व की संभावित तिथि में परिवर्तन होने के कारण शासन द्वारा संशोधित आदेश जारी करते हुए 28 मई 2026 (गुरुवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती लो-वोल्टेज और बदहाल बिजली व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कांग्रेस कार्यालय से तहसील तक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उपजिलाधिकारी पंकज मिश्र को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व मंत्री कांग्रेस नेता आशीष शुक्ल ने किया। प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह विधानसभा अध्यक्ष संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष नगर अध्यक्ष न्याय पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। आशीष शुक्ल ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती किसानों छात्रों दुकानदारों और आम जनता के साथ अन्याय है। बिजली संकट के कारण सिंचाई प्रभावित हो रही है व्यापार प्रभावित हो रहा है और लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और विद्युत विभाग को तत्काल स्थिति सुधारनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था को सुचारु नहीं किया गया और अघोषित कटौती पर रोक नहीं लगी तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

बैरिकेडिंग देख अनियंत्रित होकर झाड़ी में घुसा तेज रफ्तार ट्रेलर

अवधनामा संवाददाता

सेवरही, कुशीनगर। सेवरही थाना क्षेत्र के ग्रामसभा तिवारी पट्टी बाजार में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय पुलिस द्वारा लगाई गई बैरिकेडिंग के पास बुधवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और झाड़ियों में जा घुसा। हादसा सुबह करीब तीन बजे का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर दुदही की ओर से सेवरही की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बाजार क्षेत्र में लगी बैरिकेडिंग को देखकर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रेलर सड़क से उतरकर किनारे झाड़ियों में फंस गया। सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों ने घटना देख पुलिस को सूचना दी।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बनी रहती है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेलर सड़क से नीचे उतर गया था, लेकिन घटना में किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान नहीं हुआ है।

भगवान का स्मरण करने से मिलता है मोक्ष

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। क्षेत्र के भरथीपुर गांव में राममूर्ति मिश्र के यहां चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास पंडित उमेश नारायण शास्त्री महाराज ने राजा परीक्षित के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब राजा परीक्षित को मृत्यु निकट आने का आभास हुआ तो उन्होंने संत-महात्माओं से पूछा कि ऐसे समय में जीव को क्या करना चाहिए। इस पर संतों ने बताया कि भगवान का स्मरण ही जीवों के मोक्ष का मार्ग है। भगवान के नाम का गुणगान और कथा श्रवण करने से जीव को मुक्ति प्राप्त होती है।

कथा व्यास ने कहा कि जहां भगवान की कथा होती है वहां देवी-देवता भी स्वर्ग से धरती पर आते हैं।बताया कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन को ही महारस कहा जाता है। मनुष्य जितना अधिक अपने आराध्य की पूजा करता है वह उतना ही ईश्वर के समीप पहुंचता है। उन्होंने माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहा कि माता-पिता ही भगवान का स्वरूप हैं। उनकी सेवा करने से घर में सुख शांति और समृद्धि बनी रहती है।

कथा के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण की आरती उतारी और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य यजमान सरयू देवी राजपति राम केवल मिश्र समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्पन्न हुआ 705 कन्याओं का विवाह

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गेंद घर मैदान में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ आनन्द कुमार गोंड ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख शिवम् जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, ब्लाक प्रमुख रिसिया संजय जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान पात्र कुल 705 कन्याओं जिनमें 94 जोड़े अल्पसंख्यक (मुस्लिम समुदाय) के हैं, जिनका विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी ईश्वर से प्रार्थना है कि वर-वधू सम्पूर्ण जीवन खुशहाल ज़िन्दगी बसर करें और इनके जीवन में कोई कष्ट न आए। अतिथिगण ने विवाह वेदी, जयमाल पण्डाल तथा निकाह घर में जाकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा उपहार भेंट कर उन्हें विदा किया। वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद डॉ. गोंड व अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं का संचालन गरीब जनता के लिये किया जा रहा है। सरकार हर गरीब तक योजनाओं को पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध है इसके लिए मैं प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समस्त बहराइच की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि इस योजना के सुचारू संचालन के लिए बजट की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही बजट की धनराशि दोगुनी करते हुए इस वर्ष प्रति जोड़ा एक लाख रुपये की गयी है तथा प्रदेश की एक लाख गरीब कन्याओं का विवाह कराने के लिए जनपदो के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

मकानों की शत-प्रतिशत गणना पूर्ण करने वाले 200 प्रगणक होंगे सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड रिसिया के प्राथमिक विद्यालय बड़गांव प्रथम की सहायक अध्यापिका ज्योति गौड़ व प्राथमिक विद्यालय पड़रीतारा की सहायक अध्यापिका सीमा पाल द्वारा समय से पूर्व मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एच.एल.बी.) का कार्य पूर्ण करने पर कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी अमित कुमार द्वारा सम्मानित किया गया है। श्री कुमार ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य प्रगणकों को तहसील स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर/ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी भी मौजूद रहे।

एडीएम श्री कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 6233 प्रगणकों को जनगणना कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें से 200 प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एच.एल.बी.) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एडीएम श्री कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि जनगणना कार्य में लगे हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरा सहयोग प्रदान करें। जनगणना ही विकास योजनाओं की नींव तैयार करने का आधार है। जनगणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी गोपनीय रखी जाती है।

किसान क्रांति यूनियन ने टोल फ्री कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

टूंडला। भारतीय किसान क्रांति यूनियन किसान कांति सरकार के पदाधिकारियों ने बुधवार को यूनियन के वाहनों को टोल फ्री निकाले जाने के लिए टोल मैनेजर को एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन के ब्रज प्रांत अध्यक्ष योगेश यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी सुबह 11 बजे टोल प्लाजा पहुंचे। पदाधिकारियों ने वाहनों को टोल फ्री कराए जाने के लिए टोल मैनेजर किरण शिवाजी जानुगड़े को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उनहोंने संगठन के वाहनों को फ्री में निकाले जाने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि जिस जगह पर यह टोल प्लाजा बना है। यह जगह भी किसानों की है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों से टोल प्लाजा पर बैठे कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों से टोल नहीं ले सकते। ज्ञापन देने वालों में कमल किशोर, राघवेंद्र सिंह, अतुल यादव, अंकित यादव, देवा यादव, राजेंद्र सिंह उर्फ राजा, पवन यादव, रश्मिकांत राठौर आदि उपस्थित रहे।

पीएम किसान योजना में प्रत्येक वर्ष करानी होगी ई-केवाईसी

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी तथा वास्तविक पात्र किसानों तक सीमित रखने के उद्देश्य से लाभार्थी कृषकों के लिए प्रत्येक वर्ष ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अर्थात सभी लाभार्थियों को वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करवानी होगी। योजना का लाभ प्राप्त करने में लाभार्थी किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो दसके लिए सरकार द्वारा कई विकल्प उपलब्ध करायें गये हैं। यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा पी.एम. किसान मोबाईल ऐप विकसित किया गया है। जिसकी सहायता से किसान अपने एंड्रॉयड मोबाइल के माध्यम से फेशियल वेरीफिकेशन के माध्यम से स्वयं ई-केवाईसी कर सकेंगे। लाभार्थी कृषक अपने निकटतम जन सेवा केन्द्र पर जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यक होगी। इसके अतिरिक्त इच्छुक ब्लाक एवं न्याय पंचायत स्तर पर कार्यरत कृषि एवं ग्राम्य विकास विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से भी ई-केवाईसी करा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष रू. 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। नई व्यवस्था के तहत अब यदि कोई किसान निर्धारित समय पर ई-केवाईसी नहीं कराता है तो उसकी आगामी किश्त अस्थायी रूप से रोकी जा सकती है। जो ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद ही दोबारा भुगतान की जायेगी। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को सुझाव दिया गया है कि यदि उन्होंने मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच में ई-केवाईसी नहीं कराई गयी है तो समय रहते करा लें जिससे योजना अन्तर्गत आगामी किश्तों को प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पोस्टमार्टम में घंटों देरी, परिजनों से वसूले गए पैसे

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम गृह एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। भीषण गर्मी के बीच शवों के पोस्टमार्टम में घंटों देरी और परिजनों से कथित वसूली के आरोपों ने स्वास्थ्य विभाग की संवेदनहीन कार्यप्रणाली उजागर कर दी है। अपनों को खो चुके परिवार जहां दुख और मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं, वहीं उन्हें घंटों इंतजार और पैसों की मांग का भी सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार थाना दक्षिण क्षेत्र की नई बस्ती से 26 मई की शाम करीब 5 बजे एक शव पोस्टमार्टम गृह लाया गया था, लेकिन 27 मई की दोपहर लगभग 2 बजे तक पोस्टमार्टम नहीं हो सका। इसी प्रकार थाना सिरसागंज क्षेत्र के करहल मार्ग से आया एक अन्य शव सुबह करीब 10 बजे पहुंचा, लेकिन दोपहर 3 बजे तक भी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई थी। भीषण गर्मी में परिजन खुले परिसर में शवों के साथ परेशान होते रहे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। ग्राम कुर्री कृपा निवासी मोहनलाल ने आरोप लगाते हुए बताया

कि उनकी भांजी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसका शव 26 मई की शाम पोस्टमार्टम गृह पहुंच गया था, लेकिन अगले दिन दोपहर तक पोस्टमार्टम नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि कफन, शव के कपड़े और अन्य सामान के नाम पर उनसे 1200 रुपये जिला अस्पताल के बाहर लगे एक ठेला संचालक के पास जमा करवाए गए। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम करने वाले कर्मचारियों द्वारा पानी की बोतलें तक मंगवाई गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पोस्टमार्टम गृह में अक्सर ऐसी अव्यवस्थाएं देखने को मिलती हैं। सवाल यह है कि आखिर दुख की घड़ी में भी पीड़ित परिवारों से वसूली क्यों की जा रही है ? क्या स्वास्थ्य विभाग की संवेदनाएं पूरी तरह खत्म हो चुकी हैं, या फिर जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण और गंगा समिति की बैठक संपन्न

- जनपद को हरा-भरा बनाने के लिए जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश
- हर शनिवार को आयोजित होगी 'ग्रीन चौपाल'

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, प्रभागीय वनाधिकारी, और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कल्पना जायसवाल सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि वृक्षारोपण अभियान का वास्तविक उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवित रखकर जनपद को हरा-भरा बनाना है। इसके लिए उन्होंने कार्ययोजना में बड़े बदलाव करते हुए निम्नलिखित विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के मुख्य निर्णय और जिलाधिकारी के निर्देश। नहरों के किनारे जन-भागीदारी से वृक्षारोपण- जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद की नहरों के किनारों पर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए।

इस कार्य में स्थानीय जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि लोग इन पौधों को अपनी संपत्ति समझकर इनकी देखभाल करें। चौड़ी सड़कों पर 'ऑक्सीजन युक्त' पौधे- वायु प्रदूषण से निपटने और वातावरण में शुद्ध हवा का प्रवाह बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी ने चौड़ी सड़कों के किनारे विशेष रूप से ऑक्सीजन देने वाले पौधे (जैसे पीपल, नीम, बरगद आदि) लगाने के निर्देश दिए, जिससे प्रदूषण भी दूर हो और आम जनता को पर्याप्त ऑक्सीजन मिल सके। ग्रामीण सड़कों और ग्राम पंचायतों पर ध्यान- जनपद की सभी ग्राम संपर्क सड़कों पर सघन वृक्षारोपण कराया जाएगा। इसके साथ ही, प्रत्येक ग्राम पंचायत में फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में उन फलों का प्रत्यक्ष लाभ स्थानीय ग्रामवासियों को मिल सके। पेड़ों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम- जिलाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लगाए गए पेड़ों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड या अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से की जाएं। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधारोपण कराने के साथ-साथ इन पौधों की शत-प्रतिशत सुरक्षा का भी पूरा इंतजाम सुनिश्चित किया जाए। हर शनिवार को 'ग्रीन चौपाल' का आयोजन- पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जनपद में एक अनूठी पहल शुरू की जा रही है। अब प्रत्येक शनिवार को 'ग्रीन चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य जनपदवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वयं पर्यावरण प्रचारक बनाकर समाज में पौधारोपण के संबंध में एक सशक्त संदेश देना होगा। शासन द्वारा 2235000 पौधरोपण का लक्ष्य वन विभाग को मिला है, जबकि 2250000 पौधरोपण के लक्ष्य अन्य विभागों को दिया गया है, इस प्रकार जनपद को 4485000 पौधरोपण का लक्ष्य मिला है।

ईद पर भी नहीं बुझी प्यास

अवधनामा संवाददाता

- वार्ड 52 दीदामई की जनता एक-एक बूंद पानी को तरसी
- फूटा लोगों का गुस्सा

फिरोजाबाद। नगर निगम के दावों की पोल खोलती तस्वीर वार्ड नम्बर 52 के दीदामई स्थित गली नम्बर 42ध्3 से सामने आई है, जहां पिछले लगभग एक वर्ष से लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। भीषण गर्मी के बीच हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि लोगों को पीने तक का पानी जुटाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा आक्रोश इस बात को लेकर है कि ईद है। महिलाओं और बुजुर्गों को दूर-दूर से पानी ढोना पड़ रहा है, जबकि छोटे बच्चे भीषण गर्मी में प्यास से बेहाल हैं। लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन बाद में जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है। क्षेत्रवासियों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जब त्योहारों पर विशेष व्यवस्थाओं के दावे किए जाते हैं, तब दीदामई की जनता को मूलभूत सुविधा तक नहीं मिल पा रही। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो नगर निगम के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

टैंकर पलटा, केबिन में लगी आग, चालक और मालिक सुरक्षित

जयसिंहपुर/सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब पांच बजे बांदा-टांडा मार्ग पर सेमरी बाजार स्थित पी.आर इंटर कालेज के पास सीमेंटेड फ्लाई ऐश से भरा एक टैंकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर में आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार, टैंकर सुल्तानपुर की ओर से अंबेडकरनगर जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद टैंकर अनियंत्रित होकर इंटर कॉलेज की दीवार और 11 हजार वोल्ट के बिजली के खंभे से टकराते हुए सड़क किनारे पलट गया। बिजली आपूर्ति चालू होने के कारण टैंकर के केबिन में आग लग गई और देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जलने लगा। घटना की सूचना मिलने पर सेमरी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से केबिन में फंसे चालक और मालिक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक टैंकर पूरी तरह जल चुका था। पुलिस के अनुसार, टैंकर टाण्डा सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट पाउडर लेकर जा रहा था। टैंकर चालक राजीव पुत्र जगन्नाथ और मालिक कुलदीप सिंह हादसे में दोनों सुरक्षित बच गए।

आयुष्मान केंद्रों पर मिलेंगी सुविधाएं, एक्सरे के लिए नहीं लगानी होगी शहर की दौड़

- रसूलाबाद में स्वास्थ्य विभाग ने की शिविर लगाकर टीबी की जांच

अवधनामा संवाददाता

टूंडला। यमुना तलहटी क्षेत्र के गांव रसूलाबाद में बुधवार को आयुष्मान आरोग्य केंद्र द्वारा टीबी मरीजों की जांच के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों की टीबी और विभिन्न बीमारियों की जांच की गई।

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के तहत सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दोपहर 12 बजे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 79 लोगों टीबी की जांच की। इसके साथ ही टेक्नीशियन ब्रजेश कुमार ने बताया कि टीबी की जांच के लिए अब

मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के मरीजों की जानकारी की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान केंद्रों पर हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई गई है। इस सुविधा से मरीजों का एक्सरा किया जा सकेगा। शिविर में हीमोग्लोबिन, उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जांचें की गई। वरिष्ठ क्षयरोग पर्यवेक्षक हिरनपाल सिंह ने रोगियों को जांच के आधार पर उपचार तथा सुरक्षित रहने के लिए शुद्ध शाकाहारी आहार, साफ-सफाई, स्वस्थ लोगों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। शिविर में दुर्गेश त्यागी, आशा प्रेमवती वर्मा, गुड्डी देवी, संगिनी मंजू वर्मा, ताराचंद आदि उपस्थित रहे।

सम्मान देकर मना पायलट दिवस

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। मंगलवार को 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाओं से जुड़े पायलटों को सम्मान देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पायलट दिवस का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजुद रहे। एम्बुलेंस सेवा में लगे कार्मिकों के योगदान की सराहना किया गया और कार्यक्रम में एम्बुलेंस संचालन संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशीष सिंह ने कहा कि जिले में एम्बुलेंस स्टाफ ने हमेशा तत्परता और ईमानदारी से कार्य किया है उनको भरोसा जताया जाता है कि आने वाले समय में भी यह टीम पूरी निष्ठा से जनमानस की सेवा करती रहेगी। पायलट दिवस के मौके पर सीएमओ डॉ0 भारत भूषण के द्वारा जिले में कार्यरत पायलट को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और शुभ कामना दी गई। इस अवसर पर ईएमई, विवेक श्रीवास्तव, दुर्गेश त्रिपाठी ने भी एंबुलेंस पायलटों और ईएमटी कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से एंबुलेंस सेवाओं में लगे कर्मियों का मनोबल बढ़ाया है।

बिजली संकट को लेकर सपा का जोरदार प्रदर्शन, सरकार पर साधा निशाना

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। अनूप संडा के नेतृत्व में बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय सुलतानपुर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, जर्जर विद्युत तारों को बदलने तथा कम क्षमता वाले पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने डाक खाना चौराहा स्थित अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और मुख्य अधीक्षण अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व विधायक अनूप संडा ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली कटौती की जा रही है,

जिससे आम जनता का जीवन प्रभावित हो गया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान हैं, लेकिन सरकार और जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर, पेपर लीक, स्वास्थ्य, पेयजल और विद्युत व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याओं से जनता त्रस्त हो चुकी है। सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी आने वाले दिनों में व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन में सपा जिलाध्यक्ष रघुबीर यादव, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, जिला महासचिव सलाहुद्दीन, जिला पंचायत सदस्य विजय श्याम यादव, डॉ. उदय नाथ यादव, वैभव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

शबीह ताबूत का जुलूस निकाला

सुल्तानपुर। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के उत्तराधिकारी व चचेरे भाई जनाब मुस्लिम इब्ने अकील अलैहिस्सलाम की शहादत पर बुधवार को दिन में एक बजे शिया जामा मस्जिद गोराबरिक अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसको मौलाना मोहम्मद जाफर खान इमाम जुमा जामा मस्जिद गोराबरिक अमहट ने पढ़ा उन्होने बताया कि हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने चचेरे भाई जनाब मुस्लिम इब्ने अकील को ईराक के कूफा शहर में अपना उत्तराधिकारी (राजदूत) बना कर भेजा था, जिनको आज ही के दिन यजीदी फौज ने कूफा में शहीद कर दिया था, उसी याद में हर साल यह जुलूस निकाला जाता है इसके बाद शबीह ताबूत का जुलूस जामा मस्जिद से उठकर हुसैनिया नौतामीर अमहट पर समाप्त हुआ।

थानों में तबादले की आंधी, पुलिस ऑफिस में स्थायी सरकार कायम

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। एक तरफ कप्तान साहब जिले के थानों की ओवरहालिंग में पूरी ताकत झोंके हुए हैं। कहीं इंस्पेक्टर बदले जा रहे हैं, कहीं चौकी प्रभारियों की कुर्सियां हिल रही हैं तो कहीं सिपाहियों की लाइन हाजिरी लग रही है। ऐसा माहौल बनाया जा रहा है मानो जिले की पुलिस व्यवस्था में क्रांति आ गई हो। लेकिन सवाल वही पुराना है क्या सिर्फ थानों में ही सुधार की जरूरत है। पुलिस ऑफिस की गलियों में आज भी कुछ ऐसे मठाधीश जमे हुए हैं, जिनकी कुर्सी पर वक्त का असर नहीं पड़ता। कप्तान बदल गए, सरकारें बदल गई, लेकिन इनका मैनेजमेंट सिस्टम जस का तस कायम है। विभाग में चर्चा है कि कुछ बाबू, दीवान और सिपाही वर्षों से एक ही जगह पर बैटिंग कर रहे हैं और हर नए अधिकारी के साथ ऐसे घुलमिल जाते हैं मानो वही विभाग चला रहे हों।

सीओ सिटी ऑफिस में भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। अभिषेक त्यागी, राकेश कुमार और सुगंध जैसे नाम विभागीय गलियारों में लंबे समय से चर्चा का विषय बने हुए हैं। पुलिस महकमे में कानाफूसी है कि ये लोग मैनेजमेंट किंग माने जाते हैं जिनकी पकड़ ऊपर तक बताई जाती है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं है लेकिन सवाल जरूर खड़े हो रहे हैं कि आखिर वर्षों से एक ही जगह जमे लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। थानों में तो हर कुछ महीनों में सर्जिकल स्ट्राइक हो जाती है लेकिन पुलिस ऑफिस के भीतर बैठे स्थायी स्तंभों पर प्रशासन की नजर शायद कभी पड़ती ही नहीं। क्या ओवरहालिंग सिर्फ दिखावे के लिए है। क्या नियम सिर्फ फील्ड में काम करने वालों के लिए हैं और क्या पुलिस ऑफिस में बैठे कुछ चेहरे विभाग से भी ज्यादा स्थायी हो चुके हैं। अगर वास्तव में पारदर्शिता लानी है तो कार्रवाई का डंडा सिर्फ थानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। वरना चिराग तले अंधेरा वाली कहावत यूं ही पुलिस विभाग की पहचान बनी रहेगी।

धोपाप घाट पर 'सेवार्थम फाउंडेशन' का महाअभियान

- चार घंटे चला स्वच्छता अभियान, फिर आदि गंगा गोमती की भव्य आरती से गूंज उठा धोपाप घाट

अवधनामा संवाददाता

लंभुआ/सुल्तानपुर। पवित्र गंगा दशहरा पर्व के समापन के बाद ऐतिहासिक धोपाप घाट पर समाजसेवा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। लाखों श्रद्धालुओं के स्नान के उपरांत घाट परिसर में फैली गंदगी को देखते हुए सेवार्थम फाउंडेशन ने तत्काल व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने का कार्य किया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने लगभग चार घंटे तक लगातार श्रमदान कर घाट की सीढ़ियों, मंदिर परिसर, नदी तट एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। स्वच्छता

अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को 'स्वच्छ तीर्थदृस्वस्थ समाज' का संदेश देते हुए धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया। अभियान में युवाओं का उत्साह विशेष रूप से देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने प्लास्टिक कचरा, पूजा सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट को हटाकर घाट को पुनः स्वच्छ स्वरूप प्रदान किया।

स्वच्छता अभियान के पश्चात आदि गंगा गोमती की भव्य आरती का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों से पूरा धोपाप घाट आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां गोमती की पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। आरती के दौरान घाट पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।सेवार्थम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना केवल प्रशासन की नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संस्था पर्यावरण संरक्षण, नदी स्वच्छता और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रीय लोगों में विशेष उत्साह और सराहना देखने को मिली।

फ्लाईओवर के नीचे दुकानदारों को हटाने पर व्यापार संगठन की चिंता

- पुनर्वास से पहले अतिक्रमण हटाने का विरोध
- गरीब रेहड़ी-पटरी वालों के समर्थन में उतरा संगठन

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। सोनभद्र 27 मई नगर क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे वर्षों से अपनी जीविका चला रहे गरीब रेहड़ी पटरी एवं छोटे दुकानदारों को हटाने की कार्रवाई को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने भारी चिंता व्यक्त की है ।संगठन ने प्रशासन से मांग किया कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों की दुकानों को हटाना न्याय संगत नहीं है। उपरोक्त के संदर्भ में संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने अपर जिला अधिकारी न्यायिक रमेश सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि फ्लाईओवर के नीचे दुकान लगाने वाले अधिकांश लोग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं और यही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है अचानक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से सैकड़ो परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग बैंक से ऋण भी ले रखे हैं यदि अचानक उनका व्यवसाय बंद होता है तो उनका सिविल खराब होने के साथ-साथ उनके समक्ष रोजी-रोटी की समस्या भी उत्पन्न हो जाएगी। शर्मा ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की स्ट्रीट वेंडर नीति के तहत पहले नगर में व्यवस्थित वेंडिंग जोन स्थापित किया जाए गरीब दुकानदारों का सर्वे कराया जाए तथा उन्हें वैध स्थान आवंटित किया जाए इसके बाद ही किसी प्रकार की हटाने की कार्रवाई की जाए। शर्मा ने कहा कि गरीबों को उजाड़ना किसी समस्या का समाधान नहीं है प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया है कि गरीब दुकानदारों की हित की रक्षा करते हुए 'पहले पुनर्वास, फिर हटाओ' की नीति अपनानी चाहिए। ताकि विकास कार्यों के साथ-साथ गरीब परिवारों की आजीविका भी सुरक्षित रहे। उन्होंने यह भी कहा कि अतिक्रमण हटाने में किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए चाहे वह कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति हो। उन्होंने कहा कि यदि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बिना दुकानों को हटाया गया तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वाले में प्रमुख रूप से चंदन चौरसिया, राकेश प्रसाद, दिलीप कुमार, अजय कुमार, दयाराम सोनकर, राजा सोनकर, अनिल सोनकर, सुरेश, राजेश कुमार, विजेंद्र, तेजू, अजय कुमार शर्मा, राजा , सुरेश सोनकर, राम जी केसरी, काशी प्रसाद, आफताब आलम, आदि लोग उपस्थित रहे।

सोनभद्र में फ्लाईओवर के नीचे चला विशेष स्वच्छता अभियान

सोनभद्र। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 तथा नगर क्षेत्र में बेतरतीब ढंग से वाहनों की पार्किंग एवं सड़क/पटरी पर आवागमन में हो रही बाधा के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा दिनांक 25 मई 2026 से नगर के फ्लाईओवर के नीचे विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बढ़ौली चौराहा से नवीन सब्जी मंडी गेट तक व्यापक साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण तथा ठेलों एवं फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराने की कार्यवाही की गई। नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता राज कुमार राज ने बताया कि अभियान के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि गरीब एवं छोटे व्यवसायियों को किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाई न हो तथा वे नियमानुसार अपना व्यवसाय संचालित कर सकें। सभी फुटपाथ व्यवसायियों से अपील की गई कि वे निर्धारित वेंडिंग जोन में ही अपना व्यवसाय करें, जिससे नगर की यातायात व्यवस्था एवं स्वच्छता बनी रहे। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 के अंतर्गत नगर में यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की मनाई पुण्यतिथि

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। नए भारत के निर्माता के रूप में अपनी पहचान रखने वाले देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व0 पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62 वीं पुण्यतिथि कांग्रेस जनों ने कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन करके मनाई। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत का निर्माण किया। उन्होंने देश के औद्योगिकीकरण पर जोर दिया और कई बड़े उद्योगों, बांधों (जैसे भाखड़ा नांगल)और वैज्ञानिक संस्थानों (जैसे आईआईटी, एम्स) की स्थापना की। उन्होंने इस देश को शून्य से शिखर तक पहुंचाने का कार्य किया। शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि यह वतन पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदानों को कभी नहीं भूला सकता उनकी सादगी इस बात से ज़ाहिर होती है कि कैंब्रिज विश्वविद्यालय से बैरिस्टर की पढ़ाई करने के बाद भी वे सदैव भारतीय रहे। बच्चों से असीम स्नेह रखने वाले चाचा नेहरू को हम सभी नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम करने के बाद सभी कांग्रेसियों ने नुमाइश परिसर में स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर जाकर माल्यार्पण किया और अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पीसीसी मेंबर कोमल सिंह कुशवाहा, मैनपुरी कोऑर्डिनेटर करण सिंह राजपूत, ललित कुमार दुबे, शोज़ेब रिजवी, कृपाराम राजपूत ने भी श्रद्धांजलि सभा में अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

अपशिष्ट से समृद्धि : कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

सोनभद्र/ बीजपुर (अवधनामा संवाददाता)। एनटीपीसी रिहंद में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत टाउनशिप परिसर स्थित सब्जी मंडी में 'अपशिष्ट से समृद्धि' थीम पर एक कला और शिल्प की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन संजय असाटी, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) और नीलू असाटी, अध्यक्षा, वर्तिका महिला मण्डल समिति ने किया। इस प्रदर्शनी में अनुपयोगी सामानों से बने कई तरह के सुंदर क्राफ्ट, सजावटी सामान, फर्नीचर और रचनात्मक उत्पाद प्रदर्शित किए गए, जो कि स्थिरता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का मैसेज दे रहे थे। प्रदर्शनी के दौरान बहुत से लोगो ने इसका अवलोकन किया और इस तरह की रचनात्मकता की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री असाटी ने चक्रीय अर्थव्यवस्था के हिसाब से अनुपयोगी सामानों के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में की गई इस पहल स्वागत किया तथा उपस्थित लोगों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक सहयोग देने की अपील की।

बिलग्राम में हज़रत मुस्लिम अ.स. की याद में मातमी जुलूस

हरदोई (अवधनामा संवाददाता) बिलग्राम कस्बे में हज़रत मुस्लिम अ.स. की शहादत के मौके पर शिया समुदाय की ओर से अकीदत और गम के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। यह जुलूस मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित मस्जिद से ताबूत के साथ शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अंजुमनों और अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। जुलूस का आयोजन बज़्म ए अज़ाए हुसैन (अंजुमन हैदरिया) की ओर से किया गया। मातमी जुलूस के दौरान हज़रत मुस्लिम अ.स. की शहादत को याद करते हुए सीना ज़नी और नौहाख्वानी की गई। 'या हुसैन' और 'या मुस्लिम' की सदाओं से पूरा माहौल गूंज उठा। शिया समुदाय के लोग गम में डूबे नजर आए और जगह-जगह लोगों ने जुलूस का इस्तकबाल किया। मातमी जुलूस सैय्यदवाड़ा से विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए बड़े इमामबाड़े पहुंचा, जहां मजलिस और मातम के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान अमन-ओ-अमान और गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल भी देखने को मिली। मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, अंजुमनों के जिम्मेदार और बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

युवती ने रिवाल्वर के साथ वीडियो किया वायरल, पुलिस ने दी चेतावनी

भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता) कस्बे की एक युवती द्वारा सोशल मीडिया पर लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ वीडियो अपलोड करने का मामला सामने आया है। वीडियो में युवती रिवाल्वर को किस करते हुए अंग्रेजी गाने पर लहराती नजर आ रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि युवती कस्बे के देवगांव मार्ग की निवासी है। मंगलवार देर रात उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में दबंगई का प्रदर्शन करते हुए युवती रिवाल्वर के साथ रील बनाती दिखाई दे रही है। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि युवती ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांग ली है। उसे भविष्य में इस प्रकार की हरकत दोबारा न करने की सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

पत्रकार एवं समाजसेवियों ने अंध विद्यालय में भोजन सामग्री भेंट की

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) भारतीय ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव एवं समाजसेवियों द्वारा अंध विद्यालय में अध्यनरत 20 छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षक को विद्यालय में जाकर भोजन सामग्री भेंट की। इस भोजन सामग्री में 20-20 किलो दाल जिसमें अरहर उर्द मूंग चना मसूर बोले राजमा के साथ-साथ पोहा करुआ तेल कपड़े धोने का साबुन नहाने का साबुन तथा वाशिंग पाउडर प्रमुख रूप से सम्मिलित है। इस भोजन सामग्री में सहयोग देने वालों में प्रमुख रूप से सुनील सिंह राजावत निवासी फतेहपुरा हाल निवास यूक्रेन स्वामी शरण श्रीवास्तव मुकेश कुमार जैन अरविंद पोरवाल सराफ विजय पोरवाल जनरल मर्चेंट आलोक कुमार गुप्ता जनरल मर्चेंट लखन तथा श्रीमती आशा श्रीवास्तव निवासी सिरसागंज प्रमुख रूप से सम्मिलित थे। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इन पत्रकार एवं समाजसेवियों द्वारा विगत कई वर्ष से इस अंध विद्यालय में बच्चों के लिए भोजन सामग्री एवं वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पत्रकार स्वामी शरण श्रीवास्तव ने जनपद के अन्य दान वीरों से भी विनम्र अनुरोध किया है कि वह भी इस पुण्य कार्य में भागीदारी करने का कष्ट करें। इस अवसर पर श्रीमती सीमा जैन एवं श्रेष्ठ जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

- भ्रामक आंकड़ों का किया खंडन

अवधनामा संवादाता

हमीरपुर। जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत एवं प्रभावी बनाए जाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। जनवरी 2026 से अब तक सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा के लिए आठ महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। मई माह में भी जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में तीन विशेष बैठकें कर दुर्घटना संभावित स्थलों और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिला प्रशासन ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को भ्रामक बताते हुए उनका खंडन किया है। प्रशासन के अनुसार पिछले तीन वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की वास्तविक संख्या 173 है, जबकि कुछ समाचार पत्रों में इसे 645 दर्शाया गया है। प्रशासन ने कहा कि प्रकाशित आंकड़े वास्तविक संख्या से तीन गुना अधिक हैं और समाचार प्रकाशन में तथ्यों की प्रमाणिकता बनाए रखने की अपेक्षा की है। प्रशासन के मुताबिक जनपद में संयुक्त प्रवर्तन टीमें लगातार जांच एवं कार्रवाई कर रही हैं। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-34 के फोरलेन ग्रीनफील्ड निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। राठ और मौदहा बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा सुरक्षित वाहन संचालन करने की अपील की है।

खनन पर्यवेक्षकों का तकनीकी प्रशिक्षण संपन्न

- सिंगरौली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
- खनन सुरक्षा और तकनीकी दक्षता पर विशेष जोर

अवधनामा संवादाता

सोनभद्र/सिंगरौली। सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने खनन पर्यवेक्षकों हेतु तीन दिवसीय तकनीकी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनसीएल के केंद्रीय उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान (सीईटीआई), सिंगरौली में 25 मई 2026 से 27 मई 2026 तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व मुख्य प्रबंधक (खनन), बीसीसीएल, सूरजीत मित्तर ने उपस्थित प्रतिभागियों को खनन पर्यवेक्षकों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, निरीक्षण की गुणवत्ता एवं वैधानिक रिपोर्ट लेखन, सेफ्टी टॉक के महत्व, टूल बॉक्स सेफ्टी टॉक तथा कार्यस्थल में सुधार हेतु क्वालिटी सर्किल तकनीक के उपयोग पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इसके साथ ही उन्होंने खान अधिनियम, सीएमआर-2017 एवं खनन नियम से संबंधित वैधानिक प्रावधानों एवं नवीनतम संशोधनों, संचार कौशल, प्रेरणा एवं निर्णय क्षमता विकसित करने, 'टेक-5 फॉर सेफ्टी', पीईईपीओ आधारित परीक्षण एवं निरीक्षण, सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान (एसएमपी), कोड ऑफ प्रैक्टिस, सुरक्षित संचालन प्रक्रियाएं एवं स्टैंडिंग ऑर्डर्स, सुरक्षा प्रबंधन में श्रमिकों की सहभागिता, वर्कमेन इंस्पेक्टर की भूमिका एवं दायित्व, व्यावसायिक स्वास्थ्य जोखिम, वैधानिक प्रावधान एवं मेडिकल सर्विलांस जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 34 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय-समय पर कर्मियों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने, तकनीकी दक्षता विकसित करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।

दो डंपरों की भिड़ंत के बाद लगी आग, सहचालक जिंदा जला

मौदहा। बिवांर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के दो डंपरों की भिड़ंत के बाद लगी भीषण आग में एक सहचालक की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बांधुर रोड पर बिवांर से करीब दो किलोमीटर दूर हुआ। बताया गया कि जलालपुर थाना क्षेत्र के भेड़ी गांव से मोरम लादकर जा रहे दो डंपरों में से एक रास्ते में खराब होकर सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों वाहनों में आग लग गई। पीछे से टकराने वाला डंपर आग का गोला बन गया और उसमें फंसे सहचालक को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। उसकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई। चालक नईम निवासी जहागीराबाद, घाटमपुर कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

हैंडपंप पर सिर पटक खुद को किया घायल

मौदहा। नगर के डिग्री कॉलेज रोड स्थित मलिकुआं चौराहे पर घरेलू विवाद के दौरान एक युवक ने जमकर हंगामा किया। पुलिस के पहुंचने पर युवक ने अभद्रता करते हुए हैंडपंप पर सिर पटककर खुद को लहूलुहान कर लिया और पीआरवी वाहन व एंबुलेंस के शीशे भी तोड़ डाले। जानकारी के अनुसार आए दिन मारपीट से परेशान परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची डायल-112 टीम को युवक ने गालीगलौज करते हुए हाथ में पत्थर लेकर दौड़ा लिया। इसी दौरान उसने हैंडपंप पर कई बार सिर मार लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद युवक ने ईंट-पत्थर फेंककर पीआरवी वाहन और पास खड़ी एंबुलेंस के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए। घायल अवस्था में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी मौदहा ने बताया कि आरोपी अर्जुन पुत्र खेमचंद्र कोरी के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

एनसीएल के आरोहण समर कैंप में बच्चों का उत्साह और प्रतिभा दोनों परवान पर

- नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में 180 बच्चे मस्ती के साथ सीख रहे हुनर की एबीसीडी

अवधनामा संवादाता

सोनभद्र/सिंगरौली। नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी) में चल रहे 'आरोहण समर कैंप-2026' में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और म्यूजिकल डांस में लगभग 180 नौनिहालों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है।

21 मई से 10 जून तक चल रहे इस कैंप का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। टेबल टेनिस प्रशिक्षण सुबह 05:30 बजे से प्रारंभ होता है और बच्चों को कोच अनिल श्रीवास्तव व दिनेश कुमार वर्मा द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। दोनों कोच कोल इंडिया की अंतर-कंपनी टीमों के खिलाड़ी रहे हैं और नियमित अभ्यास के माध्यम से खिलाड़ियों को तकनीकी सुधार व प्रदर्शन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। बैडमिंटन प्रशिक्षण नरेश पाल, पवन श्रीवास्तव व सैफ अली संचालित कर रहे हैं, जबकि डांस के लिए अनीता जगत, अलीशा तिर्के, गीता ध्रुवे व आदित्य तिवारी कोचिंग दे रहे हैं। आयोजक बताते हैं कि समर कैंप केवल खेल सिखाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास, गति, ताकत और सहनशक्ति बढ़ाने का माध्यम भी है। कैंप के दौरान बच्चों में उत्साह बना हुआ है और अभिभावक इस पहल की सराहना कर रहे हैं। हर दिन अभ्यास के बाद बच्चों को पोषण-सम्पन्न स्नैक, जूस और पानी प्रदान किया जा रहा है। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 'आरोहण' समर कैंप बच्चों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया जाता रहा है।

राजू गुप्ता का जन्मदिवस सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बुधवार को समाजसेवी राजू गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर उनके साथियों ने शहर में सेवा संकल्प दिवस के रूप में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर आदि भेंट कर मनाया। श्री गुप्ता के साथियों का कहना है कि इस छोटे से सेवा कार्य का उद्देश्य उन लोगों के जीवन को थोड़ा आसान बनाना है, जिन्हें सहारे और सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान और आत्मविश्वास देखना ही इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी प्रेरणा रही। राजू गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान और सहयोग हमारी जिम्मेदारी है। आइए, हम सभी मिलकर सेवा, संवेदना और मानवता का संदेश आगे बढ़ाएँ। इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वाले सभी साथियों एवं सहयोगियों का उन्होंने हृदय से आभार व्यक्त किया।

पार मंडल ने विभिन्न आंदोलनों में शहीद हुए व्यापारियों को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में 26 मई को व्यापारी शहीद दिवस पर बाबा मॉल शास्त्री चौराहा स्थित कार्यालय पर बलिदान शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने व्यापार मंडल के अब तक हुए आंदोलन में पुलिस की लाठी एवं गोली से शहीद हुए व्यापारियों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि 24 दिसंबर 1973 को श्रद्धेय विशंभर दयाल श्रद्धेय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा ने व्यापारियों के उत्पीड़न एवं शोषण से मुक्त करने व व्यापारियों के सम्मान स्वाभिमान को सुरक्षित रखने के लिए बनारस के मां गंगा के पावन तट पर व्यापार मंडल का गठन किया था। सेल टैक्स विभाग की मनमानी के विरोध में अक्टूबर 1979 में लखनऊ के व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल जी पुलिस की गोली से शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल के विभिन्न आंदोलनों में 2003 तक 14 व्यापारी शहीद हुए लेकिन व्यापारियों ने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संबद्ध भारतीय उद्योग व्यापार मंडल देश का व्यापारियों का सबसे बड़ा संगठन है। शहीद दिवस के अवसर पर शहर के प्रमुख व्यापारियों को संगठन द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया जिसमें सर्वश्री कृष्ण कुमार वर्मा, राजीव अग्रवाल, अरविंद पोरवाल, कपिल गुप्ता सुबोध जैन, गुड्डी बाजपेई आदि शामिल रहे। इस अवसर पर कृष्ण मुरारी गुप्ता जिला अध्यक्ष सदाशिव श्रीवास्तव महामंत्री राजेश गुप्ता जयप्रकाश जैन संतोष सोनी उमेश गुप्ता उपाध्यक्ष विनीत मित्तल कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता मीडिया प्रभारी आनंद पोरवाल युवा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद दुबे जिला अध्यक्ष युवा रिंकू यादव मंडल अध्यक्ष युवा राजीव वर्मा युवा महामंत्री सुशील यादव और तेजपाल राजपूत जिला संगठन मंत्री हरिओम गुप्ता हैप्पी जैन अब्दुल रहीम गोविंद तिवारी दीपू जैन तरुण सिंह संजीव गुप्ता लक्ष्मी नारायण आदि व्यापारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

पालीटेक्निक छात्र ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

मौदहा। बिवांर थाना क्षेत्र के उमरी गांव में एक पालीटेक्निक छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते घर के पीछे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उमरी गांव निवासी रोहित सिंह उर्फ बच्चा (24) पुत्र रमेश सिंह मंगलवार रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद सोने चला गया था। बुधवार तड़के करीब तीन बजे वह कमरे से बाहर निकला और घर के पीछे लगे अमरूद के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन जब जानवरों को चारा-पानी देने पहुंचे तो युवक का शव फंदे पर लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। एसआई विकास यादव ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और दो माह पहले ही पालीटेक्निक की पढ़ाई पूरी कर घर लौटा था। युवक ने आत्महत्या से पहले अपना मोबाइल फोन रिसेट कर सिम कार्ड निकालकर फेंक दिया था। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बकरीद को लेकर बिलग्राम में प्रशासन अलर्ट

- एडिशनल एसपी ने किया पैदल गश्त
- बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों का लिया जायजा

बिलग्राम। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक कस्बे बिलग्राम में आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय दिखाई दे रहा है। त्योहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को हरदोई के एडिशनल एसपी सुबोध गौतम ने बिलग्राम कोतवाल विजय कुमार के साथ नगर के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल भ्रमण कर लोगों से संवाद स्थापित किया। पुलिस अधिकारियों का यह भ्रमण केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आमजन के बीच भरोसा कायम करने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का प्रयास भी साफ दिखाई दिया। नगर के मुख्य चौराहों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और धर्मगुरुओं से बातचीत कर त्योहार को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। एडिशनल एसपी सुबोध गौतम ने कहा कि बिलग्राम की पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे से है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, प्रेम और इंसानियत का पर्व है, जिसे सभी लोगों को आपसी सद्भाव के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों को साझा न करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं बिलग्राम कोतवाल विजय कुमार ने भी नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन का उद्देश्य त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराना है। उन्होंने कहा कि नगर में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात दिखाई दिया। प्रमुख बाजारों और चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों की सक्रियता और संवादात्मक रवैये से स्थानीय लोगों में विश्वास और सुरक्षा का माहौल देखने को मिला।

भाजपा सरकार पिछड़ों और किसानों की विरोधी

भरुआ सुमेरपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मेघनाद खंगार का कस्बे में खंगार क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने खंगार समाज से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से दूर करने का आह्वान किया। कस्बे में मुन्ना सिंह खंगार के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मेघनाद खंगार ने कहा कि खंगार समाज पीडीए का हिस्सा है और भाजपा सरकार पिछड़ों, गरीबों तथा किसानों की विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पीडीए के आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में खंगार समाज को एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर मुन्ना सिंह खंगार, सपा मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष लालता सिंह खंगार, दलजीत सिंह खंगार, जगमोहन यादव, अमर सिंह खंगार, विवेक सिंह खंगार, दीपक सिंह खंगार, कन्हैया सिंह खंगार व सलीम खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

नौसेना संग्रहालय आने वाली पीढ़ियों के लिए बनेगा प्रेरणा स्रोत: जयवीर

- 30 मई को होगा नौसेना शौर्य संग्रहालय का लोकार्पण
- पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने तैयारियों का लिया जायजा
- नौसेना शौर्य वाटिका बनेगी लखनऊ की नई पहचान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज देर शाम सीजीसीटी लखनऊ में निर्माणाधीन नौसेना शौर्य संग्राहालय (नौसेना शौर्य वाटिका) के लोकार्पण के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस संग्रहालय को 30 मई, 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में लोकार्पण किया जायेगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि संग्रहालय का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जानकारी प्राप्त की।

पर्यटन मंत्री ने नौसेना शौर्य संग्रहालय स्थल जाकर विधिवत स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा नौसेना शौर्य वाटिका एक पार्क नहीं है बल्कि यह हमारी सेना के बहादुर सेनानियों को श्रद्धान्जलि देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह राजधानी वासियों के लिए राज्य सरकार का एक तोहफा है। आगन्तुक इस संग्रहालय को देखकर नौसेना के कर्तव्य एवं पराक्रम पर गर्व करेंगे। गोमती पोत लखनऊ की पहचान बनेगा साथ ही एक पर्यटन केन्द्र के रूप में दर्शकों को आकर्षित करेगा। उन्होंने संग्रहालय के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि इस नौसेना शौर्य वाटिका का निर्माण भारतीय नौसेना और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। यह पार्क हमारे समुद्र की रक्षा करने वाली नौसेना की वीरता, शक्ति, पराक्रम और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। भारतीय नौसेना पोत गोमती 28 मई, 2022 को राष्ट्र की 34 वर्षों के गौरवशाली सेवा के बाद रिटायर हो गई थी। पार्क में घूमते हुए दर्शकों को वास्तविक नौसैनिक यन्त्र दिखाई देंगे, जिसमें से कुछ भारतीय नौसेना पोत गोमती से संबंधित हैं। यहां दर्शायी गई हर वस्तु समुद्र में जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलू को दर्शाती है।

इस परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2366.92 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। पूर्व स्वीकृति परियोजना 2366.92 लाख रु0 के अंतर्गत प्रथम खण्ड में ओपेन म्यूजियम हेतु 939.76 लाख रु0 एवं द्वितीय खण्ड में इण्टरप्रिटेशन सेन्टर हेतु 1427.16 लाख रु0 की धनराशि सम्मिलित थी। नवीन ड्राइंग/डिजाइन एवं प्रथम फेज के कार्यों को सम्मिलित करते हुए 2366.92 लाख रुपये की धनराशि का संसोधित आगणन कराया गया जिस पर पीएफएडी द्वारा 2317.95 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में ओपन एयर म्यूजियम में टीयू-142 विमान की स्थापना एवं क्यूरेशन कार्य के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि का प्राविधान किया गया है।

यूनिसेफ प्रमुख ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

- बच्चों और महिलाओं के मुद्दों पर हुई अहम चर्चा
- यूपी में 8.5 करोड़ बच्चों के विकास पर फोकस
- विकसित उत्तर प्रदेश में युवाओं की भूमिका अहम

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रमुख डॉ. ज़कारी एडम ने कल उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष सतीश महाना से उनके विधानसभा कक्ष में मुलाकात की और राज्य में बच्चों, युवाओं और महिलाओं से जुड़ी प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

डॉ. एडम ने बच्चों के अधिकारों के संरक्षण और उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने में राज्य विधानसभाओं, विधायी समितियों और विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश में लागभग 8.5 करोड़ बच्चे निवास करते हैं, जो राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 43 प्रतिशत हैं–जो दुनिया के कई देशों की जनसंख्या से अधिक है। प्रत्येक विधायी क्षेत्र में 50 प्रतिशत से अधिक आबादी बच्चे और युवा हैं, जिनका समग्र विकास 'विकसित उत्तर प्रदेश' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विधान सभा अध्यक्ष ने राज्य के प्रमुख विभागों के साथ मिलकर बच्चों और महिलाओं के मुद्दों पर यूनिसेफ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विधायकों के साथ सक्रिय सहभागिता पर जोर देते हुए बच्चों से संबंधित सूचकांकों, सतत विकास लक्ष्यों (स्डतह्य) में राज्य की प्रगति, विभिन्न राज्यों और देशों के श्रेष्ठ अभ्यासों, तथा स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षा और संरक्षण के क्षेत्रों में मौजूद चुनौतियों और अंतरालों की समझ को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

चर्चा में उत्तर प्रदेश के चाइल्ड बजट स्टेटमेंट पर विशेष ध्यान दिया गया और इस बात पर विचार किया गया कि किस प्रकार विधायी समितियाँ और विधायक यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए लक्षित योजनाओं का लाभ सबसे वंचित और अंतिम पंक्ति तक पहुंचे। बच्चों और मातृ मृत्यु दर तथा पोषण की स्थिति पर भी चर्चा की गई, ताकि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति को तीव्र किया जा सके।

करबला शाह नसीरूद्दीन हैदर डालीगंज में सफीरे हुसैन का ग़म मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हज़रत इमाम हुसैन (अस) के सफ़ीर (शांति दूत) हज़रत मुस्लिम अ0स0 की दर्दनाक शहादत की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंजुमने जायरीन-ए-कर्बला शाह नसीरुद्दीन हैदर की ओर से कर्बला शाह नसीरुद्दीन हैदर डालीगंज में 'सफ़ीर-ए-हुसैन हज़रत मुस्लिम (अस)' का ग़म मनाया गया। कार्यक्रम के मुताबिक सर्वप्रथम क़ारी फ़ुरक़ान अली ने तिलावत-ए-कलामे-पाक से कार्यक्रम का आग़ाज़ किया, जिसके बाद सैय्यद हसन रज़ा ने सोज़ो-सलाम पेश किया तथा बारगाहे इमाम में शायरों ने मंज़ूम नज़रानए अक़ीदत पेश किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस इक़बाल मिर्ज़ा ने किया। शायरों के बाद मजलिस को मौलाना डॉ0 सैय्यद अनवर हुसैन रिज़वी (पूर्व प्राचार्य यूनिटी डिग्री कॉलेज) ने सम्बोधित करते हुए कहा कि 'पैग़म्बर साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन (अस) ने देखा कि यज़ीद इस्लाम को मिटाने के लिए हिंसा, अहंकार, अन्याय, अय्याशी तथा अरबों में पैग़म्बरे इस्लाम से पूर्व फैली बुराइयों को अपना रहा था, तो हज़रत इमाम हुसैन (अस) ने अपने 71 साथियों सहित कुर्बानी देकर केवल इस्लाम ही नहीं बल्कि आलमे-इंसानियत (विश्व मानवता) को भी बचा लिया। कूफ़े वालों ने यज़ीद के आतंक से तंग आकर हज़रत इमाम हुसैन (अस) को कूफ़े बुलाया, जहां इंसानियत का पैग़ाम लेकर पहुंचे हज़रत इमाम हुसैन (अस) के शांति दूत हज़रत मुस्लिम (अस) को यज़ीद के गवर्नर इब्ने ज़ियाद ने बेदर्दी से शहीद (हत्या) कर दिया। बाद मजलिस मातमी अंजुमनों के हमराह शबीहे-ताबूत जनाबे मुस्लिम का कर्बला परिसर में गश्त हुआ।

सी.एम.एस. अलीगंज कैम्पस नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड' से सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस को शैक्षिक क्षेत्र में नवीनता व उत्कृष्टता के अभिनव प्रयोग हेतु 'नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस को यह सम्मान साहित्यिक पल्बिकेशन्स ब्रिबुक्स के तत्वावधान में आयोजित नेशनल यंग ऑथर्स फेयर (एनवाईएएफ) के दौरान प्रदान किया गया। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या शिवानी सिंह की ओर से विद्यालय की प्राइमरी इंचार्ज दीपाली सिंह ने 'नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड' ग्रहण किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार हेतु देश भर से 10 विद्यालयों को चयनित किया गया, जिसमें सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस भी शामिल है। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस को यह सम्मान भावी पीढ़ी की साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा देने, रचनात्मक सोच व सृजनात्मक क्षमता के विकास हेतु उपयुक्त वातावरण व मार्गदर्शन प्रदान करने एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया गया है।

समाज कल्याण स्थायी समिति की बैठक

- विभागीय मंत्री ने दिए योजनाओं में सुधार और सरलीकरण के निर्देश
- विभागीय योजनाओं एवं डॉ. आम्बेडकर मूर्ति स्थल विकास योजना की प्रगति की हुई विस्तृत समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। समाज के वंचित, शोषित एवं जरूरतमंद वर्गों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण एवं समाज कल्याण स्थायी समिति की समीक्षा बैठक हुई।

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय योजनाओं और डॉ. आम्बेडकर मूर्ति स्थल विकास योजना की प्रगति की समीक्षा करना, जनप्रतिनिधियों से जमीनी फीडबैक लेना और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कमियों को दूर करना रहा।

बैठक के दौरान विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं को अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव और मांगें रखीं पेंशन व पारिवारिक लाभः वृद्धावस्था पेंशन एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लंबित आवेदनों का तुरंत और व्यावहारिक निस्तारण किया जाए।

छात्रवृत्ति व छात्रावासः छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित आय सीमा को बढ़ाने और विभागीय छात्रावासों में बिजली व अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की मांग की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सरकार हर पात्र व्यक्ति तक बिना किसी बाधा के योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधियों से मिले सुझावों के आधार पर नीतियों को और अधिक व्यावहारिक व सुलभ बनाया जाएगा।

मोदी सरकार के 12 वर्ष स्वर्णिम काल : केशव मौर्य

- 12 वर्षों में बदला भारत का विकास मॉडल
- सेवा और सुशासन को मिली नई पहचान
- अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा विकास: मौर्य

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण हुए 12 वर्ष भारत के नवोदय, आत्मविश्वास और जनआकांक्षाओं की सिद्धि के स्वर्णिम वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली थी, उस समय देश नीतिगत अस्थिरता, और निराशा के दौर से गुजर रहा था, लेकिन बीते 12 वर्षों में भारत ने सुशासन, जनभागीदारी और मजबूत नेतृत्व के बल पर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'अंतिम पंक्ति' में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरणें पहुंचाने के संकल्प को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा तथा वंचित वर्ग के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों नागरिकों के जीवन में सुविधा, सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का नया अध्याय जोड़ा है।

पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस की गोष्ठी

- अजय राय ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना
- नेहरू को बताया दूरदर्शी और विश्व नेता
- संस्थान बनाने की बजाय नाम बदल रही सरकार: अजय राय
- जनता के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा : अजय राय

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पंडित नेहरू युगदृष्टा थे। विश्व पटल पर भारत को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने जो कदम उठाए उसे कोई दूर-दूर तक छू नहीं सकता। वह विश्व में सर्वमान्य नेता के तौर पर जाने जाते थे।

आज देश के प्रधानमंत्री हर महत्वपूर्ण संस्थानों को सिर्फ बेचने का काम कर रहे हैं। इन्होंने एक भी संस्थान स्थापित नहीं किया लेकिन एक काम जरूर कर रहे हैं नाम बदल रहे हैं। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित गोष्ठी में कही।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में विचार विभाग की ओर से चेयरमैन एच.एल. दुसाध के संयोजन और सुरेन्द्र यादव के संचालन में कल आज और कल विषय पर आयोजित गोष्ठी का आरम्भ पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल स्टेडियम का नाम खुद अपने नाम पर कर लिया। जनता की भावनाओं को छल सरदार पटेल की प्रतिमा के निर्माण के लिए किसानों से हल का लोहा मांगा और चीन से प्रतिमा मंगवा कर स्थापित कर दी। किसानों के साथ इससे बड़ा छलावा और क्या होगा। उन्होंने कहा कि महोबा में दलित छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और अत्याचार की घटना पर पीड़ित परिजनों से मिलने जाने पर सरकार के इशारे पर एआई के जरिए उनके शब्दों को एडिट कर प्रचारित किया और उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया। लेकिन हम जनता की आवाज उठाते रहेंगे और पंडित नेहरू के बताए रास्ते पर चल इस जनविरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगे। श्री राय ने कांग्रेसियों से कहा कि डरना नहीं है, सड़क पर उतर कर जनता के हितों के लिए संघर्ष करना है। लविवि में राजनीति विभाग के प्रोफेसर रहे प्रो. रमेश दीक्षित ने कहा कि पंडित नेहरू का व्यक्तित्व और कृतित्व इतना महान था कि देश के दुश्मन देश की मीडिया भी बखान करती थी। पंडित नेहरू की सोच सर्वधर्म समभाव की रही और यही वजह है कि हमारे देश के संविधान में बाबा साहब अम्बेडकर और पंडित नेहरू की साम्यवादी सोच साफ दिखती है। मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि पंडित नेहरू ने आजादी के बाद एक नये समृद्ध और समुन्नत भारत का निर्माण किया। अलीगढ़ मुस्लिम विवि के राजनीति विभाग के प्रो. मोहम्मद मोहिबुल हक ने कहा कि आज जब देश में धर्मनिरपेक्षता और सर्वधर्म समभाव की भावना की बहुत जरूरत है ऐसे में पंडित नेहरू के विचार बहुत प्रासंगिक हो गये हैं। गोष्ठी को बद्री विशाल तिवारी, सिद्धार्थ आनन्द, विचार विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. नीता मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी सम्बोधित करते हुए पंडित नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर रोशनी डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

ईद-उल-अजहा पर रोडवेज की विशेष तैयारी

अवधनामा ब्यूरो

- यात्रियों की सुविधा के लिए मंत्री के निर्देश
- सभी बसों का होगा फिटनेस परीक्षण
- खराब बसों की मरम्मत प्राथमिकता पर

लखनऊ। आगामी पावन पर्व ईद-उल-अजहा के अवसर पर यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने समस्त अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि सभी वाहनों का मानकों के अनुरूप भौतिक एवं यांत्रिक परीक्षण तत्काल कराया जाये तथा परीक्षण में पायी गयी कमियों का निराकरण एवं आवश्यक मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। मरम्मत कार्य उपरान्त फिटनेस की स्थिति में वाहनों की आउट शेडिंग सुनिश्चित करते हुए उनका संचालन कराया जाये। साथ ही सभी बसों को ऑन-रोड स्थिति में रखते हुए शत-प्रतिशत संचालन हेतु सदैव तैयार रखने के निर्देश उन्होंने दिये हैं। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत बस अड्डों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई तथा शौचालयों के समीप चूने के छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बसों को मार्ग पर भेजने से पूर्व उनका निरीक्षण एवं फिटनेस परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाये कि बसों के शीशे टूटे हुए न हों तथा सीटें फटी हुई न हों। सभी बसों का संचालन साफ-सुथरी एवं सुरक्षित स्थिति में कराया जाये। परिवहन मंत्री ने कहा है कि निगम प्रशासन द्वारा समस्त चालक, परिचालक एवं बस स्टेशनों पर तैनात कर्मचारी यात्रियों के साथ मृदुल एवं शिष्ट व्यवहार करें।

हजरत मुस्लिम के ताबूत को देख हर आंखें हुई अश्कबार

- रईस मंजिल में करायी जियारत
- महिलाओं ने किया घरों में मातम, निकाले गये ताबूत

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। पैगम्बर इस्लाम हजरत मोहम्मद (स.अ.) के नवासे हजरत इमाम हसैन अलैहिस्सलाम के दूत (सफीर) हजरत मस्लिम बिन अकील (अ.स) की दर्दनाक शहादत की याद में बुधवार को शिया गम में डूबे रहे। अजादारों ने काले लिबास पहने और मजलिसों में शिरकत करके हजरत मस्लिम बिन अकील (अ.स.) की शहादत पर गम मनाया। इस मौके पर शहर के विभिन्न इमामबाड़ों और कर्बलाओं में मजलिसें हुई व ताबूत की जियारत करायी गयी। जहां पुरूषों व बच्चों ने शहर के इमामबाड़ों में मजलिस में शिरकत वहीं महिलाओं ने घरों में मातम-मजलिस करके हजरत मुस्लिम की शहादत का गम मनाया। इस मौके पर मुख्य मजलिस रौजा-ए-हजरत मुस्लिम रईस मंजिल हुसैनाबाद हुई। मजलिस को मौलाना खुमेनी रिजवी ने खिताब करते हुए कहा कि जब कूफे वालों ने इमाम हुसैन (अ.स.) को खत भेज कर बुलवाया तो इमाम ने हजरत मुस्लिम (अ.स.) को अपना सफीर बनाकर कूफे में भेजा था, जहां उन्हें शहीद कर दिया गया। इमाम हुसैन (अ.स.) को रास्ते में हजरत मुस्लिम की शहादत की खबर मिली उसके बाद भी इमाम अपने साथियों के साथ इस्लाम को बचाने कर्बला पहुंचे और 72 लोगों की कुर्बानी देकर दीने इस्लाम को महफूज किया। मौलाना ने जब हजरत मुस्लिम की दर्दनाक शहादत को बयान किया तो अकीदतमंदों की आंखे अश्कबार हो गई। इसी रौजे में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा डा. नसीम सुबूही ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत,अलम और जुलजनाह की जियारत करायी गयी। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन गुंचाए मेहदिया ने किया था। इमामबाड़ा मौलाना अब्बास इरशाद कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना तनवीर अब्बास नजफी ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत मुस्लिम पर हुए जुल्म ओ सितम और उनकी दर्दनाक शहादत को बयान किया। रौजा-ए-बैतुल हुज्न रुस्तम नगर में मजलिस को मौलाना अख्तर नकवी ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत उठाया गया जो रौजा-ए-फातमैन ले गया। कारी नदीम नजफी ने दुआए अरफा की तिलावत की। कर्बला तालकटोरा में भी अंजुमन जफरूल इमान की ओर से आयोजित मजलिस को मौलाना एजाज अतहर ने खिताब किया। अलविदायी मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास ने खिताब किया।

खेती को बनाना है टिकाऊ और लाभकारी : सूर्य प्रताप शाही

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि, गौसंवर्धन एवं किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को विधान भवन, लखनऊ स्थित समिति कक्ष-8 में गोबर खाद के प्रयोग, सी0बी0जी0 (कंप्रेस्ड बायोगैस) प्लांटों के संचालन तथा एफ0ओ0एम0 (फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर) उत्पादन की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की बेहतर रणनीति के लिए एक संयुक्त विभागीय बैठक की।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खेती को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि उसे टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल एवं आर्थिक रूप से लाभकारी बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती और जैविक उत्पादों के माध्यम से मिट्टी की सेहत सुधारना समय की आवश्यकता है और प्रदेश सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है।

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर मंत्री ए.के. शर्मा की समीक्षा बैठक

- लखनऊ को नंबर-1 बनाने पर जोर
- स्वच्छता रैंकिंग में कमियों की होगी समीक्षा
- स्कूलों में कायाकल्प कार्य तेज करने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के दृष्टिगत नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने आज संगम सभागार, लखनऊ में समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री शर्मा ने कहा कि यह समीक्षा की जाए कि किन प्रयासों और कार्यों के कारण लखनऊ स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरे स्थान तक पहुंचा तथा किन कमियों के कारण शहर प्रथम स्थान प्राप्त नहीं कर सका।

मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में कायाकल्प कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए तथा शिकायत निस्तारण प्रणाली में सिटिजन फीडबैक बेहतर बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सीवेज समस्याओं के त्वरित समाधान तथा अस्पतालों एवं बड़े होटलों के बाहर जमा होने वाले कूड़े को तत्काल हटवाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में मोहल्ला सभाओं एवं समितियों के माध्यम से स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्ड में कूड़े के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए तथा नगर निगम अधिकारी नियमित रूप से निगरानी सुनिश्चित करें।

मंत्री शर्मा ने कमर्शियल क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि व्यापारियों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि सभी मिलकर प्रयास करें तो लखनऊ को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में प्रथम स्थान दिलाया जा सकता है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त एवं पार्षदगण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।